तापमान अधिकतम : 40°C न्यूनतम : 23°C
सेंसेक्स निफ्टी 78,553.20 23,851.65
सोना चांदी 97,746 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### पाकिस्तान को पीओके खाली करना पड़ेगा: भारत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, स्थिति यथावत रहेगी

## कहा: मौजूदा वक्फ कानून में पांच मई तक कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कहा कि मौजूदा वक्फ में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होने चाहिए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई पांच मई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने निवेदन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करेगी और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली तारीख तक उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ का स्वरूप नहीं बदलेगा, हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए। अदालत ने श्री मेहता का बयान दर्ज किया और जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ताओं को पांच दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। पीठ -**शेष पृष्ठ दो पर**



- केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार होगा

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत है, हमें उम्मीद है की अदालत के फैसले का रुख सही होगा। श्री मदनी ने कहा कि आज नहीं तो एक हफ्ते बाद ही सही। सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे है और आगे की सुनवाई में भी यही रुख बने रहने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं: इमरान



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अंतरिम राहत के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं। कोर्ट ने लगभग वे सभी मुद्दे उठाए, जो हमने संसद में उठाए थे। आज के फैसले से पता चलता है कि यह कानून संविधान के खिलाफ बनाया गया है। यह संविधान की जीत है, किसी पक्ष की नहीं। आने वाले दिनों में कोर्ट और राहत देगा।

### वक्फ बोर्ड वैसे ही बना रहेगा: खान



**नई दिल्ली।** 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट, जजों और अधिवक्ताओं का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर देश की रक्षा करने में हमारी मदद की। हम फैसले से संतुष्ट हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि वक्फ-बाय-यूजर के तहत संपत्तियां वक्फ के पास ही रहेंगी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों से भी हस्तक्षेप नहीं होगा। केंद्र सरकार सात दिन में जवाब देगी, डीएम कोर्ट से ऊपर कैसे हो सकता है।

### रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की लगातार तीसरे दिन तीन घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा धन शोधन निवारक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ का सामना करने के लिए गुरुवार को यहां लगातार तीसरे दिन ईडी के अधिकारियों के समक्ष हाजिर हुए। उन्होंने तीन घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद ईडी के कार्यालय से निकलने पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ईडी उनसे पुराने सवाल ही पूछे जा रही है और उन्हें बार-बार वही जवाब देना पड़ रहा है। श्री वाड्रा के विरुद्ध यह मामला 2008 में हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े कथित घोटाले से जुड़ा है। ईडी इस मामले में कथित तौर पर अपराध की काली कमाई को वैध करने के पहलू की जांच कर रही है।

# राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता

## धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर किया सवाल



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर सवाल करते हुए गुरुवार को कहा कि कोई शक्ति किसी भी आधार पर उप राष्ट्रपति निवास पर राज्यसभा के छठे बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं बनाई जा सकती कि कोई राष्ट्रपति को निर्देश दे सके। न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है। उन्होंने कहा कि परामर्श सहमति नहीं है, परामर्श केवल परामर्श है। उप राष्ट्रपति का यह वक्तव्य उच्चतम न्यायालय के हाल के उस निर्णय के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे विधेयकों पर अधिकतम तीन महीने के भीतर फैसला करना होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल लेते हैं। हर कोई, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने के लिए और संविधान का संरक्षण करने के लिए, वह भारत के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर की शपथ है।

> न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है, परामर्श सहमति नहीं है, केवल परामर्श है

### अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि श्री गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड के ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे, जहां वह शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। रोड आइलैंड का दौरा करने से पहले वह एनआरआई समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मिलेंगे।

# पश्चिम बंगाल के शिक्षकों को सुप्रीम राहत

- बेदाग शिक्षक ही नई भर्ती तक पढ़ा सकेंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नए विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसम्बर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक राज्य में संबंधित पदों पर नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि यह राहत सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी, जिनकी नियुक्ति में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। शीर्ष अदालत ने गत तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के उन पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी।


S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition
B.Sc. Home Science
B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116





# वक्फ मुस्लिम समाज के लिए बेहतर: मंत्री दानिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि वक्फ बिल का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें न्यायालय के मसले पर बोलना फिलहाल ठीक नहीं है। अंसारी ने कहा कि हमारी सरकार वह वक्फ संशोधन अधिनियम मुस्लिम समाज के बेहतरी के लिए लेकर आई है, क्योंकि वक्फ क्या है यह समझने की जरूरत है। क्या ऐसा संशोधन इस अधिनियम में पहली बार हो रहा है, तो यह गलत है। इसके पहले 1954 में 1995 में 2013 में ऐसे संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम महिलाओं संबंध या जो पासमांदा मुस्लिम हैं, उनकी बेहतरी होगीं अंसारी ने कहा कि इसके आने से हमें पूरा विश्वास है कि मुस्लिम समाज की जो मूलभूत आधार संरचना है, उसे और अधिक मजबूती मिलेगी,



जिससे वक्फ की संपत्तियों का मिसयूज नहीं होगा। यह बहुत ही सकारात्मक है और हमें विश्वास है कि भारत के जो नवनिर्माण कि हमने परिकल्पना की है वह बहुत ही सार्थक सिद्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून को एक हफ्ते तक डीनोटिफाई करने की रोक पर उन्होंने कहा कि मामला विचाराधीन है , हम उस पर कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन केंद्र सरकार ने 6 महीने का विंडो पीरियड दिया है, जिसमें एक वेबसाइट जारी होगी, जिसमें वक्फ की संपत्तियां लिस्ट करना है। अभी इसकी लंबी प्रक्रिया है। मंत्री ने कहा कि न्यायालय सभी बिंदुओं को गंभीरता से ले रहा है और

## वक्फ बिल पर हमारी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी: ओवैसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हम इस एक्ट को असंवैधानिक मानते हैं। हमारी कानूनी लड़ाग्न जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल वक्फ काउंसिल और स्टेट वक्फ काउंसिल का गठन नहीं किया जाएगा और 'वक्फ बाय यूजर' को हटाया नहीं जा सकता। ओवैसी की ओर से भी कोर्ट में याचिका दायर कर एक्ट की वैधता को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ एक्ट की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जेपीसी की चर्चा के दौरान मैंने सरकार की ओर से प्रस्तावित सभी संशोधनों का विरोध करते हुए एक रिपोर्ट दी थी। संसद में बिल पर बहस के दौरान मैंने बिल को असंवैधानिक बताया था। यह आर्टिकल 14, 15, 25 और 26 का उल्लंघन है।

हमारी मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को मानने वाली सरकार है। संविधान का सम्मान करने वाली सरकार है और निश्चित तौर पर लो. कतंत्र की रोशनी में हम जो भी मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए होगा, वह करेंगे। वक्फ की संपत्ति से आम मुसलमान का भला होना चाहिए और इसी भावना के साथ हम पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे है।

# यूपी के 20 जिलों में तीन दिन बारिश की चेतावनी

**लखनऊ।** यूपी के 20 जिलों में अगले तीन दिन बारिश और आंधी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर , संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर में आंधी बारिश की संभावना है। महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा में बारिश की संभावना है। दिन और रात के तापमान में भी बदलाव होगा। हालांकि अभी तक रात के तापमान में कुछ खास बदलाव नहीं देखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के करीब 20 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। जिनमें से कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है, तो कई जिलों में तेज आंधी चलने की बात कही गई है। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग की माने को इन जिलों के लोगों को बारिश और आंधी चलने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुता. बिक, अभी तक राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान रात्रि के तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। वहीं 16 अप्रैल तक राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, बरेली, आगरा और मेरठ मंडलों में सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

**आंधी चलने की भी आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

# सपा के बहकावे में नहीं आएं दलित: मायावती

लखनऊ, वार्ता



**राणा** सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी नेता रामजीलाल सुमन के विवादित बयान को लेकर गरमाई सियासत के बीच बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने दलितों को आगाह किया है कि वह सपा के बहकावे में न आएं और दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के संतो महापुरुषों के संघर्ष के बारे में बात करें।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए कहा कि अन्य पार्टियों की तरह आएदिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले आ रहे इनके अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है, क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अत: दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकण्डों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय यदि वे अपने समाज के सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताएं, तो यह उचित होगा, जिनके कारण ये लोग किसी लायक बने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी फायर सर्विस से जुड़ेंगें दो लाख युवा

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब अग्निशमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में निजी भवनों में नियुक्ति का अवसर देगी। फायर सेफ्टी के क्षेत्र में यह योजना उत्तर प्रदेश को देश में पहला राज्य बना देगी, जहां युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर दिया जाएगा। फायर विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें तय किया गया है कि सिक्योरिटी गार्ड की तरह अब मॉल, हॉस्पिटल, मल्टीप्लेक्स, ऊंची इमारतें और बड़े औद्योगिक भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य होगी। इसके लिए इच्छुक युवाओं को 1 से 4 हफ्ते तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे उन्हें निजी संस्थानों में नौकरी मिल सकेगी। फायर सेफ्टी ऑफिसर बनने के लिए कम से कम 18 वर्ष आयु और निर्धारित योग्यता होनी चाहिए।

### फारूक पर दुलत के खुलासे से हैरान नहीं हूं: महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि वह रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत के इस खुलासे से हैरान नहीं हैं नेकां के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने निजी तौर पर अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन किया था और यहां तक कि अगर उन्हें विश्वास में लिया जाए, तो इस प्रक्रिया में मदद करने की इच्छा भी जताई थी। मुफ्ती ने श्रीनगर में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि दुलत साहब लंबे समय से नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक परिवार के सदस्य की तरह करीब रहे हैं। आज वह लिखते हैं कि फारूक साहब अनुच्छेद 370 को हटाने पर चर्चा चाहते थे और विधानसभा के माध्यम से इसे हटाने के लिए भी तैयार थे। यह पहली बार नहीं है। दावा किया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने 2014 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कथित तौर पर देर रात की बैठकों के दौरान मुलाकात की थी, ताकि बीज. पी से पीडीपी की बजाय बल्कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ सरकार बनाने का आग्रह किया जा सके।

# मनरेगा मजदूरी नहीं बढ़ाना अधिकार पर आघात

नई दिल्ली, वार्ता



**श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चला रही सरकार: खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाना कामगारों के साथ अन्याय है और ऐसा नहीं करके मोदी सरकार अपनी श्रमिक विरोधी नीति के कारण मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। खड़गे ने कहा कि ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। ये मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है।

हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपए करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा की उच्च स्तरीय समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। पर गरीब विरोधी मोदी सरकार, एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढ़ाने पर उतारू है। करीब सात करोड़ पंजीकृत वर्करों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो या फिर 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन करना हो, मोदी सरकार ने मनरेगा पर लगातार चोट मारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा-हमारे देश के सबसे गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा लाया रोजगार की गारंटी का अधिकार है। हम अपनी दो मांगों पर अडिग हैं।

### खड़गे ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण से खुद को अलग किया

**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद से खुद को अलग करते हुए कहा कि यह मामला राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है। हर राज्य में, वे अपने हिसाब से फैसला करेंगे। मैंने रिपोर्ट नहीं देखी है या यह भी नहीं देखा है कि कैबिनेट में इस पर क्या चर्चा हुई।

## हर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का ध्येय: योगी

# सुबह दस बजे से जनसमस्या सुनें अफसर

लखनऊ, वार्ता



**जिला स्तर पर समस्या का समाधान किया जाए जो समस्या जिला स्तर की नहीं उसे ही प्रदेश स्तर पर भेजा जाए: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिला कर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनकी सरकार का मुख्य उद्देश्य है। अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' आयोजन के दौरान योगी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक पीड़ितों से मुलाकात की और सभी के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने समस्यायों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। साथ ही अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें। स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजी जाए। समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है। अफसरों से कहा कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दरबार में चंदौली से दो दिव्यांग युवक भी अपनी समस्या लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं, फिर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चंदौली के राजेश व चंद्रशेखर को इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक प्रदान की। इस दौरान कुछ पीड़ितों के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें देख मुख्यमंत्री ने दुलारा-पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में मौजूद शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़ीं शिकायतों के निस्तारण के लिए डीजीपी को निर्देशित किया, तो वहीं राजस्व संबंधी मामलों में कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद के अध्यक्ष को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल, प्रमुख सचिव (गृह/मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

## गोरखुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपए की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा। लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को मुख्यमंत्री के हाथों 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का भी उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास की कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

### आज यूपी दंगा और अराजकता मुक्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत की अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज देश का हर कोना यूपी से जुड़ना चाहता है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। यूपी,भारत की आस्था का केंद्र बिंदु भी है। पूरा भारत या अगर मैं कहूं कि वृहत्तर भारत, तो वह जीवन में एक बार यूपी आने का इच्छुक होता है। सीएम ने कहा कि पूरा भारत खुद को यूपी से जोड़ने की कोशिश करता है। कोई तो बात रही होगी, अनायास तो यह नहीं होगा। देश में कहीं भी रहने वाले लोग खुद को यूपी से जोड़ते हैं। आप पूर्व में जाएंगे तो हर व्यक्ति यह देखता है कि माता रुक्मणि पूरब से ही गईं और भगवान श्रीकृष्ण के साथ ब्याही गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पश्चिम के लोगों से देखेंगे, तो वह लोग इस बात से यूपी के साथ जुड़ने को इच्छुक होते हैं कि यहां से कृष्ण द्वारका में आए थे। अगर आप देखेंगे दक्षिण में, तो वहां लोग यह मानकर चलते हैं कि बजरंग बली उसी कर्नाटक में पैदा हुए थे और हनुमानगढ़ी अयोध्या में पूजे जाते हैं।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच आयात शुल्क (टैरिफ) को लेकर चल रही जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद भारत के टैरिफ से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होने की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1508.91 अंक अर्थात 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,553.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23851. 65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 41,980.48 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत चढ़कर 47,946.66 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2427 में लिवाली जबकि 1522 में बिकवाली हुई, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1847 में तेजी जबकि 1047 में गिरावट हुई, वहीं 83 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव और व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच भारत का हालिया बेहतर प्रदर्शन बाजार विशेषज्ञों के लिए चौंकाने वाला, लेकिन उत्साहजनक रहा है। इस वर्ष 2 अप्रैल के बाद से जब प्रमुख वैश्विक बाजार नुकसान झेल रहे हैं, भारत उन गिने-चुने बड़े बाजारों में शामिल है जिसने न सिर्फ अपने नुकसान की भरपाई की, बल्कि 2 अप्रैल से पहले के स्तर से ऊपर बंद होकर निवेशकों का भरोसा भी कायम रखा। इस मजबूती के पीछे दो प्रमुख वजहें बताई जा रही हैं। पहला भारत एक घरेलू खपत आधारित अर्थव्यवस्था है, जिससे यह टैरिफ संकट जैसे बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है। चीन या अमे. रिका जैसे देशों के मुकाबले भारत की अर्थव्यवस्था का निर्यात पर कम निर्भर होना वैश्विक झटकों के दौरान इसे एक सुरक्षित विकल्प बनाता है।

## अर्थ व्यापार

### इंफ़ोसिस की चौथी तिमाही के मुनाफे में 11.7 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आईटी सेवा निर्यातक इंफ़ोसिस लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 7,033 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए से 11.7 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसका कुल राजस्व 37,923 करोड़ रुपए के मुकाबले 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 40,925 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उसका परिचालन व्यय 3,554 करोड़ रुपए से 6.2 प्रतिशत बढ़कर 3,775 करोड़ रुपए हो गया।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल हुआ महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 20 रिंगिट उतरकर 4187 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट फिसलकर 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल दो रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा बना देश में रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित और विकसित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) राज्य को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रणनीतिक रूप से फैला यह गलियारा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वक्फ पर...**

ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई, 2025 की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार किया जाएगा और शेष को निपटाया हुआ माना जाएगा, क्योंकि 100 या 120 याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। अदालत ने आदेश दिया कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को सूची में अलग से दिखाया जाएगा। अदालत ने केंद्र के लिए कनु अग्रवाल को नोडल वकील नियुक्त किया। शुरुआत में श्री मेहता ने कहा कि वह बुधवार को अदालत द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को केवल कुछ धाराएं पढ़कर कानून पर रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संशोधन हुए, समितियां बनीं और लाखों लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। गांव छीने जा रहे हैं और निजी संपत्तियां वक्फ के तौर पर छीनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत पक्षों की बात सुन ले, तो कुछ नहीं बदलेगा। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान और समाजवादी पार्टी सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं।

# वाराणसी गैंगरेप की जांच करेगी एसआईटी: पीसी

वाराणसी, वार्ता



**एफआईआर में 23 दरिंदों के नाम, पीड़िता ने कोर्ट में बताए सिर्फ 9, 14 गायब**

पुलिस कमिश्नर ने गैंगरेप मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपियों के परिजनों के बाद ये फैसला लिया गया है। पुलिस कमिश्नर को परिजनों ने कुछ वीडियो और इंस्टाग्राम चैट भी उपलब्ध कराए हैं। आरोपियों के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और इंस्टाग्राम चैट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच के दायरे में पीड़िता के इंस्टाग्राम पोस्ट, घटना के समय उसकी गतिविधियां और एफआईआर में नामजद आरोपियों की संख्या में अंतर जैसे कई संदिग्ध पहलू शामिल हैं। एसआईटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कुछ ऐसे बिंदु हैं, जिनकी जांच जरूरी है। डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआईटी टीम एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी। इस मामले का पीएम मोदी के संज्ञान लेने के बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया है। वाराणसी के कई इलाकों में अवैध बार, कफै और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई फोटोग्रफ पोस्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से भी ये बात बिल्कुल साफ है कि इस अवधि में युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती तो पुलिस से मदद ले सकती थी। उनका कहना है कि इस मामले में कई बातें संदिग्ध हैं, लिहाजा इस मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती, तो पुलिस की मदद ले सकती थी। लेकिन, उसने ऐसा नहीं किय। इसी अवधि में युवती ने इंस्टाग्राम पर अपने फोटो पोस्ट किए, कैसे? एफआईआर में 12 नामजद और 11 अज्ञात कुल 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज था, लेकिन युवती ने कोर्ट में सिर्फ 9 लोगों के ही नाम क्यों लिए? ये जांच का विषय है।

### छात्रा ने कॉलेज के गेट पर की आत्महत्या की कोशिश

**कानपुर।** जनपद के चौबेपुर में एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फीस विवाद और परीक्षा देने से रोके जाने के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की। कॉलेज ने निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगे थे और छात्रा का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया। तीन दिन पहले हुए विवाद के बावजूद उसे परीक्षा देने से रोका गया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने छात्रा को बचा लिया और मामले की जांच कर रही है। यह चौंकाने वाली घटना गुरुवार सुबह सामने आई, जब छात्रा कॉलेज गेट पर पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंच गई। छात्रा मूल रूप से डुडवा जमौली गांव की निवासी है। छात्रा का आरोप है कि प्रबंधन ने निर्धारित शुल्क से 2000 रुपये अधिक की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जहर का सेवन कर किसान ने की आत्म हत्या

■ खेत से वापस लौटकर दिया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मानसिक तनाव से ग्रस्त दलित किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया तबियत बिगड़ जाने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी 44 वर्षीय शिवकुमार उर्फ सिब्बा पुत्र कबूल भैंसा बोगी से मिट्टी व ईंट आदि की ढूलाई कर भाड़ा कार्य करता था। तथा पैतृक 13 बीघा भूमि मे खेती भी करता था। ग्रामीणों के अनुसार शिवकुमार गुरुवार की सुबह खेत पर गया था। जहां से वह बाईक द्वारा घर आया और जहरीले पदार्थ का सेवन कर पुनरूखेत पर पहुंचा। जहां उसकी तबियत बिगड़ने लगी। शिवकुमार ने बताया की उसने जहर का सेवन कर लिया। आनन फानन मे उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस कार्रवाई के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। मृतक पत्नी लक्ष्मी के अलावा दो पुत्र व तीन पुत्रियों को छोड़ गया है। पुत्रियों की शादी हो चुकी है। बेटों की शादी होना शेष है। शिव कुमार की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

## संधावली में पंचायत के दौरान फायरिंग

**मंसूरपुर।** क्षेत्र के संधावली गांव के पति-पत्नी के विवाद को निपटाने के लिए बुलाई गई पंचायत में बात बिगडते ही पति पक्ष ने अपना आपा खो दिया और लडकी पक्ष पर हमला बोल दिया। इस हमले में मारपीट, लात-घूंसे, कुर्सियां और लोहे के पाइप का इस्तेमाल हुआ। इतना ही नहीं, मारपीट के बाद कई राउंड फायरिंग भी की गई, जिससे गांव में दहशत फैल गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया है। संधावली गांव में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे और सुलह-समझौते की बात चल रही थी, लेकिन अचानक पति पक्ष ने अपना आपा खो दिया और लडकी पक्ष पर हमला कर दिया। हमले में पति अली रजा और उसके साथियों ने लड़की पक्ष के लोगों पर लात-घूंसे, कुर्सियां और लोहे के पाइप से हमला किया। इस दौरान मौके पर मौजूद महिलाएं छतों पर खडी चीखती-चिल्लाती रहीं, लेकिन हमलावरों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि हमलावर पति अली रजा गांव जटवाडा का रहने वाला है। उसने अपनी ससुराल संधावली के कुछ दबंग और गुंडा प्रवृत्ति के लोगों को बुलाकर इस वारदात को अंजाम दिया। मारपीट के बाद हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग भी की, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखे (खाली कारतूस) बरामद किए हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए।

# कम गेहूं खरीद होने पर नाराज दिखे सचिव

## कूकड़ा मंडी पहुंचकर विशेष सचिव राजस्व ने परखी व्यवस्था, बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार के लक्ष्य के अनुसार जनपद में गेहूं खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों पर कराये जाने के लिए चल रहे प्रयासों और व्यवस्था को परखने के लिए गुरूवार को विशेष सचिव राजस्व विभाग प्रेमप्रकाश सिंह ने जिला मुख्यालय पहुंचकर क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए कम गेहूं खरीद को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने किसानों से भी बात की और अपना गेहूं सरकार को ही बेचने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होने विकास भवन में अधिकारियों की बैठक भी ली।

गेहूं खरीद की समीक्षा और व्यवस्था के लिए आये विशेष सचिव राजस्व प्रेमप्रकाश सिंह का मुख्यालय पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पर अधिकारियों ने स्वागत किया। यहां एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर निकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके पश्चात एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार के साथ विशेष सचिव राजस्व गेहूं क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण पर निकल गये। वो नवीन मंडी कूकड़ा पहुंचे और वहां पर बने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए किसानों के लिए की गई व्यवस्था और अब तक हुई गेहूं खरीद की जानकारी ली। कम गेहूं खरीद होने पर वो असंतुष्ट नजर आये और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर गुड और पानी भी लिया और गुड निर्माण को लेकर जानकारी भी हासिल की।विशेष सचिव राजस्व विभाग प्रेमप्रकाश सिंह ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद को तेज करने और किसानों को उनकी उपाजीविका का भुगतान त्वरित व्यवस्था में कराने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। उसी कड़ी में वो जनपद में पहुंचे हैं। यहां नवीन मण्डी स्थल पहुंचकर गेहूं खरीद की व्यवस्था को परखने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम जनपद में बनाये गये 52 क्रय केन्द्रों पर गेहूं की फसल का लक्ष्य के अनुसार खरीद कर सकें, लेकिन सरकार ने 1425 रुपये एमएसपी तय किया है, इसके सापेक्ष किसानों को मार्किट में अच्छा भाव मिल रहा है, लेकिन फिर भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वो किसानों को क्रय केन्द्रों पर ही फसल बेचने के लिए प्रेरित करें। यहां लक्ष्य हासिल करने में भी यही परेशानी है कि किसान अपने घर से ही अच्छे भाव पर गेहूं की फसल बेच रहा है। इसके लिए सरकार ने मोबाइल केन्द्र की व्यवस्था कर किसानों के घर जाकर ही गेहूं खरीदने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि बिना किसी परेशानी के किसानों को गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई है।



मुजफ्फरनगर: कश्यप एकता क्रांति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष रामधन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में डीएम एवं एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने थाना पुरकाजी सहित कई क्षेत्रों के मुद्दे उठाते हुए पीड़ितों को न्याय की मांग की।

# आपसी विवाद में गाड़ी पर पथराव कर शीशे तोड़े

■ पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रुडकी रोड पर शराब पीकर युवकों के बीच विवाद हो गया।

युवकों ने पिकअप गाडी पर पथराव करते हुए शीशे तोड दिए। मौके पर आयी पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया। बाद में उनके बीच समझौता हो गया। मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर से रुड़की रोड पर बुधवार रात में सोमपाल के बेटे की पाल धर्मशाला में बारात आई थी।

बारात में गांव का ही इमरान अपनी पिकअप गाडी पर विजय का डीजे लगाकर आया था। रात्रि में धर्मशाला के पास पिकअप खडी कर कुछ वहीं पर शराब पीने लगे। शराब के नशे में दोनों पक्षों मे गाली-गलौज होने पर मारपीट हो गयी। अचानक युवकों ने पिकअप पर पथराव कर उसके शीशे तोड डाले।

सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया।



मुजफ्फरनगर: नवीन मंडी धान केन्द्र पर गेंहू की गुणवत्ता परखते सचिव।

# ताज महल पर गंगा जल छिड़कने पहुंचे गौरव

**मुजफ्फरनगर।** शहर से सटे शाहबुद्दीनपुर गांव निवासी गौरव चौहान ने ताजमहल के अंदर गंगाजल छिडक कर सनसनी फैला दी है। वायरल वीडियो में खुद को करणी सेना भारत का प्रदेश सचिव बताने वाला गौरव बोतल में गंगाजल लेकर ताजमहल के कई हिस्सों, खासकर शाहजहां और मुमताज की कब्र पर छिडकाव करता दिख रहा है।

गौरव चौहान ने दावा किया कि ताजमहल 'तेजो महल' नामक शिव मंदिर है। उसने बताया कि 12 अप्रैल को वो आगरा में राजपूत समाज के प्रदर्शन में शामिल हुआ था। अगले दिन 13 अप्रैल को उसने ताजमहल में प्रवेश कर ये वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।चौहान ने कहा कि '26 मार्च को सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मैंने ठान लिया था कि



अपने मंदिर में गंगाजल छिडकूंगा। मैंने हर कोने और कब्र पर गंगाजल छिड़का।' उसने सनातनियों से एकजुट होकर ताजमहल को शिव मंदिर बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'मुझे फांसी भी हो जाए, सनातनी न रुकें।'

आगरा पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है वही शहाबुद्दीनपुर गांव में लोग इस मामले की चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं।

# मौलाना रफीक के जीवन पर लिखी किताब का विमोचन

■ बेटे डॉक्टर नफीस ने पिता के कार्यो को किया किताब में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र के मशहूर आलिम ए दीन मदरसा काशिफुल उलूम के पूर्व प्रबंधक व मोहतमिम हजरत मौलाना रफीक अहमद के जीवन पर लिखी गई किताब 'हयात ए रफीक' का विमोचन किया गया।

मदरसा काशिफुल उलूम में मौलाना हबीबुल्लाह मदनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मौलाना रफीक अहमद के जीवन पर लिखी गई किताब 'हयात ए रफीक' का विमोचन हुआ जिसमें दूर दराज से आये आलिम ए दीन, राजनितिक व्यक्तियों, समाज सेवकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए



मौलाना हबीबुल्लाह मदनी ने मौलाना रफीक की सराहना करते कहा कि बुजुर्गों की सेवाओं को याद रखना और उनको कलमबंद करना बहुत ही काबिले मुबारक कदम है। ये किताब उनकी जिंदगी और उनकी खिदमत को उजागर करने के लिए कामयाब साबित होगी।

इस अवसर पर मौलाना यामीन, मौलाना हबीबुल्लाह मदनी, मौलाना यामीन कासमी, मौलाना नजर मुहम्मद कासमी, मौलाना कासिम कासमी, सय्यद वजाहत शाह, कलीम त्यागी, इरशाद एडवोकेट, हुसैन अहमद, काजी अब्दुस्सलाम, चौधरी इशतियाक, साद अहमद, मुईनउद्दीन उर्फ मलहु, जाकिर प्रधान, डॉ. यासीन, अब्दुल रब, मुहम्मद हारिस, मो. आदिल सैफी, हाफिज शफीक अहमद, डॉ. शकील अहमद, डॉ. मेराज, कारी खालिद, मास्टर रियासत, हाफिज फुरकान असअदी, इस्लामुद्दीन चेयरमैन, चो. हाशिम, अबुल कलाम कलीम, मास्टर खलील अहमद, मौलाना हामिद, हाफिज रफीक कुरैशी, मौलाना नजर मोहम्मद कासमी, डॉ. नफीस अहमद ने कहा कि मौलाना रफीक हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे।

हयात ए रफीक किताब के संयोजनकर्ता मौलाना रफीक के बेटे डॉ. नफीस अहमद ने अतिथियों का आभार जताया।

# हथियारों की खरीद फरोख्त में सात गिरफ्तार

■ विक्की त्यागी का बेटा रक्षित त्यागी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसओजी और शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त में 7 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 पिस्टल और 4 तमंचे बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना और विक्की त्यागी का बेटा रक्षित त्यागी भागने में सफल हो गया। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने आईपीएस राजेश घुनावत के साथ एसओजी और कोतवाली पुलिस को मिली इस कामयाबी को मीडिया से साझा किया। पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि बडकली फाटक के पास अवैध शस्त्रों की बडी डील होने जा रही हैं। एसओजी और पुलिस ने घेराबंदी कर शुभम गिरी निवासी काकड़ा, उज्ज्वल त्यागी निवासी इंद्रा कॉलोनी, अंकुर त्यागी निवासी रामपुरी, विवांक पाल निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी, ऋतिक निवासी काकडा, तुषार वर्मा निवासी सराफा बाजार और वंश वर्मा निवासी रामपुरी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि शातिर अपराधी रहे विक्की त्यागी का बेटा रक्षित त्यागी भागने में कामयाब हो गया। पकडे गए युवकों के पास से तीन पिस्टल और 4 तमंचे बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि शासन द्वारा चिन्हित विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी द्वारा नई उम्र के लडकों को जोडकर अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त की जा रही हैं। पूछताछ में पता चला कि 32 बोर की पिस्टल मध्य प्रदेश से लाई जा रही हैं। गिरोह के लोग पिस्टल के बदले 50 से 60 हजार रुपए वसूल रहे हैं।

## हिन्दू वाहिनी के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू युवा वाहिनी द्वारा चैत्र नवरात्रि के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और रेलवे स्टेशन पर 'लक्ष्मी नगर' के बैनर लगाने के बाद रेलवे विभाग ने संगठन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रहलाद पाहुजा सहित कई कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस कार्रवाई के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा , जिसमें मुकदमा वापस न लेने पर बडे आंदोलन की चेतावनी दी गई है। संगठन ने साफ कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर मुकदमा वापस नहीं लिया गया, तो पहले जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना और फिर रेलवे पुलिस स्टेशन पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा।




मुजफ्फरनगर: धरने पर बैठे दुकानदारों को समर्थन देने पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता।

# पालिका ने कराई बेरिकेडिंग

## विरोध में चाट बाजार के दुकानदारों का धरना रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए टाउन हाल रोड पर बेरिकेडिंग करा दी है। ताकि किसी दुकानदार के द्वारा कोई दुकान न लगाई जा सके। इस मामले को लेकर पिछले दो दिन से दुकानदार टाउन हाल के बाहर धरना दे रहे है और यह मामला चर्चाओं में है। नगर पालिका कर निर्धारण अधिकारी व ईओ के बीच इस मामले में हुआ टकराव भी मीडिया की सुर्खियां बना हुआ है।

गुरूवार को भी टाउन हाल रोड से चाट बाजार हटाने के विरोध में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा है। भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष नवीन राठी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त दुकानदारों को समर्थन दिया है। पिछले कई सालों से नगर पालिका टाउन हाल रोड पर चाट बाजार का ठेका छोडती आ रही थी, लेकिन इस बार नगर पालिका ने चाट बाजार का ठेका नहीं कराया है। ईओ ने नोटिस जारी करते हुए चाट बाजार को बंद करा दिया है। जिसके विरोध में सभी दुकानदार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

गुरुवार को दूसरे दिन भी दुक. ानदारों को धरना जारी रहा है। इस बीच भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष नवीन राठी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को अपना समर्थन दिया। नवीन राठी ने बताया कि उक्त दुकानदारों के द्वारा पिछले करीब 35 सालों से दुकानें टाउन हाल रोड पर लगाई जा रही है। नगर पालिका के द्वारा शहर का सौन्दर्याकरण तो कराया नहीं जा रहा है, लेकिन टाउन हाल रोड से दुकानदारों को हटाकर सौन्दर्गीकरण कराने जा रही है। पूरा शहर गंदगी के कारण सड रहा है। अधिकारियों के आफिस और घरों में सफाई कर्मचारी रखे गए हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को उनका हक दिलाया जाएगा। इस दौरान देवेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश सैनी, पंकज कुमार, राज कुल्फी, मदनपाल, आजाद कुल्फी आदि दुकानदार उपस्थित रहे।

## रामपुर तिराहाकांड में नहीं हुई सुनवाई,

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहाकांड से जुडे सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। दोनों मामलों की सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तिथि नियत की गयी है। विगत एक अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेडछाड व दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट में सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तिथि नियत की गई है।

# दहेज हत्या में पति, सास ससुर को दस साल की कैद

■ न्यायालय ने लगाया सात हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने महिला के पति, सास व ससुर को सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कुलदीप कुमार व जोगेन्द्र गोयल ने बताया कि वादी प्रवीण निवासी सुजडू ने अपनी बेटी शाहिन की शादी 11 अक्टूबर 2015 को मखियाली निवासी मीर हसन के साथ की थी। शादी से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। उसकी बेटी को लगातार प्रताडित करते रहते थे। कई बार ससुराल पक्ष के लोगों से बातचीत कर समझौता कराने का प्रयास किया। 14 फरवरी 2022 को ससुरालियों ने दहेज के लालच में बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति मीर हसन, सास शकीला व ससुर लियाकत समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने पति, सास व ससुर के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर 2 की न्यायाधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पति मीर हसन को दस साल की सजा व 7 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है। वही सास शकीला व ससुर लियाकत को सात-सात साल की सजा व प्रत्येक पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# पावर कॉरपोरेशन के अफसरों पर घोटाले का लगाया आरोप

■ किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष पूरण सिंह ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने गुरुवार को आर्य समाज मंदिर में प्रेसवार्ता कर पावर कारपोरेशन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शहरी और देहात क्षेत्र में बदले गए विद्युत जर्जर तार और खंभों में बडा घोटाला किया गया है, जिसमें कंपनी और विभागीय अफसरों की मिलीभगत है। उन्होने इस मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि सही जांच हो जाए तो विभाग के अफसर भी बेनकाब हो जाएगे।



### बिजली आपूर्ति सुधार योजना में घोटाला

संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि जनपद में बिजली आपूर्ति सुधार योजना के तहत बडा काम होने का दावा किया गया था, लेकिन इसमें ठेका पाने वाले एलएंडटी कंपनी के लोगों के साथ मिलीभगत कर विभागीय अधिकारियों ने बडा घोटाला किया है।

उन्होने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि शाहपुर बिजलीधर के गढी टाउन फीडर: कोई कार्य नहीं हुआ, फिर भी 16.8 किलोमीटर का बिल दर्शाया गया। अटाली बिजलीघर के नगवा फीडर: कार्य शून्य रहा, लेकिन 39.34 किलोमीटर का भुगतान कर लिया गया। खरड बिजलीघर पर देवी फीडर: न तो सर्वे हुआ और न ही 12 किलोमीटर से अधिक कार्य, लेकिन 31 किलोमीटर का बिल बनाकर भुगतान लिया गया।

### आंदोलन की चेतावनी

किसान संगठन के पदाधिकारियों ने भ्रष्टाचार की जांच नहीं होने पर 27 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में बेमियादी धरना देने की चेतावनी दी है। इस दौरान किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम, कृष्णपाल सिंह, अमित राणा, चौ. देवेन्द्र लाटियान, रवि कुमार, सुधीर चौहान भी मौजूद रहे ।

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application
for APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition | B.Sc. Home Science | B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

# बेहड़ा सादात में चोरी की घटनाओं से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव में देर रात्रि हुई चोरी की दो घटनाओं से हड़कंप मच गया है। शातिर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित नकदी रकम व सरसों से भरे बोरे को भी चुरा लिया है पीड़ित ग्रामीणों ने तहरीर देकर चोरी हुए सामान की बरामद की की मांग की है।

ककरौली थाना मुख्यालय के गांव बेहड़ा सादात निवासी बिरजू पुत्र रतन ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार को उसकी बेटी की शादी थी आधी रात 12 बजे बेटी को विदा कर मेहमानो के सोने की व्यवस्था करने के बाद परिवार के सदस्य भी सो गये। तभी रात तीन बजे के लगभग एक चोर जो घर में रखे सरसों के बोरे को उठा कर ले जा रहा था महिला की चारपाई मे उलझ कर गिर गया जिस पर जागी महिला ने सरसों के बोरे को ले जाने के बारे पूछा तो चोर फरार हो गया।

महमान महिला के द्वारा शोर मचाने पर परिवार जन जाग गये और चोर का पीछा किया किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। बिरजू ने बताया की अज्ञात चोर सरसों के सात बोरे व एक बैग जिसमें सोने की अंगूठी तथा पांच हज़ार रूपये थे चुरा ले गये।

पीड़ित ने तहरीर देकर चोरी हुए सामान की बरामदी की मांग पुलिस से की है।दूसरी घटना में बंद पड़े मकान में चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बेहड़ा सादात निवासी ऋतिक पुत्र यशपाल सिंह ने बताया की बीते छहमाह से उसका मकान बंद पड़ा था। गुरवार को वह पत्नी के साथ वापस घर लौटा तो मकान का ताला टूटा देख वह सन्न रह गये। घर में सामान भी इधर उधर बिखरा पड़ा पाया। घर चांदी की दो जोड़ी पाजेब, हाथों के सोने से बने कड़े, अन्य आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। बेहड़ा सादात में चोरी की दो घटनाओं से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों में पुलिस से रात्रि गश्त की मांग की है।

## ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई बिगड़ी, हाहाकार मचा

**मुजफ्फरनगर।** ऐसे समय में जब किसानों को फसलों को बचाने के लिए सिंचाई करने एवं थ्रेशिंग कार्य आदि के लिए विद्युत सप्लाई की ज्यादा जरूरत है तब ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली सप्लाई की व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बिजलीघरों से लगातार कटौती हो रही है। दिन में करीब चार घंटे बिजली बड़ी मुश्किल से मिल रही है। रात्रि में भी कई-कई घंटे के लिए रोस्टिंग हो रही है।

किसानों को सिंचाई करने के लिए भी प्रर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है। घरेलू ग्रामीण फीडर और जंगल के फीडर से अंधाधुंध बिजली कटौती हो रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष बना हुआ है। गर्मी में बिजली सप्लाई को लेकर बुरा हाल बना हुआ है। इस समय सबसे अधिक आवश्यकता बिजली और पानी की है। यह दोनों व्यवस्था लगाता बिगडती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती हो रही है। बात अगर दिन की करें तो करीब तीन से चार घंटे बिजली सप्लाई कुल मिल रही है। यह सप्लाई भी लगातार नहीं मिल रही है। अधिकांश गांव में बिजली की सप्लाई बनी हुई है। पावर कारपोरेशन के अधिकारी सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। रोहाना, पचेंडा, बीजोपुरा, बधाई, बघरा, तितावी, जानसठ, मंसूरपुर आदि क्षेत्र के बिजलीघरों से काफी कटौती हो रही है। किसान दिवस में भी किसानों के द्वारा यह मुद्दा उठाया गया है, लेकिन अधिकारियों के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर जर्जर लाइन, पोल आदि को बदलने के लिए कार्य चल रहा है। जिस कारण यह समस्या कुछ समय के लिए बनी हुई है।

## सैन महाराज का जन्मोत्सव 25 को

**मुजफ्फरनगर।**सैन समाज का सम्मेलन एटूजेड रोड स्थित भोपाल के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य तिथि आल इंडिया सैन महासंघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. एस. ठाकुर रहे। कार्यक्रम में मांगेराम सैन ने संत शिरोमणि सैन महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सदस्य खेल मंत्रालय सिमित सैन ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को सैन महाराज का जन्मोत्सव सैन मार्ग, निकट ब्विकर्मा चौक जानसठ बस स्टैंड के पास हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में साध्वी दीदी मां ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मोहित सैन व विकास सैन ने सैन मार्ग का सौन्दर्यकरण कराए जाने पर नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में नीरज सिन्दूरिया, सुनील मालियान, विशाल सैन, भोपाल मास्टर, मनीष सैन, सुभाष सैन, प्रवेश सैन, राकेश सैन, राजेन्द्र सैन, सागर सैन आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने भ्रमण कर बैंकिंग कार्यों को समझा



**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को चिल्ड्रन एकेडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को पढ़ाई से जुड़ी एक शैक्षिक यात्रा पर एमको बैंक, शाखा रामपुरी,ले जाया गया। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को बैंक के कामकाज और बचत की आदत के बारे में जानक. ारी देना था।

बैंक पहुँचने पर वहाँ के स्टाफ ने बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैंक के शाखा मैनेजर अचिन ने बच्चों को बहुत ही सरल और रोचक तरीके से बताया कि बैंक कैसे काम करता है, खाता कैसे खोला जाता है, पैसे कैसे जमा और निकाले जाते हैं, और पासबुक व एटीएम कार्ड का क्या उपयोग होता है। बच्चों ने बहुत ध्यान से सारी बातें सुनीं और उत्साह के साथ सवाल भी पूछे। अचिन और उनकी टीम ने बच्चों को असली और नकली नोट की पहचान, पैसे की सुरक्षा और ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में भी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने बताया कि इस तरह की शैक्षिक यात्राएं बच्चों को किताबों से बाहर की दुनिया से जोड़ती हैं और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान देती हैं। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने कहा कि बैंक की जानकारी बच्चों के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है और इस तरह की गतिविधियाँ उनके अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम के अंत में बैंक स्टाफ ने बच्चों को चॉकलेट भी भेंट की, जिसे पाकर सभी बच्चे बहुत खुश हो गए और उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई।यह यात्रा बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और आनंददायक रही। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ का पूरा सहयोग रहा।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू मारकर युवक को किया घायल

**बुढाना।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की खबर है। पुलिस ने घायल को हस्पताल भेजने के बाद दो युवकों को पकड़ा है। मिली जानकारी के अधिकार सफीपुर पटी पुलपार बुढाना निवासी एक युवक ने बताया कि उसके घर के सामने आदिल का घर है। साहिल पुत्र दिलशाद निवासी सफीपुर पटी अपने फुफा आदिल के यहां आता जाता है। साहिल उसकी बहन संग छेडखानी करता रहता है। बीती शाम उसकी बहन घर से कूडा लेकर चली तो रास्ते में साहिल ने उसके संग छेडखानी कर उसे अपने फूफा के घर के अंदर खींचने लगा तो उसने शोर मचाया तो आरोपी फरार हो गया। आरा. पी युवती को पुलिस में बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।छ उधर युवती ने पूरी घटना अपने घर जाकर बताई तो रास्ते में आरोपी साहिल उसके फूफा आदिल आदि लोग मिले तो पीड़ित ने साहिल की इस कार्यवाही का विरोध कर भला बुरा कहा तो आरोपी ने अपने फूफा व अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर पीड़ित की साथ मारपीट की और उस पर चाकू के वार करके फरार हो गया। पीड़ित का शोर शराबा सुनकर मौके पर उसके परिजन आ गये तो आरोप के मुताबिक आरोपी घायल पीड़ित युवक का मोबा. इल और कुछ नगदी छीनकर फरार हो गये। पीड़ित युवक को मौके पर आई पुलिस ने हस्पताल पहुंचाया और दो आरोपियों को भागदौड़ कर पकड़ लिया। दूसरी और देर शाम दोनों पक्षों में गणमान्य लोगों द्वारा फैसला कराए जाने की खबर मिली है।

## विवाहिता पर हमला

**छपार।** विवाहिता के घर एक व्यक्ति घुसकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसका हाथ पकड़कर दुपटा खींच लिया। शोर मचाने पर वह फरार हो गया पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। छपार निवासी शौकिन की पत्नी प्रवीण ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का इसराइल बृहस्पतिवार को दोपहर के समय उसके घर में घुस आया उसका पति काम पर गया हुआ था वह घर पर अकेली थी। गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि उसने उसकी तलाकशुदा पत्नी का निकाह अपने पति से कराया है उसे गाड़ी पर ही मरवा देगा। उसका पति गाड़ी चलाता है। आरोपी ने बुरी नियत से उसका दुपटा खींच लिया। शोर मचाने पर पड़ोसी घरों से बाहर निकले तो वह फरार हो गया।

# कोच राहिल जावेद व अल्तमस ने बल्ले से मचाया कहर



**बुढ़ाना।** एमआई एकेडमी ग्राउंड पर चल रहे एक माह लंबे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को 5वें दिन का मुकाबला बेहद रोमांचक व दर्शकों के लिए दिलचस्प रहा। टूर्नामेंट संयोजक राहिल जावेद के नेतृत्व में टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर विरोधी टीम फाइटर क्लब को हरा मैच अपने नाम किया। शुरुआत में एकेडमी के कप्तान समद खान बवाना व फाइटर क्लब के कप्तान टीटू के बीच टॉस कराया। जिसमें फाइटर क्लब ने टॉस जीत पहले बल्लेबाज़ी की और पहले बल्लेबाजी कर फाइटर क्लब बुढ़ाना ने 188 रन का स्कोर बनाया। फाइटर क्लब की ओर से सारुल चौहान ने 28 बक्कल खेलकर 56 रन की शानदार पारी खेली। सूरज पीजी ने 33 बॉल खेलकर 49 रन की पारी खेली। शुरुआत में फाइटर क्लब की और से छक्के चौके की बारिश हुई जिसके चलते फाइटर क्लब 20 ओवर में 188 रन बनाने में कामयाब हुई। फाइटर क्लब की टीम के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई एकेडमी के कोच राहिल जावेद ने अपनी बैटिंग का जोरदार प्रदर्शन दिखाते हुए 32 बॉल का सामना करते हुए 53 रन बनाकर एक विकेट अपने नाम किया वहीं एमआई एकेडमी के धाकड़ बल्लेबाज अल्तमस सिद्दीकी ने 51 बॉल का सामना करते हुए 10 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 87 रन की विस्फोटक पारी खेलकर फाइटर क्लब टीम को धराशाई कर दिया। एमआई टीम के बॉलर वंश त्यागी ने जबरदस्त बोलिंग का प्रदर्शन किया व एमआई टीम के विकेट कीपर ख्रष त्यागी ने जबरदस्त विकेट कीपिंग का प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। अल्तमस के हरफनमौला प्रदर्शन ने सबको प्रभावित किया। उन्होंने बल्ले से रनों की बारिश कर मैच का रुख पूरी तरह से अपनी टीम की ओर मोड़ा। एमआई टीम कोच राहिल जावेद को कमल सिंह घावरी, सूरज सैनी, शाहरुख राणा, रवि व शोएब मिर्ज़ा ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच जीतने की खुशी में बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला और एकेडमी के कोच राहिल ने मैच जीतने की खुशी में बच्चों को आइसक्रीम खिलाई। टूर्नामेंट फेंस कैफे मुज़फ्फरनगर रोड द्वारा प्रायोजित है और इसमें भाग ले रही विभिन्न टीमें एक माह चलने वाले क्रिकेट महाकुंभ में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रही है। लोगों में टूर्नामेंट को लेकर उत्साह है। हर दिन भारी संख्या में दर्शक मैदान पर पहुंच खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं।

## 150 किसानों को कीटनाशक दवाई व स्प्रे मशीन वितरित

**तितावी।** गन्ना समिति तितावी की ओर से क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के 150 किसानों को कीटनाशक दवाई व स्प्रे मशीन वितरित की गई। क्षेत्र के बरला गांव में किसान सेवा केंद्र पर आए गन्ना समिति के सुपरवाइजर गोपीचंद डाबरा, इंद्रपाल एवं सौरभ तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के छपार, बरला ताजपुर, सिम्भालकी, खुडडा खामपुर, बढीवाला, भैंसाहेडी, रेत्तानगला आदि एक दर्जनों से अधिक गांव के 150 किसानों को 50 फीसदी की सब्सिडी पर स्प्रे मशीन पर दी गई है। इस दौरान रवि त्यागी, विपिन त्यागी, सन्दीप त्यागी, मोंटू त्यागी, कल्लन त्यागी, अमित त्यागी, सुरेंद्र चौहान आदि किसान मौजूद रहे।

# अवैध कब्जे को हटाने जेसीबी लेकर पहुंचीं अंतवाड़ा

**■ एसडीएम ने नागिन नदी को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गांव अंतवाड़ा से निकली काली उर्फ नागिन नदी को पुनर्जीवित करने के लिए मुहिम शुरू कर दी गई है डीएम के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम अंतवाड़ा गांव में पहुँची जहां उन्होंने नागिन नदी की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे को चिंहित करते हुए उक्त जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को खदेड़ कर नदी की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी गुरुवार को जनसुनवाई के बाद अपनी राजस्व टीम के साथ गांव अंतवाड़ा पहुंची जहां पर उन्होंने नागिन नदी की पैमाइश कराकर नागिन नदी के रकबे पर बोई गई फसल द्ध अवैध कब्जेऋ अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटवाया वहीं कुछ रकबे पर बोई गयी गेहूं की फसल को भी एसडीएम ने तत्काल ही मौके पर कटवा दिया एसडीएम ने अवैध कब्जेदारों को सख्त चेतावनी देते वह कहा कि यदि नदी की जमीन अथवा अन्य किसी भी सरकारी जमीन पर किसी ने भी कब्जा किया तो अब एन्टी भूमाफिया में दर्ज करते हुए उसके विरुद्ध कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

वही दूसरी और ग्रामीणों को एक बार फिर से नागिन (काली पूर्वी नदी) के पुनर्जीवित होने की आस जगी है। प्रशासन ने इसका बीड़ा उठाने का दावा किया है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर गांव अंतवाड़ा में नागिन नदी के पुनर्जीवित करने की पहल के क्रम मे सर्वप्रथम नदी की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। उन्होंने कहा कि नदी की साफ सफाई करने के लिए लोगों के सहयोग से श्रमदान होगा तथा आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर कार्य चलेगा।

बता दे कि पूर्व माह में जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने अंतवाड़ा गांव में जाकर नदी का निरीक्षण कर अवैध कब्जे को हटवाने के आदेश देते हुय नदी को पुनर्जीवित करवाने का आश्वासन दिया था। इस मौके पर राजस्व टीम में नायब तहस. ीलदार खतौली अमित रस्तोगी, राजस्व निरीक्षक राकेश वर्मा, लेखपाल विजय व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विकास पार्टी देगी खतौली को बड़ी सौगात

# एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना का रास्ता साफ



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी खतौली को शिक्षा जगत को एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी बनाने की एक बड़ी सौगात देने जा रही है, इस अहम और बड़े फैसले की घोषणा 16 अप्रैल को दिल्ली में उस समय की गई जब क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिक्षा विभाग के सचिव को दिल्ली में ज्ञापन देते हुय मांग की थी। इस घोषणा के बाद खतौली की जनता और युवाओं के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई।

बता दे कि गुरुवार, 17 अप्रैल का दिन खतौली वासियों के लिए बेहद ऐतिहासिक और गर्व का रहा। खतौली में एशिया की सबसे बड़ी हाईटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। यह घोषणा 16 अप्रैल को दिल्ली में हुई, जब शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी को क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने खतौली के युवाओं के भविष्य को उजागर करने के लिए सचिव को हाईटेक यूनिवर्सिटी बनाने को लेकर एक ज्ञापन सौपा। जिसके बाद सचिव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान इस महत्वाकांक्षी परियोजना की जानकारी देते हुय घोषणा की। बता दे कि इस प्रस्ताव को जमीनी स्तर पर लाने में सबसे बड़ी भूमिका क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू की रही, जो लंबे समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने न केवल बार-बार पश्चिमी यूपी को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, तकनीक और रोजगार की संभावनाओं को मजबूत करने पर भी लगातार जोर दिया है।

राजवीर सिंह वर्मा ने हाल ही में दिल्ली में शिक्षा सचिव विनीत जोशी से मुलाकात की और खतौली में ब्विस्तरीय हाईटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना की मांग को मजबूती से सामने रखा। इस अहम बैठक में उनके साथ दिल्ली के द्वारका विधानसभा से तीसरी बार विधायक बने प्रद्युम्न सिंह और खतौली के ब्राह्मण महासभा के महामंत्री मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। सचिव विनीत जोशी ने इस दौरान कहा कि सरकार इस मांग को बेहद गंभीरता से ले रही है, और इस पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ करने की दिशा में तेजी से विचार चल रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह यूनिवर्सिटी खतौली ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव और नवाचार का केंद्र बनेगी। इस परियोजना के तहत जल्द ही भूमि चयन, प्लानिंग, और निर्माण कार्य की रूपरेखा बनाई जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को भी इस प्रोजेक्ट से जोड़ा जाएगा।

### क्या खास होगा इस हाईटेक यूनिवर्सिटी में?

यह यूनिवर्सिटी न केवल पारंपरिक शिक्षा का केंद्र बनेगी, बल्कि इसमें अत्याधुनिक तकनीकी विषयों पर रिसर्च, नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा। इसमें निम्नलिखित कोर्स प्रस्तावित हैंरू जिनमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्ध।प्ऋ, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स, डेटा साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, स्मार्ट एग्रीकल्चर, जल संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान आदि होंगे। इस यूनिवर्सिटी की स्थापना से न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को ब्विस्तरीय शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिलेगी, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार, व्यापार, और आर्थिक गतिविधियों में भी बड़ा इजाफा होगा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अहसान उर्फ मोनू व पुत्रवधु शमा गलत संगत में रहने के कारण गलत कार्यो में लिप्त रहने लगे है तथा मेरे व परिवार के कहने-सुनने में नहीं है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने अहसान उर्फ मोनू से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये तथा मैने अहसान उर्फ मोनू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र अहसान उर्फ मोनू द्वारा किसी भी प्रकार का लेन-देन या कोई आपराधिक कृत्य, पुलिस थाना या अदालती कार्यवाही की जाती है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थी
गफ्फार अली पुत्र हसमत अली
निवासी 2938 साउथ कृष्णापुरी जिला मुजफ्फरनगर

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**ई-निविदा सूचनाः-** ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 17.05.2025 को खोली जायेगी। ई-निविदा 05/25-26, वि.न.वि.खं.-तृ., मु.नगर के अन्तर्गत स्थापित वितरण परिवर्तकों को स्थानांतरण करने का कार्य, धरोहर राशि रू0 3600.00 कृपया विस्तार में सभी जानकारी हेतु बेबसाईट www.etender.up.nic.in/pvvnl.org से डाउनलोड करें तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए ई-निविदा खुलने के समय तक लॉग ऑन करें।**( मनोज कुमार यादव ) अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मुजफ्फरनगर।** पंत्राक **269**/वि.न.वि.मं.-मु0नगर दिनांक **17.04. 2025 'राष्ट्रहित में बिजली बचाये'** एवं विद्युत हैल्प लाईन **नं.1800-180-3002** (मेरठ)

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाहपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बसधाडा में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के मामले में शाहपुर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी आरोपी युवक को गांव काकड़ा से गिरफ्तार किया था। क्षेत्र के गांव बसधाडा निवासी एक व्यक्ति ने कई दिन पूर्व अपनी नाबालिग पुत्री के साथ थाने में तहरीर देकर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़िता नाबालिग का मेडिकल परीक्षण भी कराया था। साथ ही रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिशें दे रही थी। शाहपुर थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि आरोपी नाजिम को काकड़ा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एआईएमआईएम का बढ़ा कुनबा, लोगों ने ली सदस्यता



**बुढाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी की हुई एक आवश्यक मीटिंग मे जहां दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वहीं सांसद असदुद्दीन ओवैसी के कसीदे भी पढ़े गये। यहां पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़मग़ारूखी ने कहा कि हम गांव दर गांव पार्टी हित में मीटिंग कर रहे हैं। जिसमें काफी लोग पार्टी में सांसद असदुद्दीन ओवैसी के विचारों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। पहले लोगों को पार्टी मे काफी कन्फ्यूजन था लेकिन जब वे ओवैसी के विच. ारों को समझते हैं तो फिर वो पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लेता है। उन्होंने कहा कि आज भी मीटिंग में काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी को तन मन धन से भी मजबूत करने की बात कही। इसके अलावा बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रियावली नंगला में भी पार्टी का प्रचार प्रसार हुआ। जिसमें डोर टू डोर सदस्य बनाए गये और जा जगह पर नुक्कड़ सभा भी की गयी। जिसमें सभी को ओवैसी के विचारों से अवगत कराया गया। यहां पर मुख्य रुप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अब्दुल वहाब, विधानसभा महासचिव अब्दुल गफार, बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर और भी काफी लोग थे। यहां सद्दाम राणा को रियावली ग्राम अध्यक्ष बनाया गया।

**आवश्यकता है**

**चंद्रशेखर आजाद पी.जी. कॉलेज चरथावल मु.नगर** माँ शाकुम्भरी विश्व विद्यालय पुवारका सहारनपुर से समबद्ध (स्ववित्त पोषित) कॉलेज कोड 713

**आवश्यकता है**

बी.बी.ए- 03 पद, बी. सी. ए. -03 पद, अर्थशास्त्र स्नातक स्तर - 01 पद, अंग्रेजी स्नातक स्तर -01 पद, गृह विज्ञान स्नातक एवं परास्नातक - 03 पद, हिंदी स्नातक 01पद, कम्प्यूटर साइंस 01 पद स्नातक, राजनीतिक विज्ञान 01पद स्नातक

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान वि.वि. एवं यु.जी.सी. के नियमानुसार देय, सभी इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्र 20 अप्रैल 2025 तक महाविद्यालय मे उपलब्ध कराये

**सम्पर्क सूत्र 9412513213 (सचिव)**
**9758341052 (प्राचार्य)**

# हरियाली की हत्या: चांदी के सिक्कों के बदले छीन ली गई सांसें

## खतौली में पेड़ों की कत्लगाह बनी धरती

**आशीष सैनी**

**खतौली।** जहां कभी हरियाली मुस्कुराती थी, वहां आज धूल उड़ रही है। खतौली के जिस हिस्से में कभी हरे-भरे पेड़ झूमते थे, पक्षियों की चहचहाहट गूंजती थी, वो इलाका आज क्रूर बुलडोज़रों की भेंट चढ़ चुका है। कारण सिर्फ ष्अवैध कॉलोनियों का निर्माण और तिजोरियों को भरना।

जहां मोदी और योगी सरकारें प्रदूषण को दूर करने के लिए तहस. ीलों में वृक्षारोपण करने के सभी विभागों को कड़े निर्देश दिए जाते रहे है और दूसरी और प्रोपर्टी डीलर अवैध प्लॉटिंग काटने के लिए हजारों हरे भरे पेडों की बलि लेकर करोड़ों की मोटी कमाई कर रहे है। सरकार इन पर कार्रवाई कब करेगा बस अब तो इसका इंतजार है। हैरानी की बात यह नहीं कि पेड़ काटे गए, हैरानी की बात यह है कि ये सब प्रशासन की चुप्पी में हुआ। करीब 200 से अधिक बड़े-बड़े पेड़ कुछ ही दिनों में काट दिए गए। न कोई अनुमति, न कोई वन विभाग की चेतावनी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रातोंरात जेसीबी मशीनें आती है और सुबह तक मैदान साफ़ कर दिए जाते है।

अब उस ज़मीन पर पक्की गलियों और प्लॉट्स की बुकिंग की जा रही है। या ऐसे कहे कि भू-माफिया ने काट डाले वो दरख्त, जिनमें सांस लेती थी ये ज़मीनष आज प्रख्रति रो रही है, लेकिन प्रशासन सो रहा है। कई बार शिकायतें भेजी गईं, फ़ोन किए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सवाल ये है कि क्या प्रशासन की आंखों में नोटों की चकाचौंध इतनी तेज़ है कि हरियाली की चीखें सुनाई नहीं देतीं।

हमने विरोध किया, हमें धमकियां मिलीं, एक स्थानीय बुजुर्ग ने कहा, ष्ये भू-माफिया इतने ताकतवर हैं कि कानून भी उनके आगे बेबस नजर आता है।ष्क्या सिर्फ विकास के नाम पर पेड़ों की हत्या जायज़ है ये आज बड़ा सवाल है कि अगर हर अवैध कॉलोनी की नींव पेड़ों की लाशों पर रखी जाएगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ सांस कहाँ से लेंगी? पर्यावरणविदों का कहना है कि एक बड़ा पेड़ हर साल 118 किलो ऑक्सीजन देता है और 20 से अधिक लोगों को जीवित रखने में मदद करता है। भूमाफियाओं और प्रोपर्टी डीलरों के खिलाफ स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है उनका कहना था कि ये समाप्ति नहीं, आगाज़ है ये, जन आंदोलन की ज़रूरत है, अब समय आ गया है कि जनता खुद जागे। पेड़ों की हत्या को सिर्फ एक खबर न समझें, ये आपके बच्चों के फेफड़ों पर हमला है। भू-माफिया के खिलाफ जनआंदोलन शुरू हो, प्रशासन से जवाब तलब हो। तभी जमीनों को भूमाफियाओं और प्रोपर्टी डीलरों से बचाया जाएगा।

### विकास के नाम पर विनाश की इबारत लिखी जा रही है

पेड़ों का कटान, ज़मीन की लूट, और अवैध निर्माण ख्र ये सब एक सुनियोजित रैकेट की तरह चल रहा है।

प्रशासन ने आंखें मूंद ली हैं, या शायद आँखें खोलने की कीमत तय हो चुकी है।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

विज्ञप्ति संख्या-16/5 /आबकारी / व्यवस्थापन / मु. नगर / 2025-26/ दिनांकः- अप्रैल, 17-2025

-:विज्ञप्तिः-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी आयुक्त, उ.प्र., प्रयागराज के अर्द्/शासकीय पत्र संख्याः 7617/दस-लाइसेंस-367/ सुझाव आबकारी नीति/2025-26, प्रयागराज दिनांक 06.02.2025 के क्रम में ई-लाटरी के द्वितीय के पश्चात् अव्यवस्थित देशी शराब की फुटकर बिक्री दुकान हुसैनपुर बोपाडा (मंसूरपुर शाहपुर रोड) को दिनांक **19.04.2025 से 24.04.2025 तक** कुल 06 दिवस के लिए दैनिक आधार पर संचालित किया जाना है। विवरण निम्नवत् है:-

**देशी शराब**

| क्र. सं. | शॉप आई. डी. | दुकान का नाम व अवस्थिति | प्रास्थिति | वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित वार्षिक एम.जी. क्यू.( ब.ली. में ) | वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित वार्षिक बे. ला. फीस ( रू. में ) | 06 दिवसों के लिए आगणित एम.जी. क्यू. ( ब. ली. में ) | 06 दिवसों के लिए आगणित बे.ला. फीस ( रू.में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 7002 | हुसैनपुर बोपाडा (मंसूरपुर शाहपुर रोड) | ग्रामीण (श्रेणी-5) | 171420 | 5486000 | 2818.00 | 90176.00 |

दुकान की दैनिक बेसिक लाइसेंस फीस ऑफरदाता द्वारा प्रस्तुत एम.जी.क्यू. को रू0 32/- से आगणित कर निर्धारित की जायेगी। दैनिक व्यवस्थापन वर्ष 2025-26 के लिये निर्धारित दैनिक एम.जी.क्यू. पर 06 दिवसों हेतु आगणित एम.जी.क्यू. के सापेक्ष जो भी सर्वोच्च ऑफर प्राप्त हो, पर कराया जायेगा। दुकान पर दो या दो से अधिक समान ऑफर प्राप्त होने पर सार्वजनिक लॉटरी के माध्यम से दुकान का व्यवस्थापन कराया जायेगा। आवेदक द्वारा आवेदन करते समय एक प्रार्थना पत्र, ऑफर के प्रारूप में देशी शराब दुकान हेतु 06 दिवसों के लिए आगणित एम.जी.क्यू. (171420/365X06) के सापेक्ष ऑफर देगा। चयनित आवेदक द्वारा ऑफर में प्रस्तावित एम.जी.क्यू. की मात्रा का सम्पूर्ण उठान सी.एल.-2 गोदाम से एकमुश्त किया जाना अनिवार्य होगा। लाइसेंसधारी को अन्तरिम व्यवस्थापन की अवधि में निहित प्रतिभूति धनराशि जमा करनी होगी। आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति एवं एक फोटोग्राफ भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक आवेदक दिनांक 18.04.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपरोक्तानुसार अपने ऑफर सील बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर में प्राप्त करा सकते हैं। प्राप्त ऑफरों को दिनांक 18.04.2025 को अपरान्ह 02. 30 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर में खोला जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जनपद की वेबसाइट w w w.muzaffarnagar.nic.in पर देखी जा सकती है अन्य जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त की जा सकती है।

**( राकेश बहादुर सिंह )**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर।**

**BHAGWANT COLLEGE OF LAW**
Bhagwantpuram, Bijnor-Delhi Highway, Distt. Muzaffarnagar (U.P.)-251315

**REQUIRED**

Principal and Asst. Prof. in LLB and B.A.LLB

**Qualification:** As per the BCI/UGC/State Govt. and Maa Shakumbhari University, Saharanpur, Norms. Candidates having the qualification and good knowledge may apply on above address

**E-mail:**
**hrbgi2017@gmail.com**
**Mob: 7830601000, 8859901120**

# डीलर चक्की वालों को बेंच रहे हैं राशन का गेंहू

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** कस्बे व क्षेत्र के अधिकांश राशन डीलर भाजपा सरकार से गरीबों को मिलने वाले गेंहू को खुद डकारकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हैं। ये डीलर कुछ संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों से मिलकर इस खेल को खेल रहे हैं और गरीबों के मुंह से उनका निवाला छीन रहे हैं।

जांच हो तो बड़ा घोटाला सामने आएगा और कई डीलर, अधिकारी और कर्मचारी बेनकाब होंगे। योगी राज में भी ये डीलर अपनी इन बेजा हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहे हैं और अपनी मनमानी पर उतारू हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में कुछ राशन डीलर अपने मनमर्जी से लूट मचाई कर रहे हैं। पूर्व में कई राशन डीलरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा चुकी है लेकिन कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं होने से बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के कुछ राशन डीलरों के हौसले बुलंद हैं। एक ताजा मामला कस्बा बुढ़ाना का है।

जहां कस्बेवासियों ने शिकायत करते हुए बताया कि राशन डीलर अपनी मनमर्जी चलाते हुए अपने बेढंगे तरीके से राशन बांट रहे हैं। अगर किसी को 7, 8 या इससे ज्यादा यूनिट है तो उसे 5 यूनिट का ही गेंहू दिया जा रहा है। अगर वे इसकी शिकायत किसी अधिकारी से करते हैं तो राशन डीलर खुले तौर पर कहते हैं कि कहीं पर भी शिकायत कर लो हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा क्योंकि हम नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारों को रुपया देते हैं। अगर ये सच है तो फिर इसका परिणाम भी जनता के सामने है क्योंकि शिकायत के बाद भी इन राशन डीलर्स के खिलाफ कुछ भी कार्यवाही नहीं होती है। डीलर कहते हैं कि शिकायत करोगे तो फिर हम तुम्हारी सारी यूनिट काट देंगे और फिर ये यूनिट दोबारा नहीं चढ़ेगी। इसका तजुर्बा चाहे तुम कस्बे में जानकारी करके कर लो कि हमने कितने जरूरतमंदों की यूनिट काट दी है और फिर दोबारा चढ़ाने के लिए अपनी मनमर्जी के रुपए लिए हैं। विगत दिवस एक समारोह में किसी प्रति. निधि ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष कुछ महिलाओं से ये पूछा कि आप सभी को राशन मिल रहा है तो महिलाओं ने मना कर दिया और कहा कि राशन डीलर अपनी मनमानी कर रहे हैं। उनको राशन पूरा नहीं दिया जा रहा है तो वहां पर एकदम सही हंस पड़े लेकिन जांच किसी भी राशन डीलर के विरुद्ध नहीं हुई। बस रात गयी बात गयी वाली कहावत चरितार्थ जरुर हो गयी। यहां पर ये भी पता चला कि राशन डीलर स्टाफ व जन सुनवाई केंद्र वालों से मिलकर जरूरतमंदों के राशन काट रहे हैं और दोबारा चढ़ाने के नाम पर पांच हजार रुपये तक रिश्वत के ले रहे हैं। इस तरीके से हर माह कई लाख रुपए का घोटाला बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में ही किया जा रहा है। जिन गरीब व्यक्तियों से ये रकम ली जाती है वे इतने गरीब होते हैं कि कई माह तक खून पसीना बहाकर भी भूखे रहने के बाद 5 हजार रुपए बचा पाते हैं लेकिन सरकार से मोटी तनख्वाह लेने के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी गरीबों के खून पसीने की कमाई हड़प रहे हैं।ध्य सबसे अजीब बात ये है कि इन भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कुछ नहीं होता। क्या एसडीएम बुढ़ाना ऐसे भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारियों को इस प्रकरण में बेनकाब करने का काम करेंगे इसका इंतजार यहां की जनता को है।

## जमीन बंटवारे में भतीजे ने चाचा को किया लहूलुहान

**छपार।** जमीन के बंटवारे को लेकर हुए झगड़े में भतीजे ने चाचा को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित का उपचार के बाद रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

गांव बिजोपुरा निवासी रामबीर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका व भतीजे मोनू आपस में जमीन का बंटवारा चल रहा है। बृहस्पतिवार को दोनों खेत पर थे लेखपाल भी मौजूद थे। दोनों में किसी बात पर कहासुनी हो गई जिसपर भतीजे ने रामबीर को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने उसको उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया और आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

# विकास कार्य होने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि का किया स्वागत

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में कुछ ही महीनों में हुए ताबड़तोड़ विकास कार्यों से प्रसन्न होकर सभी वार्डवासियों की मांग पर यहां की महिला सभासद फरीदा नौशाद उस्मानी के आवास पर नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन श्रीमती उमा त्यागी कौशल के प्रतिनिधि व डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी और उनके पक्ष के सभी सभासदों नियम पंवार, नितिन शर्मा, प्रवीण कुमार, राशिद मंसूरी, नसीम अहमद व नौशाद उस्मानी आदि को आमंत्रित कर सभी का स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। यहां पर सुबो. ध त्यागी ने कहा कि हमने लगभग इन दो सालों में बुढ़ाना कस्बे में सैंकड़ों विकास कार्य इस स्थिति में करवाए हैं जब विपक्ष के कुछ सभासद हमारे विकास कार्यों से परेशान हुए और बोर्ड की हर बैठक में प्रस्ताव पास होने के समय हंगामा हा हुल्ला जबरदस्त तरीके से किया। यहां की जनता को सच का पता है कि कौन कस्बे का विकास कर रहा है और कौन विरोध। हम आज भी ऐलानिया कहते हैं कि हम कस्बे के लिए जब भी कोई बड़ा काम जनता के हित में करना चाहते हैं तो कुछ सभासद अड़ंगा लगाते हैं मगर हमें इन विरोधों के बीच भी कस्बे का विकास करना है। हमने सभी वार्डों में विकास कार्य करवाए लेकिन कुछ सभासद इसमें भी रोड़ा बन रहे हैं। उन्होंने कस्बे की कुछ सड़कों को क्षतिग्रस्त करने पर जल निगम को आड़े हाथों लिया। सभासद नौशाद उस्मानी ने कहा कि चौयरपर्सन का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि हमारे वार्ड की दशा बदलने का काम जो चेयरपर्सन उमा जी ने किया है वो काबिले तारीफ है। उन्होंने मेरे आवास के आसपास की सभी गलियों का निर्माण करा दिया। ये मार्ग दो दशक से भी अधिक समय से क्षतिग्रस्त थे। करबला रोड व उसके आसपास के मार्ग बनवाए। बड़ौत रोड व उसके आसपास के मार्ग बनवाए और भी छोटे मोटे काम हैं जो कराए। इस दौरान अंकुर त्यागी, एडवोकेट अभिनव त्यागी, उमरदीन, साजिद, शाहिद सिद्दीकी और संतरा शेख आदि वार्डवासी मौजूद रहे।



# कार सहित चालक को गायब करने का आरोप

**मोरना।** भोकरहेड़ी मे भाड़े पर टेक्सी चलाने वाला युवक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई।मोबाइल ऑफ मिलने व कहीं कोई जानकारी न मिलने पर अनहो. नी की आशंका जताते हुए परिजनों ने तीन युवकों पर युवक को गायब करने का आरोप लगाया है। युवक की मां ने थाने पर तहरीर देकर युवक की बरामदगी की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी स्थित मोहल्ला बेहड़ा पट्टी निवासी मुनेश देवी पत्नी मनोज चौधरी ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका पुत्र विकास उर्फ कमल अल्टो कार को किराए भाड़े पर चलता है।और इसी से परिवार की गुजर बसर करता है।बुधवार की शाम कस्बे के ही तीन युवक विकास उर्फ कमल को मुजफ्फरनगर किसी कार्य से ले गए किंतु वह वापस नहीं लौटा तो परि. जनों को चिंता हुई।कमल का मोबा. इल भी स्विच ऑफ मिला।सभी संभावित स्थानों पर कमल के बारे में जानकारी की गई किंतु कमल का कोई सुराग न लगने पर अनहोनी से आशंकित परिजनों ने कस्बे के मोहल्ला सेठपुरी व मोहल्ला बाजार निवासी युवक सहित एक अज्ञात पर कमल को गायब करने का आरोप लगाते हुए। पुलिस को तहरीर देकर कमल की शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक भी घर से गायब बताये जा रहे हैं। कमल सहित आरोपी युवकों के गायब होने से कस्बे मे हड़कंप मच गया है।

# श्री अग्रभागवत कथा का आयोजन 22 से




**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा श्री अग्र भागवत कथा का आयोजन 22, 23, 24 अप्रैल को आशीर्वाद बैंकेट हाल में किया जाएगा। महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पुरी महाराज अग्रकुल शिरोमणी महाराजा अग्रसेन के जीवन का रोचक वर्णन करेंगे।

संस्था के प्रदेशअध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार, 22 अप्रैल को प्रातः 9 बजे शिव मन्दिर, लक्ष्मण विहार से कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 अप्रैल को सायं 3 से 6 बजे श्री अग्र भागवत कथा प्रारम्भ होगी। बुधवार, 23 अप्रैल को विवाह प्रसंग तथा गुरुवार, 24 अप्रैल को सायं 3 से 6 बजे राज्याभिषेक एवं भण्डारे का आयोजन होगा। सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक कर्मयोगी थे। समा. जवाद के अनुयायी होने के कारण उन्होंने समतामूलक समाज सुनिश्चित करने के लिए एक अनूठा नियम बनाया।

आज भी समाजसेवा के क्षेत्र में उनके अनुयायी उनके पद चिह्नों पर चल रहे हैं। अग्रोहा में विशाल भवन के साथ सौ करोड़ रुपये की लागत से महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। भवन में सौ एसी कमरे हैं।

विश्व भर के अग्रसमाज के लिए यह सबसे बड़े तीर्थ के रूप में विकसित हो रहा है। कथा आयोजन की तैयारी को लेकर आज हुई बैठक में लोकेश चंद्रा, विनोद संगल, परम कीर्ति अग्रवाल ,अरवनी मित्तल, आशुतोष कुच्छल, शिशु कांत एडवोकेट, वेद प्रकाश मंगल, पीके गुप्ता ,सुनील गर्ग ,प्रगति कुमार ब. ,कृष्ण अग्रवाल, ललित अग्रवाल ,ल.के मित्तल, मुनेश सिंगल ,बीएम गुप्ता आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डिस्ट्रिक्ट बार एसो. कार्यालय में एमडीए सचिव का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के कार्यकारिणी कक्ष में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण सचिव कुंवर बहादुर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह एड. तथा महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल एड. ने एमडीए सचिव का माल्यार्पण व बुके देकर स्वागत किया। वकीलों ने कहा कि एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा व एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने कचहरी प्रांगण की टूटी हुई व खराब सड़कों को बनवाकर अधिवक्ताओं को हो रही परेशानियों से उबारा है। उधर अपने स्वागत समारोह में एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने अधिवक्ताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व महासचिव सुरेन्द्र कुमार मलिक व जितेन्द्र कुमार, उदयवीर सिंह पोरिया, प्रवीण कुमार जावला, निश्चल त्यागी, नीरज कुमार गौतम, सचिन त्यागी, रकमपाल सैनी, राकेश कुमार मौर्य, सर्वेश जोशी, मौ. मोहतसिब द्धसनीत्र, शिखा कौशिक, अखलाक चौधरी, अभिषेक खोखर, रश्मि कश्यप, आदित्य शर्मा, कैसर अली, उमा देवी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी और लू की मार से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**मुजफ्फरनगर।** अप्रैल माह में भी गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिल रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। बढ़ती गर्मी से बाजारों में भी ग्राहक नदारद हैं। दोपहर के समय तो बाजार पूरी तरह से सूना सा हो गया। शहर के लोग सामान लेने के लिए शाम पांच बजे के बाद ही बाजार में निकले। ग्रामीण इलाकों से भी लोग बाजार में सामान लेने नहीं आ रहे हैं। लू के थपेड़ों से बचने के लिए महिलाएं और युवतियां मुंह को पूरी तरह ढककर चलने को मजबूर हैं। कुछ महिलाएं और युवतियां छाता लेकर भी निकल रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे भी गर्मी से परेशान हैं। गर्मी के इस मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। घर से बाहर निकलते समय सूती कपड़े पहनें, मुंह और सिर को ढकें, और पर्याप्त पानी पिएं। गर्मी से बचाव के लिए जरूरी उपाय करें और स्वस्थ रहें।

### कब्रिस्तान से सौर ऊर्जा लाईट चोरी

**छपार।** गांव बरला के कब्रिस्तान से अज्ञात चोरों ने शौर ऊर्जा लाईट खम्भे सहित चोरी कर ली। गांव बरला में हाइवे के निकट राजवाहे के पास कब्रिस्तान है। ग्राम प्रधान ने पंचायत की ओर से शौर ऊर्जा लाईट दो माह पूर्व लगवाई थी जिसे बुधवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने खम्भे सहित चोरी कर ली। किसी ने प्रधान को सूचना दी। प्रधान प्रतिनिधि परमात्मा शरण त्यागी ने कब्रिस्तान जाकर देखा तो लाईट खम्भे सहित गायब थी। समाचार लिखने तक तहरीर नहीं दी गई।

# श्री राम फार्मेसी ने सूजडू में लगाया निःशुल्क मैडिकल कैंप

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के द्वारा सूजडू में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को उनके स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति सतर्क बनाना था। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई, जैसे कि सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप जांच, शुगर जांच, एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा। कैंप के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में अपनी जांच करवाई। कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों के साथ विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जानका. रियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि आज बीमारियों से भरे दौर में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कितना आवश्यक है।कैंप के समापन अवसर पर श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और कहा, एक फार्मासिस्ट का प्रथम कर्तव्य समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना होता है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें हमारी वास्तविकता से जोड़ते हैं और उच्च कोटि का प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करते हैं। श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी समय-समय पर इस तरह की गति. विधियों का आयोजन करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। इससे न केवल उनका आत्मबल बढ़ता है, बल्कि वे जीवन के कठिन लक्ष्यों को भी सहजता से प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। इस आयोजन ने न केवल ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी बोध कराया। इस मेडिकल कैंप में छात्र-छात्राओं की भागीदारी अत्यंत उत्साहजनक रही। विशेष रूप से साकिब, आस्वाद, राणा, सुहेल, अमजद, शाहरुख, दानिश अब्बासी, और फानुस ने अपनी सक्रिय सहभागिता और समर्पण से कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप की संपूर्ण रूपरेखा का निर्धारण एवं संचालन श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यापक टिंकू कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ.



रामदत्त शर्मा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. मनोज गुप्ता, ईशान अग्रवाल, साविया, टिंकू कुमार, आर्यवर्त, भूदेव कुमार,रोहिणी गुप्ता, शैली रस्तोगी, तरन्नुम फातिमा, सलमान, मोहन कुमार, दीपक कुमार, संजय, शशि भूषण, अवि दुबे, राम सिंह, विकास कुमार, मोद्द अरशद आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मोरना शुगर मिल के प्रधान प्रबंधक अजय कुमार राय का तबादला



**मोरना।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड के प्रधान प्रबंधक अजय कुमार राय का तबादला महमूदाबाद शुगर मिल में हो गया है और वहां से आए वीपी पांडेय ने गुरुवार को प्रधान प्रबंधक का चार्ज ले लिया है।

प्रशासनिक अधिकारी ;पिपाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड लखनऊ के प्रबंध निदेशक कुमार विनीत के आदेश पर पीसीएस अजय कुमार राय का तबा. दला दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड महमूदाबाद जिला सीतापुर में किया गया है और वहां के प्रधान प्रबंधक वीपी पांडेय को मोरना शुगर मिल में किया गया है। गुरुवार को शुगर मिल में पहुंचे नवागत प्रधान प्रबंधक वीपी पांडेय ने चार्ज ले लिया है। राय 25 नवंबर 2023 से मोरना प्रधान प्रबंधक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

# महिला कांस्टेबल पिंकी ने युवतियों संग किया संवाद

**बुढ़ाना।** मिशन शक्ति कार्यक्रम फेज पांच के अंतर्गत बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा के निर्देश पर महिला कांस्टेबल पिंकी ने अन्य महिला कांस्टेबल संग बुढ़ाना कस्बे में पैदल घूमकर बृहस्पतिवार को आती जाती अकेली महिलाओं व युवतियों से यह मालूम किया कि उनको रास्ते में चलने के दौरान अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी भी तरह की दिक्कत तो नहीं है तो सबने इससे इंकार किया और कहा कि पहले की सरकारों में हमारी बहन बेटियों के साथ बाजारों, रास्तों व कालेज आदि स्थानों पर जाते समय दिक्कतें आती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। कांस्टेबल पिंकी ने निर्धारित रूट चार्ट के माध्यम से बसों, ई-रिक्शा आदि परिवहन के साधनों में अश्लील गीत बजाने वालों की चेकिंग की और स्कूल कालेज के बाहर छुट्टी के समय अनावश्यक रूप से खड़े लोगों की चेकिंग की। उन्होंने कस्बे में आई ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला सुरक्षा से संबंधित सभी योजनाओं और कानून के संबंध में महिलाओं बालिकाओं के साथ संवाद कर महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और बताया कि अपराध पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता मिले इसके लिए सरकार द्वारा जारी किए गये नंबरों को याद किया जाए और दूसरों को भी बताए ताकि कोई समस्या ना हो।

## चमन ढिंगान बने सफाई कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** वाल्मीकि समाज की एक बैठक का आयोजन पूर्व सफाई कर्मचारी अध्यक्ष नगर पालिका चमन लाल ढिंगान के पचेंडा रोड स्थित आवास अंकित विहार पर किया गया। बैठक में चमन लाल ढिंगान को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में सैकड़ों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से सागर वाल्मीकि, राजेंद्र आभेराम, पालेराम, अजीत कुमार, मिलन, देवी प्रसाद, सूरज प्रकाश, अर्जुन रठ, बबली, नंद किशोर, अशोक, दीपक, राहुल कुमार वाल्मीकि, राहुल, राकेश आदि उपस्थित रहे।

# हरेटी में शूटिंग बाल मैदान व पार्क बन कर तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरकाजी।** ग्राम प्रधान के प्रयास से अब ब्लॉक के ग्राम हरेटी मे शूटिंग खेल का मैदान (पार्क) बनकर तैयार हो गया है जिसमे पहले दिन क्षेत्र की दर्जनो टीमो द्वारा ट्राई के लिए पहुंचीअपनी प्रतियोगित बेहतर प्रदर्शन किया गया है

मिली जानकारी के अनुसार पुरकाजी ब्लॉक के गांवग्राम हरेटी मे ग्राम प्रधान विवेक राठी के अथक प्रयासो से बॉल शूटिंग का मैदान द्धपार्क ऋ बनकर तैयार हो गया है जिसमे बुधवार की देर शाम कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक जयवीर सिंह व समाजस. वी धन प्रकाश धनु, ध्जीवित रूप से फीता काटकर पार्क का उद्घाटन किया खेल ट्राई के पहले दिन प्रतियोगिता मे शामिल टीमो को हरी झंडी देकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया है थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया किभाग दौड़ भरी जिंदगी में तनाव मुक्त रहने के लिए योग और खेल दोनों जरूरी है

ग्राम प्रधान विवेक राठी ने बताया की हमने सरकार के सहयोग से अपने गांव में एक पार्क बनाया है जिसमें योग जिम बच्चों के झूलने के समान खेल आदि लगाए गए हैं आज उसकी शुरुआत की गई है उन्होंने बताया पार्क में लाइट कैमरे लगाए गए हैं जिसमें आज हमने शूटिंग के मैदान में अभ्यास के लिए आसपास शूटिंग बाल की टीम में बुलाई गई हैजिसमे सहारनपुर जिले की दूधली दहिरपुर हरिद्वार से रुड़की मुजाहिद अफजलपुर पनियाला बुदिना कला आदि टीमो द्वारा भाग लिया गया है विजेता उपविजेता टीमो के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर भगत सिंह, तुगलकपुर,नैपालसिंह,बिजेंदर सिंह ( एमडी) सरनवी सिंह,बृजेश कुमार, शुभम, ओमसिंह, यजवीर सिंह, राजीव राठी, संजय कुमार, ललित कुमार, अंशुल आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# श्री सतगुरू रामरतन महाराज का प्राकट्य महोत्सव सम्पन्न

**रामपुरी आश्रम में हुआ विशाल सत्संग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** श्री सतगुरु रामरतन महाराज जी का प्राकट्य महोत्सव संपन्न श्री सतगुरु राम. रतन परब्रह्म दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री सतगुरु रामरतन पारब्रह्म दरबार मोहल्ला रामपुरी मुजफ्फरनगर में श्री सतगुरु रामरतन महाराज जी के जन्म दिवस के अवसर पर भव्य विशाल सत्संग समारोह का आयोजन आज बड़ी धूमधाम व बड़े हर्षोल्लास से किया गया जिसमें दरबार के आचार्य ने बताया कि महाराज जी का प्रादुभार्व 131 वर्ष पूर्व ग्राम जड़ौदा पांडा जिला सहारनपुर में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ।महाराज जी सतगुरु के रूप में विख्यात हुए।महाराज जी ने भव सागर से पार करने का मूल मंत्र श्री तारतम लाकर आत्माओं को मुक्ति का मार्ग दिया।और बताया पारब्रह्म एक है दूसरा नहीं ।क्षर अक्षर और अक्षरातीत परब्रह्म का संदेश विश्व कल्याण के लिए दिया ,और आत्मा का सीधा संबंध परमात्मा से है आत्मा का अखंड घर परमधाम है आत्मा का मिलन परमात्मा से सतगुरु के बताएं मार्ग से होता है अर्थात आत्मा का मिलने का मार्ग सतगुरु से होकर जाता है अर्थात सतगुरु श्री रामरतन जी साक्षात पारब्रह्म के रूप में आत्म कल्याण के लिए श्री सतगुरु बन आए हैं।भजन कीर्तन वाणी चर्चा ,बीतक चर्चा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।जिसमें निम्न श्रद्धालुओं नत्थन सिंह ,सुनील त्यागी ,अंगूरी ,राजनीता ,चित्रा, कुसुम धीमान ,सत्य कुमार ,बृजमोहन ,नरेश मधु त्यागी ,सपना ,करेशना ,मुकेश उपाध्याय ,उषा ,मनोज ,निर्मला ,संगीता सोनिया ,विदेश ,ममता ,देशपाल ,नवीन ,गौरव ,सौरव ,पायल ,प्राची ,नेहा, संतोष पूजा ,हेमलता आदि ने मुख्य रूप से प्रतिभाग किया।



# अर्द्ध-विक्षिप्त युवक आबिद का इंतकाल

**बुढ़ाना।** एक अर्ध-विक्षिप्त युवक इस फानी दुनिया को अलविदा कह गया। आबिद नाम का ये युवक बुढ़ाना कस्बे के सैंकड़ों दुकानदारों का चहेता बना हुआ था। अचानक से हुई उसकी मौत की खबर सोशल मीडिया पर पढ़कर लोग अचंभित हैं। दरअसल आबिद एक अर्ध-विक्षिप्त युवक था। जो कि समीपवर्ती गांव अलीपुर अटेरना का निवासी था।

गुस्सा उसमें कूट कूटकर भरा था। लोग उसको छेड़ते थे तो वह गुस्से में अपनी चिर परिचित भाषा में कहता था कि बेटे हम टेरने के, हम दिन में हि गोली मार दें। जब वह मूड में होता था तो कहता था कि गांव में मौत हो गयी और जब उसकी दाढ़ी मरी थी तो हमने पूरे गांव की दावत की थी इस जुमले को भी वह रटे हुए था। जिस दुक. नदार से वो पैसे मांगता तो उसमें से कुछ दुकानदार मजाक के तौर पर उससे कुछ ना कुछ सुनना पसंद करते थे और तब उसको पैसे देते थे। वह ये भी कहता था कि बेटे माल पीरा ला पैसे दें और दोनों हाथ साथ मिलाकर दुआ करता कि ऐ अल्लाह तुझे मालामाल करे और जो नहीं देता तो उसको गुस्से में हल्की फुल्की सी गालियां देकर मुंह बनाया हुआ आगे निकल जाया करता था। कोई दुकानदार उसको मुट्ठी भर दाल तो कोई चीनी तो कोई सब्जी भी दे देता था और इतना भी समझदार था कि शाम होते ही बुढ़ाना से किसी भी वाहन में बैठकर अपने घर पहुंच जाया करता और जो पैसे पूरे दिन एकत्रित होते थे वे अपनी भाभी को ही जाकर दिया करता था। क्या मजाल कि इकट्ठे हुए पैसे वो किसी और के दे। पहनावा भी लुंगी और लंबा सा कुर्ता और दाढ़ी रखे हुए और हाथ में मैला सा झोला जिसके चलते वह सभी का चहेता बना हुआ था। हंसना और पल भर में किसी भी बात पर गुस्सा हो जाना ये ही उसका स्टाइल था। मस्जिद में जाकर नमाज अदा करना और दुआ करना भी उसकी आदतों में शामिल था। उसके निधन से बहुत लोगों को झटका लगा है क्योंकि उसके स्टाइल से सभी उससे ठंडी मजाक करते थे तो वो उसी शैली में जवाब देता था। उसका घूरकर देखना भी लोगों को बहुत पसंद आता था। ये डायलाग भी मशहूर था कि गांव में फलां मर गया और पूरा गांव रो रहा है। असली नाम दानिश खान था जबकि उसको सभी आबिद कहकर संबोधित करते थे। हर कोई उसकी मौत की खबर से हतप्रभ हैं। बीते दिन इस बेखबर दुनिया से अंजान आबिद को गांव के कब्रिस्तान में ही सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। हर कोई उसके किस्से कह रहा था। गांव के पूर्व प्रधान विकास त्यागी, बुढ़ाना निवासी फरमान खान भी उसकी मौत से बहुत ही दुखी हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिलाओं से छेड़छाड़ व वीडियो बनाने पर पथराव, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव अंबेटा रिदान में शादी समारोह में महिलाओं के साथ छेड़खानी तथा वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया उसके बाद एक पक्ष के दर्जनों लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर जाकर पथराव कर दिया जिसमें बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस चौकी में दस लोगों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव अंबेटा रिदान में बुधवार को शादी समारोह में महिलाएं खाना खा रही थी आरोप है कि गांव के खुशी मोहम्मद पुत्र तहसीन, राकीब पुत्र मुस्तकीम महिलाओं के साथ छेड़खानी तथा वीडियो बना रहे थे महिलाओं ने अपने परिजनों को बताया महिलाओं के परिजनों ने विरा.ेध किया तो वीडियो बनाने वालों ने उनके साथ मारपीट की बीच बचाव में दोनों पक्ष वहां से चले गए उसके बाद आरोपी पक्ष के करीब एक दर्जन लोग जब्बार राणा पुत्र इशाक अली के घर पर जाकर ईट पत्थरों से हमला कर दिया तथा हाथों में लाठी डंडे व तमंचे भी लहराए जिसमें एक दो साल की छोटी बच्ची माहिरा के सिर में चोट आई बाद में पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों का मेडिकल कराया। इस संबंध में पीड़ित जब्बार राणा ने 10 लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर पांच आरो.पियों को पकड़ लिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि शादी समारोह में छेड़खानी व वीडियो बनाने को लेकर झगड़ा हुआ है जिसमें 10 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है पांच लोगों को पकडकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शादी समारोह में फोटो खींचने से मना करने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शादी समारोह में फोटो खींचने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के पिता ने थाने में दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा रिन्दान निवासी जब्बार पुत्र इसहाक ने दी तहरीर में बताया कि बुधवार को गांव में ही शादी समारोह में खाना खाने के लिए उसकी पुत्री गई हुई थी। वहीं पर गांव के कुछ युवक खुशी मौहम्मद पुत्र तहसीन व राकिब पुत्र मुस्तकीम पुत्री के साथ छेड़खानी कर विडियो बना रहे थे। युवती ने इस बारे में समारोह में मौजूद अपने भाई अनस को बताया। आरोप है कि विरोध करने पर युवकों ने पुत्र अनस के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट की जिसमे अनस को काफी चोटे आई। मौके पर मौजूद लोगों समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। पीड़ित ने बताया कि वहा से जाने के बाद प्लान बनाकर अपने परिवार वालों को साथ लेकर मोमीन, समीम, शौकिन, मोसीन, शारुख, वारिस, वसीम, रिहान आदि पीड़ित के घर के अन्दर लाठी डंडे व धारदार हथियार और खुशी मौहम्मद तमंचा लहराते ईंट पत्थर आदि से हमला बोल दिया। इस बीच छोटी लडकी माहिरा उम्र 2 वर्ष घायल हो गई। पीड़ित जब्बार राणा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## विद्युत विभाग की टीम ने पीएसी के साथ चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे में विद्युत विभाग की टीम ने पुलिस पीएसी के साथ विद्युत चेकिंग अभियान चलाया जिसमें सैकड़ो कनेक्शन चेक किए गए तथा नगर पंचायत द्वारा सरकारी नलों में छोड़े गए सबमर्सिबल पर मीटर लगाए गए। कस्बे में विद्युत विभाग की टीम द्वारा करीब एक पखवाड़े के बाद फिर से चेकिंग अभियान शुरू किया गया इस बार विद्युत विभाग की टीम स्थानीय पुलिस व पीएसी के साथ चेकिंग कर रही है चेकिंग के दौरान 150 कनेक्शन चेक किए गए 9 मीटर बदले गए तथा 25 उपभोक्ताओं के केबल घर से बाहर लगाए गए इसमें नगर पंचायत द्वारा सरकारी नलों में समरसेबल डालकर पानी की सप्लाई की जा रही है उन में पांच नलों पर मीटर लगाए गए इसके अलावा रुपये 90000 की बकाया बिल की वसूली की गई ।विद्युत टीम में अधिशासी अभियंता सौरभ पाठक, विद्युत उपखंड अधिकारी अनिल कुमार सिंह, विजिलेंस टीम के विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

# गेहूं की फसल काटने से रोक रहे दबंग, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** राजस्व विभाग की जांच के बाद भूमि पर खडी गेहूं की फसल को दबंगो द्वारा रोके जाने का विरोध करते हुए पीडित परिवार से उपजिलाधिकारी को शिकायत की,जिस पर तहसीलदार ऊन चौसाना पुलिस चौकी पहुंची और पुलिस को जांच रिपोर्ट से अवगत कराकर कटवा देने के निर्देश दिए। लेकिन आरोप है कि पुलिस व दबंग फसल काटने मे बांधा उत्पन्न कर रहे है। चौसाना चौकी क्षेत्र के ऊन तिराहे पर भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल व दुकानों को लेकर दो पक्षों में लम्बे समय से विवाद चला आ रहा था। जिसमें डेढ़ दर्जन लोग पाबंद हो चुके हैं। जिसके बाद विवाद के निस्तारण को राजस्व टीम उपजिलाधिकारी के आदेश पर मौके पर पहुंची थी और दोनो पक्षों से जानकारी व कागजात लेकर भूमि की पेमाईश की थी। जांच के दौरान राजस्व टीम ने पाया कि भूमि का भौतिक अधिकारी गय्यूर आदि को है। गय्यूर आदि के पक्ष में ही विरासत दर्ज है। वहीं दूसरे पक्ष एहसान के



हस्त लिखित दस्तावेजों को अपूर्ण व अवैधानिक बताया गया। राजस्व टीम ने बताया कि उक्त भूखंड पर प्रदेश की राजस्व संहिता 2006 के विधिक प्रावधान लागू होते है। जिस कारण एहसान पक्ष के एक रूपये के स्टाम्प पर हस्त लिखित दस्तावेज वैध नहीं हैं। जिसके आधार पर गय्यूर पक्ष भूमि पर खडी फसल को काटने पहुंचा तो आरोप है कि एहसान पक्ष के लोगो ने पुलिस की मदद से फसल काटने से रोका।

जिसके बाद पीडित पक्ष प्रशास.निक अधिकारियों के पास पहुंचा और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। बताया गया है कि तहसीलदार मौके पर पहुँची और पुलिस को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया लेकिन अब भी दबंग भूमि पर खडी फसल को काटने मे विरोध कर रहे है और लडाई पर उतारू है।

............................................

भूखंड की जांच के बाद जांच रिपोर्ट से पुलिस को अवगत करा दिया गया है। फसल पर जिस पक्ष का अधिकार है वही फसल को काटेगा।

**मृदुला दूबे,**
**तहसीलदार ऊन**

## एक नजर

### रोजगार मेले में विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के द्वारा दिनांक 25 अप्रैल 2025, दिन शुक्रवार को 10:30 बजे डीएवी इंटर कालेज,ऊन में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी मेधावी एस्पायर प्रा लि, यश कन्स्ट्रक्शन कम्पनी, पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियों द्वारा डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, ड्राइवर , साइट सुपरवाइजर, पिकर, पैकर, हेल्पर , प्रोडक्ट डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। कारपेंटर, कोपा, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कम्पनियां 650 पदों हेतु चयनित करेंगी। मेधावी एस्पायर प्रा लि के प्रतिनिधि संदीप उज्जवल बद्दी, सोलन एवं चंडीगढ़ हेतु हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों को 'रोजगार के साथ पढ़ाई' के लिए डिप्लोमा, डिग्री कोर्स आदि के लिए 300 पदों पर भर्ती करेंगे। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10:30 बजे पर रोजगार मेले में तीन बायोडाटा के साथ उपस्थित हो।

### सैनिक बंधुओं की होगी बैठक 23 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कर्नल अजय कुमार सिंह, अ0प्रा0 जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, शामली द्वारा जनपद शामली के सभी सम्मानित भूतपूर्व सैनिकों विधवाओं और वीर नारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23. 4.2025 को प्रात: 11:30 बजे दिन बुधवार को स्थान कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय, शामली की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन किया जाना निश्चित हुआ है। अगर किसी भूतपूर्व सैनिकधविधवाओं एवं वीरनारियों को कोई समस्या है तो दो कॉपी प्रार्थना पत्र के साथ समय पर आने की कृपा करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान कराया जा सकें।

### दो जुआरी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** साथनीय पुलिस द्वारा जुआ के दो आरोपियों में रिन्कू उर्फ विकास पुत्र मांगेराम, अनिल कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी मोहल्ला सैदमीर झिंझाना को काशीराम कालोनी से आगे कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## हिन्दू संगठन ने की बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय वैदिक हिंदू संगठन भारत के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल गहलोत के नेतृत्व में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि केंद्र सरकार ने संसद भवन में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास किया है। जिसको लेकर पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने अपने राज्य में लागू न करने की बात कही है जिससे वहां दंगा भड़का व कई लोग मारे गए और हिंदू समुदाय के परिवार पलायन करने पर मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि पलायन करने वाले हिंदू समाज के लोग डरे हुए हैं बंगाल की सरकार से उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

# स्वकर प्रणाली से नाराज हैं सभासद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** नगर पंचायत बनत के चेयरमैन व सभासदों ने नई स्वकर प्रणाली का विरा.ेध करते हुए इसको लागू न किए जाने की मांग की। उन्होने ईओ को ज्ञापन देकर सर्वे कराकर कर निर्धारण कराने की मांग की।

गुरूवार को नगर पंचायत बनत की चेयरमैन कुसुम देवी के नेतृत्व में सभासदों नें ईओ को ज्ञापन सौंपा। दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत भवनकर, जलकर, दुकान कर टैक्स 10 गुणा ज्यादा बढने की योजना है।

जिसका असर गरीब जनता पर पडेगा और यह जनहित में नही है। ऐसे 50 रुपये का टैक्स भरने वाले व्यक्ति पर 500 रुपये का टैक्स हो जाएगा। जिससे जनता में रोष व्याप्त है। उन्होने मांग की कि सर्वे कराकर जनता की राय ली जाए और उसके बाद ही टैक्स में बढोतरी की जाए। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, सभासद अमरेश चौधरी, सभासद इकराम अली उर्फ मुन्नु, सभासद अजय कुमार गोगियान, सभासद दीपक कुमार पाल, सभासद ख्वाजा खान, सभासद नीरज पाल, सभासद कल्लू, सभासद प्रतिनिधी नदीम चौधरी, सभासद प्रतिनिधी कृष्णपाल राणा, सभासद प्रतिनिधी सोनू कुमार, अजय कुमार, योगेन्द्र शर्मा, हरबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बागपत के व्यक्ति की खोड़समा में बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बागपत से चौसाना किसी काम से आ रहे व्यक्ति की हीरो डीलक्स बाइक को बदमाश चोरी करके ले गए। आरोप है कि पीड़ित बाइक को खड़ी करके शौच के लिए रुका था। तभी मौके की तलाश मे रहे बदमाशों ने चोरी की घटना का अंजाम दे दिया। पीड़ित का आरोप है कि तीन दिन बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

गांव कुताना जिला बागपत निवासी राजबीर चौसाना में किसी काम से आया था। उसी दौरान जैसे ही खोडसमा के निकट पहुंचा तो शौच की जरूरत समझकर रूक गया। पीड़ित ने अपनी बाइक को सडक के किनारे पर लगाकर क्रिया को करने लगा। उसी दौरान दो युवक आए और बाइक को लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों को देखकर शोर मचाया लेकिन आरोपी भाग निकले। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस चौकी को दी। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। साथ ही घटना वहॉ लगे सीसीटीवी कैमरे मे भी रिकॉर्ड हुई है। इसके अलावा पीड़ित का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

जिसमें पीड़ित बदमाशों पर तमंचे दिखाकर बाइक छीनने का आरोप लगा रहा है। जबकि पीड़ित ने पुलिस को चोरी के सम्बंध मे शिकायत की है। वहीं थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का कहना हैं पीड़ित ने चौकी पर तहरीर दी है सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे।

# बाबा साहेब आम्बेडकर के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज में 14 से 28 अप्रैल तक संपन्न होने वाले आम्बेडकर जयंती के संबंध में अंबेडकर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके चौथे दिन वीवी पीजी कॉलेज में एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिक.री डा. मुकेश कनौजिया तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. अर्शी खान और तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी कुणाल सिंह ने संयुक्त रूप से शपथ समारोह में सभी छात्र-छात्राओं को डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और



जीवन संघर्ष के बारे में जिक्र करते हुए समाज को सम रस और भाईचारे की भावना को संचारित करने के उद्देश्य को जागरूक किया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना में निहित तत्वों जैसे स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय की अभिव्यक्ति आदि पर विस्त्रीत चर्चा भी की।

## आम्बेडकर जयंती पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के 15 दिवसीय कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना सत्र में प्रात: 9 बजे से हुआ। जिसमें विद्यालय की 16 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। 8 बालिकाओं ने विषय के पक्ष में और अन्य 8 बालिकाओं ने विषय के विपक्ष में अपने-अपने तर्क दिए। प्रतियोगिता का परिणाम 18 अप्रैल को वंदना सत्र में घोषित होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, प्रतियोगिता प्रमुख अमित कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, अनीता रानी, कविता रानी, उपासना रानी, कपिल कुमार, वंदना रानी, दिव्या रानी, मोहित कुमार, विकास कुमार, आकांक्षा रानी, साक्षी रानी, रेनू रानी, नीलम रानी आदि मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए शामली में बैंक खुलवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दो सभासदों ने एडीएम को ज्ञापन देकर अमरनाथ यात्रा करने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए शामली में ही बैंक शाखा खुलवाए जाने की मांग की। गुरुवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि शामली को बने हुए 14 वर्ष हो गए है। भगवान अमरनाथ जी यात्रा के आवेदन के लिए जो भी पैसा बैंक में जमा होता है वह अन्य जनपदों जैसे मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद आदि जगह जाना पडता है। जिससे श्रद्धालूओं को काफी भारी परेशानी का सामना करना पडता हैं। श्रृद्धालूओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारे जनपद शामली में भी एक बैंक को नियुक्त कराई जाए। ताकि श्रद्धालू अन्य जिलों में फीस न जमा करके अपने जिले में ही आवेदन शुल्क फीस जमा कर सके। इस अवसर पर निशीकांत संगल, अनिल उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



शामली। किसानों की बैठक का दृश्य। छाया शाह टाइम्स

# किसानों की बिजली मुफ्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन (प्रगति) के पदाधिकारियों ने गुरूवार को क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित विश्वाश चौहान के आवास पर बैठक आयोजित की। जिसमे मुख्य अतिथि रास्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अमित मलिक रहे। बैठक में किसानो के गन्ना मूल्य सरकार द्वारा नहीं बढ़ाए जाने पर व किसानो को पूर्ण रूप से बिजली फ्री देने की मांग की। कहा कि जनपद में ओवरलोड वाहन को बंद कराया जाए। गौ शालाओ में साफ सफाई व किसानो को सरकार द्वारा दी गई योजनाओ का किसानो को जानकारी कैंप के माध्यम ए जाए व डग्गामार वाहन बंद किए जाए पर वार्ता हुई और कार्यकारणी विस्तार भी किया गया विस्वाश चोहान को पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष शामली साकिब मलिक व युवा जिला अध्यक्ष दानिश मलिक कांधला ब्लाक अध्यक्ष परवेज व उस्मान व डॉ. दिनेश चोहान सतपाल सिंह प्रधान सुभाष नेता जी रणवीर सिंह राजकुमार सतीश कुमार तेजपाल सिंह विशाल सिंह हिमांशु आर्यन चौधरी मास्टर शेर सिंह ने भाकियू प्रगति की सदस्यता ली व किसान व मजदुरो के साथ हर समय खड़ा रहने का वचन दिया आदि दर्जनों कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# चार एम्बुलेंस का शामली सीएचसी से शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शासन से मिली चार एम्बुलेंस का शामली सीएचसी से शुभारंभ किया गया। नई एम्बुलेंस मिलने से स्वास्थ्य सेवाऐं और बेहतर हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग शामली को शासन द्वारा 102 एवं 108 में नई 12 एम्बुलेंस मिली है एवं एक एम्बुलेंस पूर्व में ही मिल गई है। कुल 13 नई एम्बुलेंस जनपद शामली को दी गई है। यह सभी एंबुलेंस पुरानी एंबुलेंस की जगह दी गई है जिनकी आयु पूर्ण हो चुकी है। जिसमें चार एम्बुलेंस शामली सीएचसी को प्रदान की गई, जिसमें दो 108 और दो 102 एम्बुलेंस शामिल है। वही सीएचसी कैराना, थानाभवन, कांधला, झिंझाना को भी एम्बुलेंस प्रदान की गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाऐं और बेहतर हो सकेगी। गुरूवार को सीएचसी शामली से चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक कुमार द्वारा एम्बुलेंस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, शासन एवं 108 एवं 102 एंबुलेंस के इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की एवं बधाई दी।



कहा कि जीवीके इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज हमेशा से गर्भवती महिलाओं एवं इमरजेंसी केसों में बेहतर एंबुलेंस सेवा प्रदान करने के निण् सदैव प्रयासरत रहेगी। मौके पर सभी हॉस्पिटल स्टाफ मंडल प्रभारी जयविंद्र जसोया, जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, पायलट विकास कुमार ऐश्वर्या, वीरेंद्र, आलम, प्रवीण, दीपा, रुद्र प्रताप, सतीश, मुकेश, आकाश, आदि मौजूद रहे।

# मेदांता अस्पताल ने लगाया कैंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत विकास परिषद शामली अमृत द्वारा शहर के मंदिर ठाकुरद्वारा में मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम नोएडा के सहयोग से विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 157 मरीजों की जांच कर उनको उपचार दिया गया।

गुरुवार को शहर के मंदिर ठाकुर द्वारा में भारत विकास परिषद शामली अमृत द्वारा मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम नोएडा के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अंकित गोयल और राजीव मलिक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कैंप में मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम से आई चिकित्सकों की अनुभवी टीम ने मरीजों की जांच की और उनको उपचार दिया। कैंप में शुगर जांच, बीपी, ईसीजी, बीएमडी, हडिडयों के कैल्शियम की जांच, पीएफटी फेफडों की जांच की गई। इस अवसर पर संस्थापक पाल गोयल, अध्यक्ष अजय संगल, ब्रिजेश सैनी, अंकित जैन, डा. रेखा अग्रवाल, आर्यवती गोयल, संतोष वार्ष्णेय, गौरव गोयल, डा. अर्जुन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दुआ से दवा तक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** गुरूवार को नोडल अधिकारी के आदेशानुसार जिला मान.सिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम अंकित यादव एवं प्रेरणा के द्वारा दुआ से दवा तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साईं धाम मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं को जानकारी दी गई। मंदिर में आए हुए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से अवगत कराया गया व लक्षण बताए गए। इन लक्षणों के प्रतीत होने पर जिला चिकित्सालय की ओपीडी सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को मनकक्ष आने की सलाह दी गई। सभी को राज्य मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस का टोल फी नम्बर 14416 पर भी संपर्क कर मानसिक समस्या का परामर्श एवं सुझाव ले सकते है एवं अन्य लक्षण नींद न आना, उल्टी सीधी बातें करना, आत्महत्या का विचार आना चिंता उलझन, अनजाना भय, निराशा के भाव आदि के बारे मे विस्तार से बताया। इस आयोजन मे मंदिर के पूजारी पंडित नारायण शास्त्री, चौन सिंह, राजेंद्र मौजूद रहे।

## रामसागर और नाले की पटरी पर गंदगी के लगे अंबार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले तीन दिनों से सफाईकर्मियों के न पहुंचने से शहर के मौहल्ला रामसागर और नाला पटरी पर गंदगी के अंबार लगे है। सभासद ने ईओ को पत्र लिखकर सफाई इंस्पेक्टर पर साफ सफाई न कराए जाने का आरोप लगाया है। पिछले तीन दिनों से शहर के मौहल्ला रामसागर और नाला पटरी पर सफाईकर्मियों के न पहुंचने पर सडकों पर कूडे के ढेर लगे है। हालात यह हो गए है कि ब्लॉक शामली के गेट पर भी कूडे के ढेर लग गए और आने जाने वाले लोगों को दिक्कते हो रही है। कूडा न उठाए जाने से लोगों के घरों के बाहर कूडा एकत्रित हो गया है। सभासद पति मनोज कुमार ने ईओ नगर पालिका को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि सफाई इंस्पेक्टर की सफाई व्यावस्था में कोई रूचि नही है। बार बार फोन करने के बाद भी फोन नही उठाए जाते है। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। उन्होने मौहल्ले में फैली गंदगी की साफ सफाई कराए जाने की मांग की।

# विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं का हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक बाग में गौवंश के अवशेष मिलने पर मालिक द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए धरती में दबा देना उसे महंगा पड़ गया। सूचना पर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया।पुलिस ने कार्रवाही करते हुए बाग मालिक को जेल भेज दिया है और गौकशी करने वालों की तलाश में जुट गई है।

गौवंश की सुरक्षा को लेकर पुलिस एड़ी से चोटी का जोर लगा रही है।यहाँ तक कि गौतस्कर पुलिसिया गोली से घायल भी हो रहे हैं लेकिन इसके बावजूद गौतस्कर अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं।जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पार एक बाग स्वामी को बाग में गौवंश के अवशेष पडे दिखायी दिए। बाग स्वामी के खानदानी होने, सादगी व ईमानदारी की चर्चा भी इलाके में है। लेकिन सीधे साधे बाग स्वामी ने किसी के कहने पर साम्प्रदायिक माहौल को खराब होने से बचाने को लेकर पुलिस को बिना बताए अवशेष को बाग में दबा दिया। आनन फानन में फिर भी कुछ अवशेष छुट गए।इसकी जानकारी मिलने पर बुधवार की देर रात को विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए व हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव कुमार भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए जांच पड़ताल की तो बाग स्वामी ने अपनी गलती मानते हुए सारी बात बता दी। आखिर पुलिस ने बाग स्वामी को अवशेष दबाने में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। हालांकि गौवंश का वध करने वाले कौन है इसका पता नही लग सका है।पुलिस टीम गौकशी करने वालों की तलाश में जुट गई है।

इस दौरान विहिप के जिला उपाध्यक्ष जयराज पंवार, जिला सह मंत्री आकाश चौधरी, पंडित दिग्विजय शर्मा, पंकज सैनी रोहित कश्यप अवनीश पाल, गौतम पाल, सोनू पाल,जयकुमार, नितिन पंवार उर्फ काला सभासद, सचिन अग्रवाल, शेंकी पंवार,सारंग चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कहासुनी में फायरिंग

**नकुड़।** बीती रात चंद्रपाल खेड़ी गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग किए जाने का आरोप है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर वहां से भाग चुके थे।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात कस्बे से सटे चन्द्र खेड़ी निवासी आजाद पुत्र यासीन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि देर रात उनके घर पर नयागांव रोड स्थित एक नर्सिंग होम संचालक व उसके स्टाफ ने उनके घर पर पहुंचकर उनके साथ मारपीट की, इतना ही नहीं पथराव भी किया जाते समय फायरिंग भी की। घटना के बाद मौके पर काफी लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ितों ने बताया कि घटना के बाद उसके परिवार के लोग डरे हुए हैं। आजाद का कहना है कि हमलावरों ने धमकी दी है कि इस बार तो बच गए अगली बार नहीं छोड़ेंगे।

# मां के दर्शन मात्र से दुख दूर: मुकेश चौधरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** भाजपा के नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने कहा है कि मां देवी बाला सुंदरी के दर्शन मात्र से ही मां के भक्तों के सभी दुखों का स्वयं निवारण हो जाता है। यह बात उन्होंने नगर में लगने वाले माँ देवी बाला सुंदरी मेला के समापन अवसर पर कही है।

बुधवार को देर रात्रि के समय माँ देवी बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण में मेला प्रबन्ध कमेटी द्वारा मेला समापन एवं पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मेला में सुंदर दुक. ाने लगाने वाले दुकानदारों व मेला आयोजन में अपना सहयोग करने वाले सभी लोगो को पुरुस्कृत करके सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि नगर में लगने वाला देवी मां बाला सुंदरी का यह मेला जहां हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। मेला कमेटी संरक्षक जयनाथ शर्मा व मेला प्रबन्धक पवन सिंघल न भी विचार रखे।

इस अवसर पर राजीव सिंघल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विद्युत विभाग के एसडीओ बृज किशोर, प्रदीप सिंघल, हरीश चन्द्र प्रधान, पूर्व प्रधान नवनीत, बालकृष्ण शर्मा, बाबू प्रधान, सोनू सिंघल, राकेश जैन, सुनील जैन, सभासद अमजद अली, अहसान अहमद, तौकीर अहमद, श्यामनाथ शर्मा, गुल्लू चेयरमैन, कैलाश चंद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सैनी ने किया।

# बाबा साहेब का राष्ट्र पर उपकार: राजू



**बिहारीगढ।** क्षेत्र के गांव टांडा मिश्री में एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन तोमर युवा महासचिव राजू कश्यप व पत्रकार कुलदीप सिंह ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के समक्ष दीप जलाकर व बुद्ध वंदना से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राजू कश्यप ने कहा दुनिया में उच्च व सर्वोत्तम लिखित संविधान देकर बाबा साहब ने राष्ट्र पर उपकार किया है जिसमें बिना भेदभाव के सभी को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में राजू कश्यप, अनिल कुमार, रामकुमार, पुन्नू कश्यप, जगपाल सिंह, बबलू कश्यप, सुमित कश्यप, कान्हा कश्यप, कुलदीप सिंह, हिमांशू कश्यप, ओमप्रकाश रविदासी, अमरनाथ, शिवकुमार, अंकित कुमार, जसबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रस्तावों पर चर्चा

**सरसावा।** दि किसान को आपरेटिव शुगर मिल बोर्ड की प्रथम बैठक मे रखे गए पाच बिन्दुओं के प्रस्ताव को लेकर सौहार्द वातावरण मे चर्चा की गई।

गुरुवार को शुगर मिल के सभागार मे जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता मे बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे पांच बिन्दुओं पर आधारित प्रस्ताव रखे गए। सबसे पहले बोर्ड के सभापति डीएम मनीष बंसल ने मौजूद संचालकों से परिचय लेकर गत कार्यवाही की पुष्टि के उपरांत पेराई सत्र मे प्राप्त परिणामो की समीक्षा करते आगामी पेराई सत्र मे कैसे अधिकाधिक गन्ना पेराई हो इस पर आपसी विचार विमर्श हुआ। बैठक में उप सभापति प्रमोद राणा, सभापति ठा दिलीप सिंह, महिला सभापति सीतारानी, सजय राठी, मित्र पाल, पुष्पेन्द्र सिंह, प्रधान प्रबंधक राजकुमार मित्तल मौजूद रहे।

# साजिश की तैयारी: पत्नी ने प्रेमी से मिल पति को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर मारपीट करने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। इस तरह की वारदातों को देख पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है। पिछले करीब तीन साल से उसका कस्बे के पांडोली रोड निवासी एक युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। कई बार मना करने के बाद भी वे दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है । उल्टे उसे किसी मामले में फंसा देने की धमकी देती है।

पीड़ित का आरोप है कि बुधवार देर शाम जब वह एक शादी समारोह के बाद अपने घर लौटा तो उसकी पत्नी का प्रेमी उसके घर में मौजूद था। जब उसने उसका विरोध किया तो उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी युवक के साथ मिलकर मारपीट की है। शोर शराबा सुनकर अडोस पडोस के लोग इकठ्ठा हो गये तो वह धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित ने आशंका जाहिर की है कि ये दोनो मिलकर मेरे साथ कोई अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते है।थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कमिश्नर से मिलकर आंदोलन की चेतावनी



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक डेलीगेशन ने मंडलायुक्त से मिलकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चौदह दिन के अंदर समस्त गन्ने का भुगतान दिलाये जाने की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष्ज्ञ चौ.वीरेंद्र सिंह ओहलान के नेतृत्व में डेलीगेशन ने मंडलायुक्त से कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है कि चौदह दिन के अंदर समस्त गन्ने का भुगतान हो जाना चाहिये, लेकिन बजाज चीनी मिल के अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते वर्ष 24-25 का भुगतान बकाया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भुगतान न करने वाले बजाज चीनी मिल के खिलाफ कार्रवाई न करने पर यूनियन आंदोलन को बाध्य होगी।

प्रतिनिधि मंडल में सुनील ठाकुर भी शामिल रहे।

## बेदखली/संबंध विच्छेद

मेरा पुत्र **गुलनवाज** व उसकी पत्नी **श्रीमती तसमीम** अपने गलत आचरण के कारण मेरे कहने सुनने से बाहर हो गये हैं और आये दिन लड़ाई झगड़ा गाली गलौच व मारपीट करते रहते हैं, इसलिए मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से दोनों को बेदखल करता हूं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मैं और मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इमरान पुत्र शम्सु**, निवासी- ग्राम व पोस्ट सड़क दूधली, थाना जनकपुरी देहरादून रोड, सहारनपुर।
मो.नं. 9639355994.

# टैक्स एडवोकेट एसो. का मधुर मिलन समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा मधुर मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष राजेश कपूर महासचिव दीपक जैन कोषाध्यक्ष अचिंत तायल संरक्षक ज्ञानपाल गुप्ता, राकेश जैन, चंद्रमोहन शर्मा एवं धीरेंद्र प्रताप सिंह जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन एवं अनिल मित्तल एसी/जीएसटी सेंट्रल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष राजेश कपूर ने बताया कि यह सद्भावना एवं संस्कृति का अनूठा संगम है। महासचिव दीपक जैन द्वारा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अधिकारीगण एवं अधिवक्ता बंधुओं का स्वागत किया। । जीएसटी एडिशनल कमिश्नर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह बहुत सराहनीय प्रयास है। केंद्रीय जीएसटी के कमिश्नर अनिल मित्तल द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम से आपसी परिचय होता है। संस्थापक अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षों से इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। अंत में अमित गोयल एडवोकेट द्वारा सभी को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

कार्यक्रम में अधिकारी वर्ग से सुप्रीटेंडेंट करण सिंह, ग्रेड टू अपील एन एल सोनी, डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह, प्रशांत अवस्थी, राजीव शाक्य, अरुण कक्कड़, माता प्रसाद पाण्डेय, अश्वनी सिंह, एस पी वर्मा, श्याम वर्मा आदि एवं एडवोकेट्स में प्रवीण सूरी, एच के अरोड़ा, प्रदीप जैन, अनिल मिश्रा, अंकित गर्ग, अंशुल भारद्वाज, विनोद सिंघल, मनोज जैन नितिन गोयल, अमित गोयल, प्रभात राणा, रवि शर्मा देव. बंद, अनिल सैनी, आयुष, पराग, पुष्कर कपूर, आयुष, शशांक, विजेंद्र, उमंग, संजय धीमान, जितेंद्र, हर्ष कपूर, रवि प्रकाश शर्मा, अनिल गुप्ता, विनय अग्रवाल, अनिल शर्मा, वैभव, आकाश, पारस, अचिंत तायल,जावेद रशीद, अरशद, प्रियांक भारद्वाज, गौरव, गोविंद, पराग गोयल, देवेंद्र वाधवा, अनिल मिश्रा भारत खुराना, आलोक रितिशेक, आशीष गुप्ता, अमित शर्मा, रजत, अर्पित, अशोक आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग अफसरों की छापेमारी से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अवैध पैथोलॉजी लैब और चिकित्सा इकाइयों के खिलाफ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुनाल जैन की छापेमारी ने सनसनी मचा दी। सीएचसी फतेहपुर के सामने मैक्स वैल पैथोलॉजी लैब और एचडीएफसी बैंक के समीप वैलनेस हॉस्पिटल पर की गई कार्रवाई ने इन इकाइयों की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। खास तौर पर मैक्स वैल लैब की अनियमितताएं सुर्खियों में हैं, जिसे तत्काल सील कर दिया गया।

डॉ. कुनाल जैन को अवैध लैब और अस्पतालों की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के लिए मैक्स वैल पैथोलॉजी लैब पहुंचने पर कई अनियमितताएं सामने आईं। लैब बिना उचित अनुमति और मानकों के संचा. लित हो रही थी। ।ब्ड० ने लैब को सील कर मालिक को कागजात के साथ कार्यालय बुलाया और सत्यापन तक इसे बंद रखने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस लैब के खिलाफ पहले भी शिकायतें थीं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में यह मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रही थी। वहीं, वैलनेस हॉस्पिटल में ।ब्ड० के पहुंचते ही वहां मौजूद तथाकथित डॉक्टर मरीजों को छोड़ फरार हो गए। यह घटना अस्पताल के संचालन और डॉक्टरों की डिग्री पर सवाल उठाती है। ।ब्ड० ने अस्पताल मालिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। दोनों इकाइयों की वैधता लंबे समय से संदिग्ध थी, और क्षेत्रवासियों ने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

इस कार्रवाई से अवैध चिकित्सा इकाइयों में खलबली मच गई है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। मैक्स वैल लैब की अनियमितताओं की खबर प्रमुखता से चर्चा में है।

## ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के कुँवर शेखर विजेन्द्र आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर एवं विरासत दृ यूनिवर्सिटी हेरिटेज रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय इतिहास एवं संस्कृति का महत्व दृ सहारनपुर जनपद के विशेष संदर्भ में विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता साहित्यकार एवं इतिहासविद् राजीव उपाध्याय श्यायावर ने सहारनपुर जनपद की बहुआयामी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्थापत्य परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसकी स्थानीय स्मृतियों, स्थापत्य परंपराओं, लोकगाथाओं और सांस्कृतिक निरंतरता में निहित होती है।

## संवरता का विमोचन

**सहारनपुर।** आज दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में स्मार्ट सिटी के कार्यो पर आधारित स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार की गयी कॉफी टेबल बुक संव. रता सहारनपुर का विमोचन महापौर डॉ. अजय कुमार, मंडलायुक्त अटल कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष बसंल, जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान, सीडीओ सुमित राजेश महाजन, वीसी एसडीए संतोष कुमार राय, अपर नगरायुक्त राजेश राय, मुख्य अभियंता निर्माण वी के सिंह व जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल आदि द्वारा किया गया।

# मिस्त्री पर चोरी का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निवासी एक महिला ने किराये के मकान में टायल पत्थर लगाने वाले मिस्त्री पर आभूषण चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कोठीवाला सुलतानपुर निवासी महिला नगमा ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया है कि उसके घर पर निर्माण कार्य चल रहा है इसलिए वह पडोस के ही मोहल्ला मजहर हसन में आबाद पुत्र मुख्तयार के मकान में किराये का कमरा लेकर रह रही है। जिसमें एक मिस्त्री टायल पत्थर लगाने का काम कर रहा है। पीडिता ने बताया कि वह तेरह अप्रैल में मिस्त्री को टायल पत्थर लगाते छोडकर बाजार से सामान लेने गयी थी। मिस्त्री के अलावा कमरे पर कोई नही आता जाता। पीडिता को सोलह अप्रैल को जब अपने पति के साथ रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए तैयार होते समय बैग से आभूषण निकाल रही थी तो आभूषण बैग में नही थे। पीड़िता का कहना है उसके बैग में पचास हजार रूपये व आभूषण रखे हुए थे, जिसमें रूपये तो रखे हुए मिले हैं लेकिन आभूषण चोरी कर लिये गये हैं। पीडिता का कहना है कि उक्त मिस्त्री तीन दिन से काम पर भी नही आया है उसके मोबाईल नम्बर पर फोन किया तो उसने फोन कॉल रिसीव नही किया। पीडिता ने उसके घर गांव दाबकी जाकर पता किया तो मिस्त्री की बहन ने बताया कि वह शादी में गया हुआ है।

# शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चे सम्मानित





**नागल।** खंड विकास क्षेत्र नागल के विभिन्न विद्यालयों में मार्च माह मे शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर हुआ सम्मानित किया गया।

शासन द्वारा सरकारी विद्यालयों मे शत प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास क्षेत्र नागल के प्राथमिक विद्यालय पांडोली, प्राथमिक विद्यालय शीतलाखेड़ा,प्राथमिक विद्यालय माजरी, कंपोजिट विद्यालय धर्मपुर गुर्जर, पीएम श्री विद्यालय तलहेड़ी बुजुर्ग, प्राथमिक विद्यालय कपूरी गोविंदपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर लबडोला, प्राथमिक विद्यालय गढी ताजपुर ,उच्च प्राथमिक विद्यालय दुगचाढ़ा, कंपोजिट स्कूल डंगहेड़ा ,प्राथमिक विद्यालय जाटौल, प्राथमिक विद्यालय दगडोली में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापकों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी ने कहा कि सभी शिक्षक शासन के आदेशानुसार काम करें। इस अवसर पर ओमवीर सिंह, तबरेज आलम, इंतजार अहमद, डा नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पदक विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया।गुरुवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ नवीन कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंब्रिज स्कूल के प्रबंधक प्रमोद त्यागी,एलआईसी के ब्रांच मैनेजर गांधी जी व किशोर कुलश्रेष्ठ रहे। कैंब्रिज स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने व अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। किशोर कुलश्रेष्ठ, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सचिन कुमार, प्रधानाध्यापक डॉक्टर नवीन कुमार सिंह ने विद्यालय की प्रगति और छात्राओं द्वारा खेलों में जीते गए पदको का भी उल्लेख किया। तत्पश्चात खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रमोद त्यागी व एलआईसी के ब्रांच मैनेजर गांधी जी, मनोज गुप्ता, किशोर कुलश्रेष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र,मेडल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सुसंस्कारवान होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ,मनोज लांबा ,मोहम्मद मेहताब, नवीन चौधरी ,अमरीश कुमार, आकांक्षा ,उमा देवी और मुसव्वर अली आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नंदी

पत्रांक-मीमो/ग्रा.प.नि./2025 दिनांक 15.04.2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत नंदी में मॉडल शॉप के लिए इच्छुक फर्मो/ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 15.04.2025 से 25.04.2025 तक ग्राम पंचायत से निविदा फार्म निर्धारित शर्तो पर दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर सकते है। शाम 3 बजे उसी दिन निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत नंदी**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नंदी**

## कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।

पत्रांकः निर्माण/निविदा /सहा0/2025- 50 दिनांक 16/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत अधोलिखित तालिका में अंकित कार्य के निर्माण / मरम्मत कार्य हेतु वित्तीय रुप से सुदृढ एवं अनुभवी मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा दिनांक 08.05.2025 को शाम 5.00 बजे तक ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे दिनांक 08.05.2025 की शाम 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 09.05.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक 09.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे अथोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की तिथि में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निर्माण कार्य की लागत अनुरक्षण लागत सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | नवीन मण्डी स्थल, थानाभवन में पूर्व निर्मित शौचालय की मरम्मत, 02 नग वाटर स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण, समर्सिबल पम्प की आपूर्ति / स्थापना सहित, फल-सब्जी हेतु 20 नग स श्रेणी की दुकानों का निर्माण, 02 नग टाईप द्वितीय, 01 नग टाईप तृतीय आवासीय भवन का निर्माण, आन्तरिक मार्गों का हाटमिक्स पद्धति से सुदृढीकरण एवं सड़क के दोनों ओर इण्टरलाकिंग एवं नाली का निर्माण तथा 01 नग पुलिस चैक पोस्ट तथा 01 नग बैंक भवन आदि का निर्माण कार्य। (2025_RKUMP_1029051) | 266.21 | 15.31 | 25000+4500 | नौ माह | 90 दिन | 'अ' |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर में 20 नग सुपर मार्केट की दुकानों का निर्माण एवं प्रस्तावित दुकानी के जल निकासी हेतु आवश्यकतानुसार नाली का निर्माण कार्य। (2025_RKUMP_1029054) | 98.51 | 6.93 | 15000+2700 | छः माह | 90 दिन | 'ब' |
| 3 | मण्डी समिति, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत जन्धेडा-नल्हेडा गुर्जर मार्ग से फतेहउल्लापुर तक लं० 1. 00 किमी० नवीन सम्पर्क मार्ग का निर्माण। (2025_RKUMP_1029058 | 25.09 | 2.51 | 3800+700 | चार माह | 90 दिन | 'द' |
| 4 | मण्डी समिति, थानाभवन के क्षेत्रान्तर्गत लुहारी बिजलीधर दूधली मार्ग से इण्टर कालेज बाढ़ मार्ग तक लं० 0.60 किमी० नवीन सम्पर्क मार्ग का निर्माण (2025_RKUMP_1029060 | 22.64 | 2.27 | 3400+620 | चार माह | 90 दिन | 'द' |
| 5 | मण्डी समिति, थानाभवन के क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विथालय पंवारखेडा से प्राचीन शिव मन्दिर तक लं० 1.00 किमी० नवीन सम्पर्क मार्ग का निर्माण (2025_RKUMP_1029065 | 36.95 | 3.70 | 5600+1000 | चार माह | 90 दिन | 'द' |
| 6 | मण्डी समिति, मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बसेडी मजरा (ग्रा०प०बसेडा) से गंगनहर की पटरी तक ल० 1.65 किमी० नवीन सम्पर्क मार्ग का निर्माण ।(2025_RKUMP_1029067) | 61.51 | 5.08 | 9300+1670 | पाँच माह | 90 दिन | 'स' |

शर्तें-

1. ई-निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद सहारनपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर में संचालित खाता संख्या-30394554900, IFSC Code SBIN0006688 के खाता सं० में तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या-30394554966, IFSC Code SBIN0006688 में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी।
2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांकःगु०अभि०-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक: 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में 'द' श्रेणी को छोड़कर अ.ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्तर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्ते के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र व सी०ए० द्वारा प्रमाणित वांछित टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीट Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे भी प्रतिभाग कर सकती है।
4. उपरोक्त तालिका में अंकित 'अ' एवं 'ब' श्रेणी से सम्बन्धित कार्यों हेतु PWD, R.E.D, U.P.R.N.N तथा UPPCL विभाग में सामान्य श्रेणी अर्थात अ एवं ब श्रेणी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है।
5. सम्पर्क मार्गों के कार्य की अनुरक्षण अवधि पाँच वर्ष की होगी, जिन्स हेतु नियमानुसार स्वीकृत अनुक्षण की धनराशि का भुगतान लो०नि०वि० एवं परिषद के अग्रिम आदेशों के अनुसार प्रत्येक वर्ष अलग से देय होगा। शेष नियम व शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।
6. 'द' श्रेणी की निविदाओं में 'द' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवहीन ठेकेदार 20.00 लाख एवं अनुभवी ठेकेदारों को 40.00 लाख तक की निविदाओं में भाग ले सकेंगे।

उप निदेशक (निर्माण)

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छत पर कपड़े फैलाने के दौरान महिला करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के डेहरा गांव निवासी लालचंद की पुत्री नितम की शादी जनपद मुजफ्फरनगर में कस्बा पुरकाजी के जटखेड़ा गांव निवासी नीटू के साथ हुई थी। पिछले कई दिनों से वह मायके आई हुई थी। बृहस्पतिवार की देर शाम वह कपड़े धोकर उन्हें फैलाने के लिए छत पर गई थी। इस दौरान वह वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत से परिवार में मातम पसर गया। पुलिस का कहना है कि शव को परिजनों के सुपूर्द किया गया है।

# दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेले में दुकान (फड़) लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मोहल्ला खानकाह स्थित दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र निवासी अकरम और नूर मोहम्मद ने श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी शक्तिपीठ पर चल रहे मेले में हलवा पराठा की दुकान लगाई हुई है। बृहस्पतिवार की शाम मोहल्ला शाहबुखारी निवासी नासिर और जाबिर उनकी दुकान के सामने फड़ लगा रहे थे। इसको लेकर उनके बीच कहासुनी के बाद गाली गलौज हो गई। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इससे वहां अफरा तफरी मच गई। नासिर का आरोप है कि अकरम ने अपने साथियों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की। जबकि अकरम ने नासिर और जाबिर पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिल गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी का अनावरण

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक गोदाम से दो मोबाइल फोन और नकदी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है।

घटना के संबंध में प्रहलाद पुत्र उदयराम जाट, निवासी अलावलपुर रोड, कस्बा छुटमलपुर नेशिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर ने उनके गोदाम में खड़ी गाड़ी से दो मोबाइल फोन और 9500 रुपये नकद चुरा लिए। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। 17 अप्रैल 2025 को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने देहरादून रोड पर संत निरंकारी भवन के पास आम के बाग से दो अभियुक्तों साहिल उर्फ बन्दा पुत्र अफजाल, निवासी हरिजन कॉलोनी, छुटमलपुर, और शाकिर पुत्र शराफत, निवासी खेड़ी शिकोहपुर को गिरफ्तार किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं को किया जाएगा बेहतर: बृजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए 50 बेड के अस्पताल एवं ओपीडी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।



अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि देवबंद क्षेत्र में राज्य सरकार की ओर से बेहतर विस्तार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता को उपचार के लिए कहीं ओर नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि भविष्य में क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० प्रवीण कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर शिविर आदि लगाकर ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ लोगों को दिया जा रहा है।

मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। अध्यक्षता हैल्थ सुपरवाइजर पूनम त्यागी व संचालन डॉ. रियंका चौधरी ने किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, डॉ. सुखपाल सिंह, डॉ. उपेंद्र चौधरी, सो. निक कश्यप, डॉ. आशुतोष, डॉ. अनुज चौहान, पूरण सिंह, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पालिका बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका बोर्ड बैठक में आय-व्यय समेत विकास से संबंधित सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होने के साथ ही प्रमुख समस्या रोडवेज बस स्टेशन के लिए नगर पालिका के स्वामित्व की जमीन 30 वर्षों के लिए परिवहन विभाग को पट्टे पर देने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई।

नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में सर्वसम्माति से वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित आय 59 करोड़ 58 लाख 89 हजार रुपये और अनुमानित व्यय 49 करोड़ 17 लाख 10 हजार रुपये का बजट स्वीकार किया गया। रोडवेज बस स्टेशन के लिए जमीन दिए जाने, जनहित में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना किए जाने के प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई।

चेयरमैन विपिन गर्ग ने कहा कि जनप्रतनिधियों एवं जनता की मांग के मद्देनजर आधुनिक बस स्टेशन की स्थापना कराए जाने के लिए परिवहन निगम को पालिका की स्वामित्व वाली जमीन को पट्टे पर देने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है।



बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी डा धीरेंद्र कुमार राय, सभासद मनोज सिंघल, सुधा अजय गांधी, हैदर अली, कुलदीप सैनी, शाहिद हसन, सैयद हारिस, इकबाल अंसारी, विपिन त्यागी, औसाफ सिद्दीकी, अंकित राणा, रिहाना, आयशा, रविंद्र चौधरी, महक चौहान, अर्जुन सिंघल, अख्तर अंसारी, नदीम चौधरी, नाहिदा खानम आदि सभसाद शामिल रहे।

# तेरी आरजू करे वो जिसे तजुर्बा नहीं, मैं यकीन कैसे कर लूं के तू बेवफा नहीं: चिश्ती

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में बुधवार की रात्रि शाम-ए-गजल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रसिद्ध गजल गायक साजिद वाजिद साबरी और सोनिया चिश्ती ने शानदार गजल प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गजल मेरे दिल में रहकर भी अजनबी से लगती है पर पंडाल तालियां से गूंज उठा।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. सैयद नासिर शाह ने फीता काटकर और पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने मोमबत्ती जलाकर किया। गजल गायक साजिद वाजिद साबरी ने मेरे दिल में रहकर भी अजनबी सी लगती है, मुझको यह यकीन था मनचली सी लगती है, शोखियों को रहने दो यह अदा ना दिखलाओ, नौजवान लड़कों में खलबली सी लगती है सुनाकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। महिला गजल गायिका सोनिया चिश्ती ने पढ़ा..तेरी आरजू करें वो जिसे तजुर्बा नहीं है, मैं यकीन कैसे कर लूं के तू बेवफा नहीं है, अपने लहू की कीमत मैं तलब करूं तो कैसे, मेरा दोस्त मेरा कातिल कोई दूसरा नहीं है, सुनाई तो पंडि तालियां से गूंज उठा। अध्यक्षता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. सुखपाल सिंह व संचालन सलीम कुरैशी व अंसार मसूद ने संयुक्त रूप से किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक मौहम्मद सलीम कुरैशी ने सभी आगंतुको का आभार जताया। इस मौके पर अशोक गुप्ता, राजेश सिंघल, धर्मपाल सिंह, विनय कुच्छल, वैभव अग्रवाल, डॉ. बीपी सिंह, मास्टर हनीफ, मुर्तजा कुरैशी आदि मौजूद रहे।





# सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आशंकाओं को किया स्वीकार

**देवबन्द।** सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर दूसरे दिन हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धांत रूप में उन आशंकाओं को स्वीकार किया है जो याचिकाओं में प्रस्तुत की गई। मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विरुद्ध दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस कानून पर अंतरिम रोक लगाने से इंकार कर दिया। हालांकि न्यायालय ने वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। अदालत ने आदेश दिया कि कोई भी वक्फ संपत्ति चाहे वह पंजीकृत हो या वक्फ बाय यूजर की श्रेणी में आती हो अपनी वर्तमान स्थिति में बनी रहेगी। उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि न्यायिक अनुशासन के तहत केवल पांच याचिकाओं पर अगली सुनवाई 5 मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस अंतरिम आदेश पर कहा कि यह कानून वक्फ के लिए गंभीर खतरा है। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की स्थिति को बदलना और उन पर कब्जा जमाना है। इसलिए इस कानून पर अंतिम और कठोर निर्णय की आशा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धांत रूप में उन आशंकाओं को स्वीकार किया है जो हमारी ओर से प्रस्तुत की गई हैं।

# खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद के करीब 33 स्कूलों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग व एथलेटिक्स में अंबहेटा चांद के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल झटके।

जनता हायर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन इंडियन स्पोटर्स फेडरेशन के महासचिव बसंत उपाध्याय, ऑर्गेनाइजिंग सचिव आकाश मौर्य और पैरामाउंट कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सन्नी कुमार व कार्तिक मौर्य के नेतृत्व में जनपद के स्कूलों के खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कबड्डी में आरएस कबड्डी एकेडमी के खिलाड़ी ऋतिक मोगरा व उनकी टीम ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल में साखन कलां के खिलाड़ी माणिक व उनकी टीम ने विजयी प्राप्त की। शतरंज में संस्कार भारतीय कांवेंट स्कूल के अक्षित शर्मा ने जीत हासिल की। जबकि बॉक्सिंग व एथलेटिक्स में अंबहेटा चांद के एनआईएस कोच अरूण कुमार योगी के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल झटके। इस मौके पर मुख्य अतिथि अंकित मौर्य, सहारनपुर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष इशांत चौधरी, शाहिद, स्कूल चेयरमैन मुकेश त्यागी, मुकेश नागर, अंजुल, दिपांशु, कपिल, रवि आर्य और वंशित आदि मौजूद रहे।




**देवबन्द।** मेला पंडाल में आयोजित शाम-ए-गजल में कलाम पेश करते कव्वाल — छाया: शाह टाइम्स

## आरएसएम में इंटर्नशिप कार्यक्रम

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से सिजेंटा कंपनी के साथ एक सफल इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 10 छात्र और छात्राओं का चयन हुआ है। कंपनी के टेरेटरी मैनेजर मृदुल दीक्षित ने छात्रों को कंपनी के प्रोफाइल और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को कंपनी के मिशन और विजन के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सहायक प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि इंटर्नशिप प्रोग्राम के अलावा, कॉलेज का प्लेसमेंट सेल छात्रों को प्लेसमेंट दिलाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**नहटौर।** बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के तहत जन मानस को जागरूक करने के लिए वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला सराय जोखा सिंह के आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ हेमलता पाल, आंगनवाड़ी कविता, संगीता, सुनीता, शबाना, नाहिदा, खालिदा, मिथिलेश आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्यक्रम में शामिल हुई। सीडीपीओ हेमलता पाल ने पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की। 6 माह के शिशुओं का अन्नप्रशान कराया गया। उन्होंने इस अभियान के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जनमानस को जागरूक करने का आह्वान किया। बाल विकास परियोजना के कार्यालय से एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में पोषण संबंधी उदघोष लगाती हुई कार्यकत्री चल रही थी। ब्लॉक कार्यालय से प्रारंभ होकर सीएचसी, ब्लॉक कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रोडवेज बस स्टैंड, हल्दौर चौराहे से होकर कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई।

## रकम हड़पने के आरोपी का चालान

**नांगल सोती।** नांगल थाना क्षेत्र के गांव जीतपुर निवासी अभिषेक पुत्र रामकुमार ने **20** अप्रैल **2024** को नांगल पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि हैल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी बंद करने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने उसे मोबाइल से कॉल की और भेजे गए ओटीपी को पूछ लिया। झांसे में आकर उसने उक्त व्यक्ति को ओटीपी बता दिया, जिसके बाद उक्त जालसाज व्यक्ति ने उसके बैंक खाते से **79367** रुपए उड़ा लिए। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की खोजबीन शुरू कर दी थी। जिसके बाद इस मामले में राहुल पुत्र अजयपाल निवासी भरत सिटी टीला मोड लोनी गाजियाबाद का नाम प्रकाश में आया था, तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी जालसाज राहुल पुत्र अजयपाल को कोट्सराय की नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से **18** पासबुक, **12** एटीएम, **16** सिम कार्ड, **6** मोबाइल फोन, **22** चैकबुक, **3** आधार कार्ड, **1** पैनकार्ड, **1** चैक और पांच सौ रुपए बरामद किए है। पूछताछ के बाद आरोपी के संबंधित मुकदमे में चालान कर दिया।

## गो संरक्षण केंद्र का का निरीक्षण

**अफजलगढ़।** गांव अगवानपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र का गोशाला नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार व डॉ. पीएस कोहली डिप्टी सीवीओ धामपुर ने गोशाला के नोडल अधिकारी ने औचक निरक्षण किया। इस दौरान गोशाला में संरक्षित गोवंश के हरे चारे, भूसा गोदाम में एकत्रित भूसे आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं बढ़ती गर्मी के चलते पीने के पानी के लिये बनी हौज व गोशाला में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सहित गोशाला संरक्षक ग्राम प्रधान कैलास चंद व कासमपुर गढ़ी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह व अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

## किसान पर गुलदार ने किया हमला

**स्योहारा।** क्षेत्र में बढ़ रहे गुलदारों के हमले के बीच आज क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में उस समय अफरा तफरी मच गई। जब आज सुबह अपने खेत से गेहूं काट रहे किसान सुनील कुमार (**32**) पुत्र बलराम सिंह पर अचानक एक गुलदार ने हमला कर दिया। जिसमें सुनील गंभीर घायल हो गया, जिसको सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का मुआयना कर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है।

# संदिग्ध अवस्था में व्यक्ति की मौत

## पुत्र ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला बड़वान में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। मृतक के पहली पत्नी के पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।



जानकारी के अनुसार मोहल्ला बड़वान निवासी रामावतार सैनी पीडब्ल्यूडी में चालक के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वह पिछले काफी समय से बीमार भी चल रहे थे। परिजन उनका मुरादाबाद में उपचार करा रहे थे। रामावतार सैनी की दो पत्नियों का पहले निधन हो चुका है जबकि उनकी तीसरी शादी पूनम से हुई है। जिसके दो लड़के हैं। बीते दिनों रामअवतार सैनी की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। रामवतार की पहली पत्नी के पुत्र नीशू ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि करीब 6 माह बाद रामअवतार अपनी नौकरी से रिटायर होने वाला था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में अंधाधुध की जा रही बिजली कटौती से ग्रामीण खासे परेशान है। बीते कुछ दिनों जैसे जैसे गर्मी का तापमान बढ़ रहा है। गर्मी के मौसम लोगों को बिजली की जरूरत बढ़ रही है, जिसके चलते सौफतपुर बिजली घर लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। जहां दिन के समय में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर दिन भर शटडाउन के नाम पर कई बार बिजली गुल हो जाती है। वहीं दिन में **11** बजे से **3** बजे तक कंट्रोल से लगातार आपूर्ति ठप करके ग्रामीणों को रुलाया जा रहा है। यह सिलसिला बीते कई दिनों से लगातार बना हुआ है, बिजली की इस कटौती से सौफतपुर बिजली घर से जुड़े नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर, शहजादपुर, हरचंदपुर, मायापुरी, सौफतपुर आदि कई गांव के हजारों उपभोक्ता परेशान है। जेई ध्रुव कुशवाह ने बताया कि **132** केवी बिजलीघर बरकतपुर से कटौती के चलते सौफतपुर बिजलीघर पर समस्या बनी हुई।

# 3 जुलाई से शुरू होगी श्री अमरनाथ यात्रा, तैयारी शुरू

## धामपुर शाखा ने सेवा शिविर को दी एक लाख सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा पंजाब के अध्यक्ष कर्मजीत सिंह मांगा ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों की सेवा करने का पुण्य भगवान की उपासना करने के समान होता है।

स्टेशन मार्ग स्थित श्री रामा रेजिडेंसी में संस्था की धामपुर शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि **3** जुलाई से प्रारंभ होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल में लगने वाले शिविर की तैयारी के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी दिन-रात कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही इस वर्ष बालटाल में **39** वां शिविर लगाया जाएग, जिसमें पहुंचने वाले भक्तों की नि:शुल्क सेवा की जाएगी। शाखा संयोजक सुशील अग्रवाल पचरंगी ने कहा कि वह भगवान भोलेनाथ की प्रेरणा से ही क्षेत्र के शिव भक्तों को बाबा अमरनाथ बर्फानी की यात्रा करा रहे हैं। कार्यक्रम में धामपुर शाखा की ओर से एक लाख रुपए का चेक अध्यक्ष कर्मजीत सिंह मांगा को भेंट किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा अमरनाथ बर्फानी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों को मोती की माला तथा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में गोरा लाल, शंभू नाथ, पुरुषोत्तम दास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पीयूष अग्रवाल आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बिजनौर, नहटौर, शेरकोट, नगीना आदि स्थानों से भी शिव भक्त पहुंचे थे। कार्यक्रम का संचालन पवन संगम ने किया।

# कृष्णा में ओपन पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता 26 से

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप आफ कॉलेजेस, बिजनौर व लीजेंड शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन साथ में मिलकर राष्ट्रीय स्तर की ओपन पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता **26** व **27** अप्रैल को होगी। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कृष्णा कॉलेज बिजनौर में आयोजित होगी, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप कुल **3** लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। जिसमें देश के जाने-माने पावर लिफ्टर व आर्म रेसलर इस प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे। यह बिजनौर वासियों के लिए बड़े गर्व का विषय है कि इतने बड़े स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णा कॉलेज बिजनौर में हो रहा है।

# अब महिलाएं संचालित करेगी राशन की दुकान, लॉटरी से चयन

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र की रिक्त चल रही राशन की तीन दुकानों के लिए लॉटरी सिस्टम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राशन डीलरों के समर्थक शामिल रहे। वहीं पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार तहसील के सभागार में आयोजित लॉटरी चयन के दौरान धामपुर ब्लॉक के गांव सुहागपुर की राशन डीलर के लिए दो आवेदन जमा हुए। जिसमें परवीन जहां पत्नी जमील अहमद के नाम की पर्ची निकली। इसी तरह अथाई शेख के लिए नौ आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मिस्बाह पत्नी रेहान तथा नहटौर के गांव खालिदपुर बलराम के लिए आरती पत्नी कोमल के नाम की पर्ची एक छोटे बच्चे इसके द्वारा निकाली गई।




# नीरज चोपड़ा की दमदार वापसी

## 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में जीता पाट इनविटेशनल ट्रैक टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पाट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कान्टिनेंटल टूर चौलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार नीरज अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी पार की। अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी राबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेज्नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लास बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नीरज ने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) व 2024 पेरिस (रजत) ओलंपिक खेलों में लगातार दो पदक जीते। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

## सौरभ कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स खिताब जीता



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियड्र्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

## एयरपोर्ट पर धोनी ने व्हीलचेयर पर बैठी प्रशंसक के साथ ली सेल्फी

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया। एयरपोर्ट पर धोनी ने दरियादिली दिखाई और व्हीलचेयर पर बैठी एक प्रशंसक के साथ सेल्फी ली।

धोनी सुरक्षाकर्मियों के बीच से गुजर रहे थे और उनकी नजर प्रशंसक पर पड़ी जो उनके साथ फोटो लेना चाहती थी। धोनी थोड़ी देर के लिए रुके और प्रशंसक की तरफ गए। धोनी ने उस प्रशंसक का फोन लिया और उनके साथ सेल्फी ली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग माही के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा कर रहे हैं। भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिला चुके धोनी कई बार ऐसा कर चुके हैं और प्रशंसकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा ही सरल होता है। उन्हें अक्सर प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते देखा जाता है, खासकर अपने गृहनगर रांची में। धोनी इस वक्त आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शेष सत्र से बाहर हो गए हैं जिस कारण धोनी उनकी अनुपस्थिति में कमान संभाल रहे हैं। धोनी का समर्थन करने के लिए चेन्नई के घरेलू मैदान एमए चिदंब. रम स्टेडियम पर ही नहीं, बल्कि हर वेन्यू पर प्रशंसक आ रहे हैं। सोमवार को सीएसके और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मैच के दौरान अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में भी धोनी की दीवानगी देखने को मिली थी। धोनी ने लखनऊ में अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और सीएसके ने लगातार पांच मैच हारने के बाद जीत हासिल की थी। उस मैच में धोनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था और 2018 सीजन के बाद पहली बार उन्हें प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया था। धोनी आईपीएल इतिहास में प्लेयर आफ द मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सीएसके का सामना अब रविवार को मुंबई से वानखेड़े स्टेडियम पर होगा।

**धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: मशाल गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

**समस्तीपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बिहार में आयोजन के अवसर पर मशाल गौरव यात्रा आज समस्तीपुर जिले में पहुंची। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन, खेल प्रेमियों, युवाओं और आम जनता ने मशाल गौरव यात्रा का अत्यंत उमंग और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। यह यात्रा खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति जनजागरण और उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार के 38 जिलों से होकर गुजर रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन पहली बार बिहार में किया जा रहा है, जो 04 मई से 15 मई तक नालंदा, पटना, गया, भागलपुर, बेगूसराय में संपन्न होगा। इस आयोजन में देशभर के हजारों युवा खिलाड़ी भाग लेंगे, जो अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। मशाल गौरव यात्रा का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह जगाना और पूरे राज्य में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। समस्तीपुर में मशाल गौरव यात्रा के स्वागत के दौरान युवाओं और खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिससे इस आयोजन की सफलता की उम्मीद और भी मजबूत हुई। स्थानीय अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी सक्रियता दिखाई।

## वनडे क्रिकेट एक अलग तरह की चुनौती: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट की बढ़ती साख के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य का समर्थन किया है।

**पचास ओवर के प्रारूप से मेरा जुड़ाव गहरा रहा है: रोहित शर्मा**

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पाडकास्ट में बताया कि किस तरह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान उनकी टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट हमेशा से ऐसी चुनौती पेश करता है जो कोई प्रारूप नहीं देता। रोहित ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में टी-20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, वनडे क्रिकेट खेल के सबसे सम्मानित प्रारूपों में से एक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 50 ओवर के प्रारूप से उनका जुड़ाव गहरा है, जो एक क्रिकेटर के रूप में उनके प्रारंभिक वर्षों से जुड़ा है। रोहित ने कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट को लेकर कई तरह की बातें की जाती हैं कि यह स्थायी है या नहीं। हम सभी लोग वनडे विश्व कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखकर ही बड़े हुए हैं और हमने ये खेल खेला भी है। वो सब मैच रोमांचक होते हैं। मुझे पता है कि वह पहले की बातें हैं क्योंकि लोग अब टी-20 क्रिकेट देख रहे हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की चुनौती अलग ही है। भारत ने हाल ही में रो. हित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। रोहित ने इस दौरान पांच मैचों में 180 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 83 गेंदों पर 76 रन बनाए थे जिससे भारत खिताब अपने नाम करने में सफल रहा था।

# गंभीर के कमेंट्स लीक होने के बाद बड़ी कार्रवाई

### बीजीटी में हार के बाद BCCI ने कोचिंग स्टाफ को दिखाया बाहर का रास्ता

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने बार्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में टीम इंडिया की 1-3 से हार और ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर तीन कोचिंग स्टाफ को हटा दिया है। इसमें सहायक कोच अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई शामिल हैं। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक नायर की जगह किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि बल्लेबाजी कोच के तौर पर सितांशु कोटक पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं।

वहीं, दिलीप का काम सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे देखेंगे। ट्रेनर सोहम देसाई की जगह ट्रेनर सोहम देसाई की जगह एड्रियन ली लेंगे, जो अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। वे 2008 से 2019 तक इंग्लैंड टीम के साथ भी थे। उन्होंने 2002 से 2003 तक टीम इंडिया के साथ भी काम किया। उनका बीसीसीआई के साथ कान्ट्रैक्ट हो गया है। दिलीप और सोहम को भारतीय टीम के साथ तीन साल से ज्यादा समय हो गया था।

जबकि अभिषेक नायर 8 महीने पहले ही टीम के साथ जुड़े थे। बीजीटी के दौरान गंभीर की ड्रेसिंग रूम में कही बात लीक हो गई थी बीजीटी के दौरान मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफार्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया। गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि नेचुरल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। गंभीर की यह बात लीक हो गई थी। उसके बाद गंभीर ने कहा था कि प्लेयर्स और कोच के बीच की बातचीत ड्रेसिंग रूम तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसे बाहर नहीं आना चाहिए। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में तनाव की खबरों का भी खंडन किया था और कहा कि ये केवल रिपोर्ट हैं, इसमें सच्चाई नहीं। भारत पहला टेस्ट जीता, एक ड्रा और तीन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहे भारत बार्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से हारा था। इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला गया था। भारत ने 295 रन से इस मैच को जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया। वहीं, बिस्ब्रेन में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रा रहा। मेलबर्न में खेले गए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराया। सिडनी में खेला गया आखिरी मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता। भारत के दो मुख्य बल्लेबाज रोहित और कोहली का खराब प्रदर्शन भारत के दो टॉप बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। जबकि, रोहित से 5 पारियों में मात्र 31 रन बन सके। भारतीय टीम सीरीज की 9 इनिंग में 6 बार 200 का आंकड़ा पार न कर सकी। आईपीएल मैच एनालिसिस आईपीएल में रोमांचक सुपर ओवर थ्रिलररूस्टार्क की जादुई गेंदबाजी से दिल्ली ने राजस्थान को हराया, टेबल टॉपर बनी कैपिटल्स दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया।



# सुरुचि-सौरभ ने मिश्रित स्पर्धा में जीता सोना



● सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए चीन की जोड़ी को 17-19 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया

**लीमा, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया। इस वर्ष आईएसएसएफ विश्वकप में सुरुचि का यह तीसरा स्वर्ण और कुल मिलाकर चौथा पदक था। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। इस बीच, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी ने 16-6 से हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

## दिल्ली स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष एनएफसी सेमीफाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** गत चैंपियन दिल्ली ने गुरुवार को चंडीगढ़ को 8-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यहां खेले गए मुकाबले के पहले सत्र में दिल्ली ने सात गोल किये। दिल्ली की ओर से मोइरंगथेम राज. ेश्वर सिंह, आदित्य अधिकारी और लैशराम राहुल मैतेई ने दो-दो गोल तथा सांखिल दारपोल तुइशांग और अरमान अहमद ने एक-एक गोल किए। दिल्ली ने शुरू से ही मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और सातवें मिनट में मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह के गोल कर दिल्ली को बढ़त दिलाई। आदित्य अधिकारी ने 16वें मिनट में दूसरा गोल किया।

## आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में



**मैड्रिड, वार्ता।** आर्सेनल एफ सी ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में आर्सेनल ने रियल मैड्रिड 2-1 हराया। आर्सेनल की ओर से पहला गोल 65वें मिनट में बुकायो साका ने किया। वहीं उसने दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। सेमीफाइनल में आर्सेनल का मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

# हैदराबाद ने मुंबई को 163 रनों का लक्ष्य दिया

### अभिषेक ने 40, क्लासन ने 37 रन बनाए, मुंबई से विल जैक्स को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 163 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बालिंग चुनी।

हैदराबाद ने 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 40 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से रायन रिकेलटन और रोहित शर्मा ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से मोहम्मद शमी ने पहला ओवर फेंका। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना दिए। पैट कमिंस ने 8 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक शर्मा ने 40 और हेनरिक क्लासन ने 37 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई से 20वां ओवर कप्तान हार्दिक पंड्या ने फेंका। उनके खिलाफ अनिकेत वर्मा ने 2 और पैट कमिंस ने 1 छक्का लगाया। इस ओवर में 22 रन बन गए। इससे पहले 18वें ओवर में दीपक चाहर के खिलाफ 21 रन बने थे। हैदराबाद ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की पहली बाल लो फुल टॉस फेंकी। हेनरिक क्लासन बाल को पूरी तरह मिस कर गए और बोल्ड हो गए। उन्होंने 37 रन बनाए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की चौथी बाल फुलर लेंथ फेंकी, नीतीश रेड्डी बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पर तिलक वर्मा के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 21 गेंद पर 19 रन बनाए। 15वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। 12वें ओवर में मुंबई इंडियंस को तीसरा विकेट मिला। विल जैक्स ने ओवर की पहली बाल ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड लान्ग ऑफ पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए। हेड ने 29 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड नो बाल पर कैच हो गए। ओवर की तीसरी गेंद हार्दिक पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी, हेड डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। हेड पवेलियन जाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर ने नो बाल का सायरन बजा दिया। हेड फ्री हिट पर भी कैच हुए। वे इस वक्त 24 रन पर बैटिंग कर रहे थे। 9वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स ने ओवर की चौथी बाल ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ईशान किशन आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग हो गए। वे 2 ही रन बना सके। 8वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पहला विकेट लिया।



# विधानसभा याचिका समिति सदस्य बने विधायक आशु

## सपा कार्यालय पर महानगर प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोडा के साथ कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व देहात विधायक आशु मलिक को उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर सपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताकर आशु मलिक को शुभकामनाएं और अखिलेश यादव का आभार जताया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में देहात विधायक आशु मलिक को शेष कालावधि के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति में सदस्य नामित किया गया है। बताते चले कि आशु मलिक समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व राष्ट्रीय





अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी मना मिठाई बांटी और उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताया। अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर मिठाई बताकर खुशी मनाएं और उनके जो भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि विधायक आशु मलिक की कार्यशैली को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें याचिका समिति सदस्य बनाया गया है जो हम सबके लिए गौरव की बात है। सपा महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि विधायक आशु मलिक कोई याचिका समिति सदस्य बनाए जाने पर विधानसभा में याचिका डालने वालों को न्याय मिलेगा, ऐसी उन्हें पूर्ण आशा है। इस मौके पर सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी शुभम थापा, चौधरी जुमला सिंह, शेखर कुमार, हसीन कुरैशी, वेदपाल पटनी, सोनू, शुभम वर्मा आदि मौजूद है।

# डा. भीमराव आम्बेडकर जयंती मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोसिएशन सम्बद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी एवं भारतीय मजदूर संघ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर की खंडीय इकाई के गठन के साथ डा. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सिचाई विभाग के अवर अभियंता संघ भवन में डा. अम्बेडकर एव भारत माता के चित्र पर अधिशासी अभियन्ता अतुल कुमार मौर्य ने दीपक जलाकर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया तथा उन्होंने कहा की डा. अम्बेडकर सविधान निर्माता और हमारे पूजनीय है हमे उनका अनुकरण करना चाहिए। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि हमें बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर नये भारत का निर्माण करना है तथा संविधान की रक्षा करके ही भारत को महान बनाया जा सकता है। पश्चिम क्षेत्र उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेन्द्र धवलहार एव तरुण भोला मण्डल प्रभारी ने कहा कि बाबा साहब को नमन करते हुए नई इकाई की कार्यकरिणी को बधाई दी। शिक्षक नेता राजकुमार चौधरी, जिला मंत्री आनंद त्यागी, सौरभ गौतम ने नई कार्यकार्यकारिणी को बधाई दी। आज निर्वाचित कार्यकारिणी में रूपेश कुमार अध्यक्ष, मनोज सैनी मंत्री, राजेन्द्र कुमार ऑडिटर, भूपेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, प्रदीप सैनी वरीष्ठ उपाध्यक्ष, लक्ष्य गॉड उपाध्यक्ष आदि निर्वाचित हुए।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य: मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा मलिक एडवोकेट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है और देश के मुस्लिमों को सुप्रीम कोर्ट से बहुत उम्मीदे है।

मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि वक्फ कानून केंद्र की भाजपा एनडीए गठबंधन सरकार का आनन फानन में लाया गया कानून है जो संविधान का उलघन है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ठ तौर पर कहा कि अगली सुनवाई तक, वक्फ, जिसमें पहले से पंजीकृत या अधिसूचना के माध्यम से घोषित वक्फ-बाय-यूजर शामिल है, को न तो डीनोटिफाई किया जाएगा और न ही कलेक्टर इसमें कोई निर्णय ले सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करने वालो में हकीम अकबर अली, अब्दुल हसीब, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, नवाब मलिक, इरशाद, लुकमान मलिक, डाक्टर नासिर अली, महबूब तलहेड़ी, फेसल मिर्जा, याहिया मलिक, इस्लाम, वकील मलिक, अब्दुल कय्यूम आदि शामिल रहे।

# सीएम योगी से मिले मेयर डा. अजय कुमार

## मुम्बई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमानसेवा की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाक. ात कर सरसावा एयरपोर्ट का नाम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखने तथा सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु करने की अपनी मांग दोहरायी है।

महापौर ने दिल्ली रोड स्थित सरोवर का नाम राष्ट्रीय एकता सरोवर रखने का भी अनुरोध किया है। महापौर अजय कुमार ने इसके लिए मुख्यमंत्री को अलग-अलग पत्र भी सौंपे हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गत दिवस लखनऊ में भेंट की। उन्होंने भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर नगर निगम की ओर से एक कार्य योजना देते हुए कहा कि दिल्ली रोड स्थित बडेघ् सरोवर पर लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित करते हुए उसके



सौंदर्यीकरण करने की योजना बनायी गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त सरोवर का नाम राष्ट्रीय एकता सरोवर रखने की स्वीकृति देने तथा सरोवर के चारो ओर देश के महापुरुषों के जीवन दर्शन को दर्शाते हुए शिलालेख स्थापित कर राष्ट्रीय एकता वीथिका का निर्माण करने की मांग की है ताकि उक्त स्थल आम जनमानस के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बन सके। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सरसावा एयरपोर्ट से सम्बंधित दो अलग-अलग पत्र देते हुए सरसावा एयरपोर्ट का नाम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखने तथा सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु कराने का अनुरोध किया है। महापौर ने मुख्यमंत्री को बताया कि सहारनपुर विश्वविख्यात वुड कार्विंग उद्योग के अलावा हौजरी एवं टैक्सटाइल का बड़ा व्यवसायिक केंद्र है तथा सहारनपुर की सीमाएं उत्तराखण्ड, हरियाणा एवं हिमाचल से लगती है। अतः सरसावा एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, सूरत, लखनऊ, अयोध्या व प्रयागराज के लिए विमान सेवाएं शुरु होने से पड़ौसी प्रदेश के लोगों को भी लाभ मिल सकेगा।

# सौ प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे पुरस्कृत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के 10962 बच्चों को सौ प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया।

विभिन्न विकास क्षेत्रों के 891 विद्यालयों के 10962 बच्चों को माह मार्च 2025 में सौ प्रतिशत उपस्थिति हेतु पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उन सभी बच्चों को पेन, पेंसिल, नोटबुक, ज्योमैट्री बॉक्स इत्यादि देकर पुरस्कृत किया गया जो मार्च में सभी शैक्षिक दिवसों में उपस्थित थे। उक्त सम्मान समारोह में विद्यालय के स्टाफ तथा प्रबंध समिति सदस्यों द्वारा प्रतिभाग कर शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पुरुस्कार पाकर छात्र छात्राएं आनंदित थे।

# पुलिस कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान

**नकुड़।** नकुड़ कस्बे में चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। बीते दो दिन में हुई दो बड़ी बाइक चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

सरसावा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल के बाहर से एक चोरी वरिष्ठ पत्रकार की बाइक के अलावा अगले ही दिन शादी समारोह में शामिल होने आए जनता रोड निवासी धर्मेंद्र कुमार की बाइक भी उड़ा दी। हैरानी की बात है कि नगर के अधिकांश सीसीटीवी कैमरे या तो खराब हैं या बंद पड़े हैं, जिससे पुलिस के पास ठोस सुराग तक नहीं हैं। कुछ समय के बाद जब धर्मेंद्र बाहर निकला तो उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक गायब मिली। बैंक्वेट हॉल के निजी सीसीटीवी कैमरे में एक युवक बाइक उठाता नजर आ रहा है। धर्मेंद्र ने थाने में तहरीर दी है। लेकिन कार्रवाई की रफ्तार कछुआ चाल से भी धीमी है। बतादें कि दो दिन पहले वरिष्ठ पत्रकार नरेश गोयल की बजाज कम्पनी की महंदी कलर की बाइक शहनाई पैलेस के बाहर से चोरी हो गई। उन्होंने भी तत्काल थाने में शिकायत दी पर अब तक कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस नगर में ड्यूटी के नाम पर अपनी वाह वाही लूटती है। जबकि हालात ये हैं कि सार्वजनिक जगहों पर खड़े वाहन तक सुरक्षित नहीं हैं।

जबकि सच्चाई यह है कि नगर में लगे अधिकतर सीसीटीवी कैमरे या तो महीनों से बंद हैं या तकनीकी खराबी के कारण सिर्फ सजे हुए हैं। जबकि चोर न सिर्फ बाइक चोरी कर रहे हैं बल्कि खुलेआम दुकानों के अंदर घुसकर मोबाइल भी चोरी कर रहे हैं। इस प्रकार चोरों पकड़ने की प्रक्रिया को भी भली भांति समझा जा सकता है। इस बाबत क्षेत्राधिकारी एसएन वैभव पांडेय का कहना है कि ड्यूटी पॉइंट्स की जांच की जाएगी। लापरवाह पाए जाने पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सवाल उठता है कि जब चोर नगर में घटनाओं को अंजाम दे रहे हों और पुलिस सिर्फ बयान दे रही हो तो कानून व्यवस्था कैसे संभालेगी।

## नवजात की मौत पर हंगामा

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात शिशु की मौत हो जाने पर परिजनों ने चिकित्सको पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को शबनम पत्नी प्रवेज मोहल्ला कोठीवाला सुल्तानपुर को परिजनों ने डिलीवरी के लिए सीएचसी में भर्ती करवाया था। महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद गुस्साए परिजन सीएचसी पर जमकर हंगामा करने लगे व स्टाफ नर्स एवं उनकी सहायक पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाने लगे। परिजनों का आरोप था कि सही समय पर उचित ईलाज व सुविधा न मिलने के कारण नवजात की जान गई है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी थाना प्रभारी विवेक तिवारी ने परिजनों से वार्ता कर उन्हें शांत किया। लेकिन परिजन अस्पताल स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का कहना था कि डिलीवरी के दौरान स्टाफ की उदासीनता व संसाधनों की कमी के चलते यह घटना हुई है। देर शाम के समय सीएचसी पहुँचे नगर के कुछ गणमान्य लोगों ने परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया।

# व्यापारियों ने जताया जीआईएस सर्वे का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर में नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की जा रही अनुचित, जनविरोधी व अत्यधिक वृद्धि के विरोध में व्यापार मंडल ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौपा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयुक्त को सौपे ज्ञापन में नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में अनुचित, जनविरोधी व अत्यधिक 100 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है, जबकि पिछले वर्ष ही नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में 12.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। इससे हर नगरवासी व व्यापारी परेशान है। इसके लिए सहारनपुर को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आने व जी आई एस सर्वे को आधार बताया जा रहा है। जबकि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत



सहारनपुर में आज तक एक भी उल्लेखनीय विकास कार्य नगर निगम द्वारा नहीं किया गया है, चाहे सहारनपुर में व्यापारियों व नागरिकों के लिए प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग बनानी हो, सहारनपुर नगर के बीच में स्थित बस अड्डे को नगर से बाहर स्थानांतरित कर स्मार्ट व व्यवस्थित बस अड्डा बनाना हो, सब्जी मंडी व फलों के व्यापारियों के लिए वेंडर जोन बनाना हो, नगर निगम द्वारा आज तक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सहारनपुर में कोई भी उल्लेखनीय विकास कार्य पूरा नहीं किया गया है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मुकुंद मनोहर गोयल, महानगर महामंत्री इंजी. अजय शर्मा, महानगर कोषाध्यक्ष साहिल गाबा, महानगर युवा अध्यक्ष अंकित जैन, प्रदेश मंत्री गगन जैन, शैलेंद्र भूषण गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, आलोक मित्तल, संजय मोहन गुप्ता, अभिनव मित्तल, प्रवीण गाबा, अतुल गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, गौरव अग्रवाल, गौरव गुप्ता, संजय वालिया, प्रशांत गोयल, दीपक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# संयुक्त अधिवक्ता मंच के सभी प्रकोष्ठ भंग: जमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जिला अध्यक्ष जमाल साबरी एडवोकेट, पूर्व संयुक्त सचिव सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन ने मंच के सभी प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।

जमाल साबरी ने कहा कि जल्द ही संगठन के सभी प्रकोष्ठों की घोषणा की जायेगी संगठन में अधिवक्ता में की सेवा के सदैव तत्पर रहने वाले अधिवक्ताओं को मंच में जिम्मेंदारी दी जाएगी और आधिवक्ता के हर दुख सुख में साथ रहेगे तथा अधिवक्ताओं का किसी भी तरह उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओ की समस्या हल कराने के लिए जिले से लेकर प्रदेश व हर प्रदेश में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच अधिवक्ताओं के लिए काम रहा है। और आगे भी करता रहेगा।

# करोड़ों की ठगी के बाद जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जमीन के नाम पर करोड़ों रूपए की ठगी कर पैसे वापस मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

मौला वसीम पुत्र मौला मानिक रहमान निवासी नूतन हार्ट वर्धमान बड़ा बाजार पश्चिम बंगल ने अपनी पत्नी के साथ पुलिस लाईन पहुंचकर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण से भेंटकर सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि गुजरात में जमीन दिलाने के नाम पर उससे करोड़ों रूपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने बताया कि बिलाल खान उर्फ आशु पुत्र शमीम खान व उसकी मां श्रीमती साजदा उर्फ राजो पत्नी शमीम खान निवासीगण ग्राम संसारपुर थाना बेहट व उसके बहनोई असदुल्ला निवासी कैलाश विहार सहारनपुर, जावेद खान निवासी ग्राम संसारपुर थाना बेहट तथा उनके दोस्त आलम राव निवासी अज्ञात व बसपा के पूर्व नेता पन्नालाल कश्यप



पुत्र जी. एस. कश्यप निवासी विला नम्बर-4 राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद व इनके सहयोगी श्रीवास्तव जितेंद्र बाबू लाल निवासी ए-23 शिवम डुप्लेक्स ओपोजिट डी मार्ट वघोडिया रोड वडोदरा गुजरात व बालमुकंद प्रसादी पासवान निवासी ए-34ज रनचोडर नगर सोसायटी बिहाइंड भाई लाल पार्क सुस. ेशन तरसाली रिंग रोड वड़ोदरा गुजरात ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित के साथ करोड़ों रूपए की ठगी की है। पीड़ित ने बताया कि जब जमीन का बैनामा कराने का समय आया तो वह टालमटोल करने लगे। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपीगण उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी बिलाल खान उर्फ आशु ने ठगी करके अकूत सम्पत्ति व धन अर्जित कर रखा है जिसकी जांच कराकर जब्त किया जाए। पीड़ित ने एसएसपी से मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्वाही की गुहार लगाई है।

# एनजीटी सलाहकार समिति सदस्य बनाए गए चौ. तनवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समाजसेवी चौधरी तनवीर अहमद को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की केंद्रीय सलाहक. ार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए एनजीटी केंद्रीय समिति के तहत प्रभावी होगी।

चौधरी तनवीर अहमद की नियुक्ति पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति उनके गहरे समर्पण और उत्कृष्ट कार्यकुशलता को दर्शाती है। चौधरी तनवीर अहमद के नेतृत्व और पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से इन तीन राज्यों में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद है। उनकी इस नियुक्ति पर सहारनपुर वासियों ने गर्व व्यक्त किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अजीम अख्तर ने कहा कि चौधरी तनवीर अहमद की यह नियुक्ति उनके पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण का सम्मान है। सुभासपा प्रदेशाध्यक्ष हाफिज गुफरान अली ने कहा कि तनवीर अहमद का यह सम्मान उनकी मेहनत और पर्यावरण के प्रति जुनून का परिणाम है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बाबर अली, समाजसेवी अनस फरीदी, पत्रकार सोनू राणा, समाजसेवी राव शमीम, शेख प्रवेज, हुमा प्रवीन, अकशत शारदा ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि युवाओं को प्रेरित करेगी।

**R.K.Girls Degree College**
**Garhi Abdulla Khan,**
**Dist-Shamli**

**Required**
Code-523
**For the post of**
**Lecturers of BA**
**Course-(Subjects)-:**
Hindi, English, Sanskrit,
Home Science,
Economics.
**(Eligibility & Salary)-:**
UGC & Maa
Shakumbhari University,
Saharanpur norms.
Interested Candidates
may apply with resume
and documents.
E-mail-:rkgdegree
college2018@gmail.com
Mob-7983270771,
9758920004
**Secretary**

# मुन्नालाल की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत मुन्नालाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में आज तीसरे एवं अंतिम दिन लंबी कूद एवं ऊंची कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर आयोजित प्रतियोगिता में लंबी कूद में महाविद्यालय की 32 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लंबी कूद में 3.71 मीटर के साथ बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. आरजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. रितिका ने 3.45 मीटर की दूरी कूदकर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा 3.35 मीटर के साथ एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी निपुर पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद की स्पर्धा में 46 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें



बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. मिस्बाह ने 1.11 मीटर के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरे स्थान पर बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. कशफ रहीं। ऊंची कूद में तीसरे स्थान पर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी खुशनुमा ने कब्जा किया। आज के द्वितीय सत्र में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जूडो के अंतरराष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता रहे। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद, शतरंज, टेबल टेनिस तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में इन प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ मां शाकंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं तथा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय का प्रति. निधित्व करने वाली छात्रा कु. निपुर पाल, कु. शैली धीमान तथा कु. रितिका को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कु. नूपुर पाल को सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री तान्या ने अपनी मधुर आवाज में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। बी. ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. चीनू तथा कु. साक्षी ने तेरा जलवा गाने पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉ० रीता बोरा ने छात्राओं की क्रीड़ा सम्बन्धी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग सम्बन्धी उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर जया ने छात्राओं को आगामी सत्र में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# लंका दहन, हनुमान व माता सीता संवाद का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के 12वें दिन की रामलीला में मंगलवार रात्रि को लंका दहन, हनुमान-माता सीता संवाद एवं रामेश्वर पूजा की दिव्य लीला का अत्यंत भावपूर्ण एवं मनमोहक मंचन किया गया।

रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपनी अद्भुत अभिनय क्षमता से पौराणिक प्रसंगों को इस प्रकार जीवंत कर दिया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला भवन में आयोजित इस मंचन को देखने के लिए नगर एवं आस-पास से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

रामलीला का निर्देशन पवन गुप्ता एवं प्रवीण सिंघल द्वारा किया गया। मंचन की शुरुआत उस प्रसंग से हुई जिसमें भगवान हनुमान समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं और माता सीता का पता लगाते हैं। भगवान श्रीराम का संदेश और उनकी दी हुई अंगूठी को माता सीता तक पहुंचाने का दृश्य अत्यंत मार्मिक रहा। अशोक वाटिका में हनुमान और माता सीता के संवाद के समय दर्शक भावविह्वल हो गए और बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे।

इसके पश्चात हनुमान जी माता सीता की आज्ञा लेकर अशोक वाटिका के रक्षकों का संहार करते हैं और रावण की सोने की लंका में भीषण आग लगा देते हैं। जैसे ही मंच पर लंका दहन का दृश्य प्रस्तुत हुआ, मंच का दृश्य धू-धू कर जलती लंका को दर्शाता हुआ अत्यंत प्रभावशाली बना, जिससे दर्शकों को प्रतीत हुआ मानो साक्षात पौराणिक काल जीवंत हो उठा हो।

रामलीला महोत्सव का शुभारंभ नीदरलैंड से पधारे परम आदरणीय वष्णु महादेव पांडेय एवं परम पूज्य आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल के कर कमलों द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, के. के. शर्मा, सरस गोयल, प्रचार्य गौरव मिश्रा, अक्षय गोयल, गौरव सिंघल, साहिल सिंघल, प्रशांत गोयल, अमित वर्मा एवं रादौर से पधारे रविंद्र, संजय वेदपाठी, राकेश सिंगला तथा अंबेहटा से आए महादेव रामलीला मंडल के साथियों का रामलीला महोत्सव समिति द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्प मालाओं से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जैन, विजय त्यागी एवं नवदीप मित्तल ने जानकारी दी कि आगामी बुधवार की रात विभीषण की श्रीराम शरणागत वंदना तथा रावण-अंगद संवाद की लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया जाएगा।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

## वक्फ पर अंतरिम रोक

गुरुवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर आया फैसला निश्चित रूप से केंद्र सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र सरकार की और से पेश सॉलिसिटर तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद कहा कि मौजूदा वक्त में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। वक्फ संशोधन मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। हालांकि सरकारी वकील तुषार मेहता का कहना था कि वह इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करेंगे और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। तुषार मेहता का यह भी कहना था कि देश की शीर्ष अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर कुछ ज्यादा ही कठोर रूख अपनाया है। यह अपनाना नहीं चाहिए था। जाहिर है सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात को असरदार तरीके से रख पाने में सफल नहीं हुई। जिस तरह का रूख सुप्रीम कोर्ट का बुधवार को सुनवाई के दौरान देखने को मिला था। तभी साफ हो गया था कि सरकार अपना पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख पा रही है। अदालत बुधवार को ही अंतरिम फैसला सुनाने जा रही थी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस अपील पर कि सरकार को और सुनने का मौका दिया जाना चाहिए। तब पीठ गुरुवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई थी। अब सब कुछ शीर्ष अदालत के रूख पर निर्भर करेगा कि आगे चलकर वह किस तरह का फैसला सुनाते है। कानूनी जानकार तो यह भी मानकर चल रहे है कि बहुत संभव है कि वह निचली अदालत को सुनवाई के आदेश दे दे, तो अगर ऐसा होता है, तो मामला काफी लंबे समय के लिए लटक सकता है। यह तो पांच मई की सुनवाई के बाद ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है यह सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। जिस तरह सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही थी उस पर तो ब्रेक लग ही गया है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जब यह मामला अदालत में विचारधीन है तो लोग भी संयम का परिचय दे, लेकिन यह तभी संभव होगा जब सभी अपनी जिम्मेदारी को ठीक से समझें औरों की तो बात छोड़िए दो बड़े प्रदेशों के मुख्यमंत्री जिस तरह एक-दूसरे से उलझते दिखाई दे रहे है निसंदेह वह बेहद चिंता पैदा करने वाला है। बात तो बदकलामी तक पहुंच गई है। हम बात यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच छीड़े जुबानी जंग की कर रहे है। जहां योगी आदित्यनाथ ममता पर यह आरोप लगा रहे है कि वह दंगाईयों से हमदर्दी रखती है तो वहीं ममता बनर्जी भी योगी को भोगी कहकर उन पर पलटवार कर रहीं है। ऐसी भाषा से बचना होगा। इस तरह की भाषा देश का वातावरण ही खराब करती है। बेहतर यही है कि सब अदालत के फैसले का इंतजार करें।

## अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे



भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे, ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है, एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, ऐसी कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे, तो कानून बन जाएगा, अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता।

**जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# रिटायरमेंट के बाद अकेलेपन की कैद

## क्या शहर हमारे बुजुर्गों के लिए बन रहे हैं जेल?

**रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं और लोग सुनते नहीं, संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं, एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं**



**वीरेंद्र कुमार**

शहरों की चमचमाती रौशनी के पीछे एक स्याह साया है, जो हर शाम ढलते ही किसी खिड़की में उदासी बनकर टिक जाता है। यह साया किसी बुजुर्ग का है जो रिटायरमेंट के बाद, जीवन की उस अवस्था में पहुंचा है जहां उसे सबसे ज्यादा संवाद, साथ और सम्मान की ज़रूरत होती है। लेकिन इन महानगरों में, जहां वक्त की क़ीमत दौड़ से तय होती है, वहां उम्रदराज़ लोग अक्सर एक कोने में छूट जाते हैं। रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं, और लोग सुनते नहीं।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं। एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं। अब वही बुजुर्ग एक कमरे में टीवी के सामने अकेले बैठते हैं, जिन्हें केवल दवाइयों की समय-सीमा याद रखी जाती है, बाक़ी किसी संवाद की कोई आवश्यकता नहीं समझी जाती। शहरी जीवन की आपाधापी में बच्चे करियर, ट्रैफिक और प्रतिस्पर्धा में इतने उलझ गए हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की आंखों में उगते सन्नाटे दिखाई ही नहीं देते। यह अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद में बदलता है, फिर चुप्पी में, और अंततः कभी-कभी एक अनकहे अंत में। भारत जैसे देश में जहां 'मातृ-पितृ देवो भव' जैसी पंक्तियां संस्कृति का हिस्सा रही हैं, वहां रिटायरमेंट के बाद बुजुर्गों के जीवन की विडंबना और भी कटु हो जाती है। शहरों में बुजुर्गों के लिए न सार्वजनिक स्थल हैं, न सामुदायिक संवाद के मंच, और न ही कोई ऐसा तंत्र जो उन्हें जीवन के इस नए चरण में सक्रियता और सम्मान के साथ जीने का अवसर दे। उनकी सारी भूमिका केवल घर की रखवाली, दवाइयों की सूची और कभी-कभार बच्चों की देखभाल तक सीमित रह जाती है। धीरे-धीरे वे अपने ही घर में 'अतिरिक्त' महसूस करने लगते हैं। कुछ बुजुर्ग स्वयं वृद्धाश्रम की शरण लेते हैं, क्योंकि वहां कम से कम कोई उनकी बात तो सुनता है।



मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से यह एक गंभीर चुनौती है। बुजुर्गों में डिप्रेशन, चिंता, भूलने की बीमारी (**Dementia**), और नींद की समस्याएं आम होती जा रही हैं। खासकर रिटायरमेंट के बाद, जब उनका दिनचर्या, पहचान और सामाजिक भूमिका अचानक ख़त्म हो जाती है, तो वे स्वयं को व्यर्थ महसूस करने लगते हैं। यह स्थिति केवल भावनात्मक नहीं, शारीरिक रूप से भी उन्हें कमजोर बनाती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो बुजुर्ग सामाजिक रूप से कटे रहते हैं, उनमें बीमारियां अधिक होती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। इस अकेलेपन की रोकथाम के लिए सबसे पहले समाज को यह समझना होगा कि बुजुर्ग 'निष्क्रिय' नहीं होते उन्हें केवल एक नई भूमिका, एक नई पहचान की आवश्यकता होती है। रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी, अगर सही रूप से पुनर्गठित की जाए, तो यह 'आत्म-संवर्धन' और 'सामाजिक मार्गदर्शन' का काल बन सकती है। इसके लिए ज़रूरी है कि परिवार अपने बुजुर्गों को सिर्फ सहानुभूति से नहीं, बल्कि सहभागिता से देखें। उन्हें घर के निर्णयों में शामिल करें, उनके अनुभव को सम्मान दें, और उन्हें संवाद का अवसर दें।

समाज स्तर पर बुजुर्गों के लिए सामुदायिक केंद्रों का निर्माण होना चाहिए जहां वे अपनी रुचियों, जैसे संगीत, लेखन, बागवानी या योग के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ सकें। ऐसे समूह बुजुर्गों को उद्देश्य देते हैं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त करते हैं। कुछ स्थानों पर 'इंटरजनरेशनल संवाद' की पहल की जा रही है, जहाँ बुजुर्ग स्कूल या कॉलेज जाकर अपने अनुभव साझा करते हैं। यह मॉडल बच्चों और बुजुर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाता है। सरकार की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आज भारत में 'राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक नीति' (**National Policy for Senior Citizens**) है, लेकिन यह ज़मीनी स्तर पर बहुत सीमित प्रभाव छोड़ पाई है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक शहर में बुजुर्गों के लिए 'डे-केयर सेंटर्स', 'सामाजिक सहभागिता केंद्र' और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्रों की स्थापना करे। बुजुर्गों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, ट्रांसपोर्ट में रियायत जैसे उपाय तो ज़रूरी हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा ज़रूरी है। उन्हें फिर से 'समाज का हिस्सा' महसूस कराना। दूसरे देशों के अनुभव से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जापान में बुजुर्गों के लिए 'इकिगाई' की अवधारणा है, जिसमें उन्हें जीवन के किसी उद्देश्य से जोड़ा जाता है कृ चाहे वह सामुदायिक सेवा हो, बच्चों को नैतिक शिक्षा देना, या स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेना। स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में बुजुर्गों के लिए रिटायरमेंट के बाद 'सक्रिय नागरिकता' (**active citizenship**) कार्यक्रम चलते हैं, जिनमें वे सामुदायिक निर्णयों में भाग लेते हैं और स्थानीय सरकार के साथ सहयोग करते हैं। कनाडा में कई बुजुर्गों को पार्ट-टाइम वॉलंटियरिंग या प्रोफेशनल मेंटरशिप में शामिल किया जाता है। ये सारे मॉडल दिखाते हैं कि रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। बशर्ते समाज और सरकार दोनों इसकी ज़िम्मेदारी लें।

शायद अब समय आ गया है कि हम बुजुर्गों को किसी जिम्मेदारी से मुक्त व्यक्ति नहीं, बल्कि स्मृतियों और अनुभवों की जीवित पुस्तक मानें। जिसे पढ़ने, सुनने और समझने की आवश्यकता है। वे कोई बोझ नहीं हैं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव रखने वाले हाथ हैं। अगर हम उनकी ख़ामोशी को नहीं सुन पाए, उनके अकेलेपन को नहीं देख पाए, तो यह हमारी संवेदनशीलता की नहीं, हमारी सभ्यता की हार होगी। जिस समाज की नींव अपने बुजुर्गों को अकेला छोड़ने पर टिकी हो, वह कभी स्थिर नहीं रह सकता। इसलिए यदि हमें भविष्य सुरक्षित करना है, तो हमें अपने अतीत, अपने बुजुर्गों को अपनाना ही होगा। यह सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि उस मानवता की पहचान है, जिसके बिना कोई भी समाज समाज नहीं कहलाता।

# जीव विज्ञान का मॉडल जीवः हाइड्रा...

**डॉ. किशोर पंवार**

**हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है, हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है, इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनता है**

हमारे समाज में सेलिब्रिटी उस हस्ती या शख्स को कहा जाता है जो प्रतिष्ठित हो। जिसे अभिनय, राजनीति, फैशन, खेल या संगीत जैसे किसी क्षेत्र में विशेष रुतबा हासिल हो। इन ख्याति प्राप्त लोगों की एक ब्रांड वैल्यू होती है। सेलिब्रिटी के द्वारा विज्ञापित उपभोक्ता सामग्री लोग खरीदते हैं। वे क्या करते हैं? क्या पहनते हैं? उनके घर में कौन सा पंखा या वॉटर प्यूरीफायर है? इन सबकी देखा-देखी लोग शॉपिंग करते हैं, इनकी कहा-कही में आकर युवा अपनी ज़ुबां केसरिया करते हैं। लेकिन, यहां हम जिन सेलिब्रिटीज़ की बात करने जा रहे हैं वे इनसे बिलकुल अलग हैं। ये खुद अपना गुणगान नहीं करते, किंतु उन पर किए गए शोध कार्यों ने मानव स्वास्थ्य, आनुवंशिक बीमारियों और वृद्धावस्था पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है।

हमारे शरीर में जीन्स कैसे काम करते हैं, उनके होने या न होने से क्या फर्क पड़ता है? यह सब जानकारी हमें इन्हीं से पता चली है। दरअसल, कुछ ऐसे प्रयोग भी होते हैं जो नैतिक रूप से इंसानों पर नहीं किए जा सकते। और, हमारे शरीर की जटिलता, लंबा जीवनकाल, बहुत बड़ा जीनोम आदि के कारण ये प्रयोग मनुष्य पर करना संभव भी नहीं है। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण प्रयोग इन मॉडल जीवों पर किए जाते हैं। तो, मॉडल जीव उन्हें कहते हैं जिनका उपयोग आनुवंशिकी, विकास और अन्य जैविक प्रक्रियाओं को समझने के लिए किया जाता है। किसी भी जीव को मॉडल के रूप में चुनते समय शोधकर्ता उनकी स्थिरता, छोटा जीवन चक्र और जीनोम में संसाधनों की उपलब्धि जैसी बातों पर विचार करते हैं।

फलमक्खी (**Drosophila melanogaster**), गोलकृमि (**Caenorhabditis elegans**), घरेलू चूहा (**Mus musculus**), न्यूरोस्पोरा (**Neurospora**), एग्रोबैक्टीरियम टयूमिफेशियंस (**Agrobacterium tumefaciens**), एसिटेबुलरिया (**Acetabularia**), हाइड्रा (**hydra**), बेकर्स यीस्ट (**Saccharomyces cerevisiae**), माउस ईयर क्रेस (**Arabidopsis thaliana**) ऐसे ही कुछ मॉडल जीव हैं जिन पर पिछले कई वर्षों से अनुसंधान किया जा रहा है।

### हाइड्रा के बारे में...

जीव विज्ञान में हाइड्रा को अमर कहा गया है यानी जो कभी नहीं मरता। इसे हाइड्रा नाम प्रसिद्ध जीव विज्ञानी कार्ल लीनियस ने दिया था। दरअसल यह नाम ग्रीक मायथॉलॉजी में वर्णित एक सर्प के रूप और गुणों पर आधार पर दिया था जिसके नौ सिर थे और एक सिर काटने पर उसके स्थान पर फिर दो सिर उग जाते थे। अर्थात उसमें पुनर्जनन की गज़ब की क्षमता थी। ऐसी ही क्षमता हाइड्रा में भी है, इसके भी दो टुकड़े कर दो तो दोनों टुकड़ों से नए हाइड्रा बन जाते हैं।

हाइड्रा मीठे पानी का एक अकशेरुकी मांसाहारी जीव है। यह एक छोटे ताड़ के पेड़ की तरह दिखता है। पूरा शरीर बेलनाकार नलीलुमा होता है। इसमें एक आधार डिस्क (पैर) होती है, जिससे यह किसी आधार पर चिपका रहता है। डिस्क में ग्रंथि कोशिकाएं होती हैं जो चिपचिपा पदार्थ स्रावित करती हैं। नलीनुमा शरीर के स्वतंत्र सिरे पर एक छिद्र मुंह होता है जो मुंह और गुदा दोनों का काम करता है। यह 4 से लेकर 12 तक संवेदी टेंटेकल्स से घिरा रहता है।

हाइड्रा एक डिप्लोब्लास्टिक जीव है अर्थात इसका शरीर दो परतों से बना होता है। बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं, और अंदर की परत गैस्ट्रोडर्मिस कहलाती है, यह पेट की आंतरिक सतह होती है। हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से लेकर 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है। हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है। इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनती है। इसे वर्धी प्रजनन कहते हैं। अलबत्ता, कतिपय परिस्थितियों में हाइड्रा में लैंगिक प्रजनन भी होता है।

### हाइड्राः एक मॉडल जीव...

हाइड्रा के आणविक और कोशिकीय जीव विज्ञान पर कार्य करने वाली प्रोफेसर सेलिना जूलियानो का कहना है कि जहां तक हम जानते हैं यह जीव ना तो बूढ़ा होता है और ना ही मरता है। आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दीजिए और उन टुकडों से पूरा नया जीव बन जाता है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यदि हाइड्रा को एक-एक कोशिका में विभाजित कर दें, और उनको मिलाकर एक गेंद बना दें, तो फिर से एक नया हाइड्रा निकल आएगा। इसकी यही क्षमता उपचार और बुढ़ापे के अध्ययन के लिए इसे एक आदर्श मॉडल जीव बनाती है। पेड़-पौधों में तो ऐसा होता ही रहता है।

गुलाब की कलम से एक नया गुलाब का पौधा तैयार हो जाता है। हालांकि पेड़-पौधों में पाया जाने वाला पुनर्जनन का यह गुण हम मनुष्यों में नहीं पाया जाता। पर अगर आ जाए तो कितना बढ़िया होगा, कटे हुए हाथ की जगह नया हाथ, और दुर्घटना में खोई हुई टांग की जगह नई टांग! यह कोई खाम-ख्याली नहीं है। प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों ने लीवर के टुकड़े से पूरा लीवर फिर से बना लिया है, त्वचा को भी उगा लिया है। बस कुछ और काम बाकी हैं जो हाइड्रा पर अनुसंधान की मदद से और उसकी पुनर्जनन क्षमता की बेहतर समझ से जल्दी ही पूरे हो जाएंगे।

**स्रोत फीसर्च**

जूलियानो द्वारा हाइड्रा की प्रत्येक प्रकार की कोशिका में अभिव्यक्त जीन्स को सटीक रूप से पहचान लिया गया है, उनके कार्यों के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। आजकल इस जीन अभिव्यक्ति को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए औज़ार भी विकसित किए जा रहे हैं। बुढ़ाने पर काम करने वाले डेनियल मार्टीनेज़ ने 1998 में एक्सपेरिमेंटल जेरेन्टोलॉजी नामक एक शोध पत्रिका में दावा किया था कि हाइड्रा जैविक रूप से अमर है। हाइड्रा की स्टेम कोशिकाओं में अनिश्चितक. ाल तक स्व-नवीनीकरण की क्षमता होती है। और लगातार स्व-नवीनीकरण करने में प्रतिलेखन (**transcription**) कारक 'फोर्कहेड बॉक्स-ओ' यानी फॉक्स-ओ की भूमिका होती है। द्विपक्षीय सममिति (**bilateral symmetry**) वाले जीवों, जैसे फल मक्खियों और कृमि मॉडलों, में यदि इस प्रतिलेखन कारक को हटा दिया जाए तो उनका जीवनकाल काफी कम हो जाता है। हाइड्रा वल्गैरिस एक चक्रीय सममिति वाला जीव है। प्रयोग द्वारा देखा गया है कि जब फॉक्स-ओ के स्तर में कमी आती है तो हाइड्रा की कई प्रमुख विशेषताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन फिर भी उसकी मृत्यु नहीं होती।


# गुड फ्राइडे : प्रेम की सूली पर टिका युगों का उजाला

**गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है, यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास व बलिदान का स्मरण करने का दिन है**



**योगेश कुमार गोयल**

ईसा मसीह के उस महान बलिदान की याद में मनाया जाने वाला दिन है 'गुड फ्राइडे', जिसे ईसाई समुदाय श्रद्धा, शोक और आत्मचिंतन के रूप में मनाता है। यह दिन न केवल ईसा मसीह की सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को स्मरण करने का दिन है बल्कि प्रेम, क्षमा, दया, करुणा और मानवता के सर्वोच्च मूल्यों की पुनः स्थापना का अवसर भी है। गुड फ्राइडे का महत्व केवल एक ऐतिहासिक घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस सार्वभौमिक संदेश को भी प्रकट करता है, जो युगों-युगों तक मानव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, करीब दो हजार वर्ष पूर्व जब समाज में धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, अन्याय और अमानवीयता अपने चरम पर थी, तब ईसा मसीह एक ऐसे सुधारक के रूप में प्रकट हुए, जिन्होंने मानवता को सत्य, प्रेम, अहिंसा, दया और क्षमा का मार्ग दिखाया। वे लोगों को यह सिखाते थे कि ईश्वर का सच्चा उपासक वही है, जो दूसरों की सेवा करता है और दूसरों के प्रति प्रेम, दया और करुणा रखता है। ईसा मसीह का सम्पूर्ण जीवन परोपकार, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। गुड फ्राइडे उस ऐतिहासिक शुक्रवार का स्मरण है, जब धार्मिक कट्टरपंथियों की ईर्ष्या, भय और राजनीतिक साजिशों के चलते ईसा मसीह को यरूशलम में क्रॉस पर लटका दिया गया था। उस समय के धार्मिक नेताओं को ईसा मसीह के उपदेशों से यह भय सताने लगा था कि यदि लोग उनकी बातों पर विश्वास करने लगे तो उनका प्रभुत्व समाप्त हो जाएगा। ईसा मसीह के विचार समाज में व्यापक रूप से फैलने लगे थे। लोग उन्हें परमेश्वर का पुत्र मानने लगे थे और उनके पास अपनी पीड़ाओं का समाधान खोजने लगे थे। यह देखकर धार्मिक प्रतिष्ठान असुरक्षित महसूस करने लगे और अंततः षड्यंत्रपूर्वक उन्हें क्रॉस पर लटकाने का निर्णय लिया गया। ईसा मसीह का यह बलिदान केवल उनकी मृत्यु नहीं थी बल्कि एक ऐसा आदर्श बन गया, जो दर्शाता है कि सच्चाई, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को कितनी भी यातना दी जाए, वह अपनी ध्येयनिष्ठा से विचलित नहीं होता। ईसा मसीह ने सूली पर चढ़ते हुए भी अपने हत्यारों के लिए प्रार्थना की थी, 'हे परमपिता! इन्हें क्षमा करना, ये नहीं जानते ये क्या कर रहे हैं।' यह कथन आज भी क्षमा और करुणा की पराकाष्ठा का प्रतीक माना जाता है।



गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास और बलिदान को स्मरण करने का दिन होता है। इस दिन चर्चों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। पारंपरिक रूप से इस दिन चर्च की घंटियां नहीं बजाई जाती बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं, जो इस दिन की गंभीरता और शोक को व्यक्त करते हैं। लोग काले वस्त्र धारण कर ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करते हैं, चर्चों में जाकर क्रॉस को चूमते हैं और प्रभु ईशु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन कई स्थानों पर नाटय रूपांतरण के माध्यम से 'क्रूसीफिक्शन' यानी ईसा को क्रॉस पर चढ़ाने की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया जाता है। इससे लोगों को उस ऐतिहासिक घटना को समझने और महसूस करने का अवसर मिलता है। अनुयाई इस दिन अपने गुनाहों के लिए क्षमा मांगते हैं, संयम और आत्मनियंत्रण का पालन करते हैं तथा सांसारिक भोग-विलास से दूरी बनाते हैं।

कैथोलिक परंपरा के अनुसार, गुड फ्राइडे से 40 दिन पहले उपवास और प्रार्थना की अवधि आरंभ हो जाती है। यह अवधि 'लेन्ट' कहलाती है और इसकी शुरुआत 'राख बुधवार' से होती है। इस दिन से ईसाई अनुयायी संयम, उपवास, पश्चाताप और प्रार्थना में लीन हो जाते हैं। 'राख बुधवार' का महत्व इस बात से है कि इस दिन अनुयायी अपने माथे पर राख का चिह्न लगाते हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य नश्वर है और उसे अपने पापों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगनी चाहिए। यह उपवास काल ईसा मसीह के उन चालीस दिनों की याद दिलाता है, जब उन्होंने मानव सेवा आरंभ करने से पहले रेगिस्तान में एकांतवास किया और उपवास रखते हुए ईश्वर की आराधना की। गुड फ्राइडे के दिन चर्चों और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढक दिया जाता है। यह सादगी और शोक का प्रतीक है। यह दिन बाहरी चमक-धमक की जगह अंतर्मन की शुद्धता, संयम और आंतरिक प्रकाश को महत्व देने का दिन होता है। चर्चों में कोई विवाह समारोह, उत्सव या जश्न नहीं होता बल्कि यह दिन आत्मचिंतन और प्रभु ईशु के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। 'प्रेम ही ईश्वर है' ईसा मसीह के जीवन का संदेश था। उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़कर उसे एक सार्वभौमिक स्वरूप प्रदान किया। वे जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति को अपना भाई और बहन मानते थे। उन्होंने बताया कि ईश्वर की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठानों से नहीं बल्कि सेवा, दया, करुणा और परोपकार से होती है। उन्होंने जीवनभर पापियों, दरिद्रों, रोगियों और उपेक्षितों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ईसा मसीह का बलिदान मानवता के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कष्टों से भले ही गुजरे परंतु उसकी आत्मा सदा मुक्त और शांत रहती है। उनके अनुयायी उन्हें 'शांति-दूत', 'क्षमा-मूर्ति' और 'महात्मा' के रूप में पूजते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति जब दूसरों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है, तब वह स्वयं भी ईश्वर से एकाकार हो जाता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद रविवार को एक चमत्कारी घटना घटित हुई, जब ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए। इसे 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे पावन पर्व माना जाता है क्योंकि यह न केवल पुनरुत्थान का प्रतीक है बल्कि विजय का प्रतीक भी है, मृत्यु पर जीवन की, अंधकार पर प्रकाश की और पाप पर पुण्य की। कहा जाता है कि ईसा मसीह पुनरुत्थान के पश्चात 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों के बीच रहे। मरियम मदीलिनी नामक महिला को उन्हें सबसे पहले देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो ईस्टर की सुबह उन्हें देखने गई थी।

# घर पर 15 मिनट में बनाकर तैयार करें पेरी-पेरी सॉस

दक्षिण अफ्रीका में पेरी-पेरी सॉस बड़े चाव के साथ खाई जाती है। इसका स्वाद मसालेदार होता है, इस वजह से इसको पेरी-पेरी सॉस के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर चिकन, मांस और सब्जियों के साथ यह सॉस सर्व किया जाता है। इस सॉस की यह खासियत होती है कि इसका स्वाद तीखा और मसालेदार होता है। यह सॉस हर स्नैक्स को स्वादिष्ट बनाता है। पेरी-पेरी सॉस को बहुत ही खास तरीके से तैयार किया जाता है और इसमें पेरी-पेरी मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है।

पेरी-पेरी मिर्च के कारण इसका स्वाद काफी खास हो जाता है। लेकिन हर जगह यह मिर्च नहीं मिलती है। लेकिन इसको अलग-अलग तरीकों से तैयार किया जाता है। अगर आप भी पेरी-पेरी सॉस बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास पेरी-पेरी मिर्च हो। आप नॉर्मल मिर्च से भी यह सॉस बनाकर तैयार कर सकते हैं।

### सामग्री...

- पेरी पेरी मिर्च-1 कप
- लहसुन कलियां- आधा कप
- अदरक का पेस्ट- 1/4 कप
- टोमेटो सॉस- 2 बड़े चम्मच
- नींबू का रस- 1/4 कप
- चीनी- 1 बड़ा चम्मच
- जैतून का तेल- 1/4 कप
- काली मिर्च पाउडर-आधा छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडरः आधा छोटा चम्मच

### पेरी पेरी सॉस की विधि...

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें और फिर पेरी पेरी मिर्च या मिर्च को धोकर साफ कर लें। इनके बीज भी निकाल दें।

अब लहसुन की कलियों को छील लें और अदरक का पेस्ट बना लें। फिर एक ब्लेंडर में पेरी-पेरी मिर्च, लहसुन, जैतून का तेल, नींबू का रस, अदरक, नमक, चीनी, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर स्मूद सा पेस्ट बना लें।

इसके बाद एक पैन में सॉस को हल्की आंच पर गर्म करें और 5 से 7 मिनट तक पकाएं। इसको तब तक पकाएं जब तक कि यह सॉस गाढ़ा न हो जाए। अब सॉस को ठंडा करने के लिए एक ओर रख दें।

इस तरह से पेरी-पेरी सॉस बनकर तैयार हो जाएगा, जिसको आप स्नैक्स के साथ सर्व कर सकते हैं। वहीं अगर आप इसको तीखा रखना चाहते हैं, तो आप पेरी-पेरी मिर्च या लाल मिर्च पाउडर का अधिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

# खाली करना ही होगा पीओके



- पाक आर्मी चीफ के टू-नेशन थ्योरी वाले बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा-बांग्लादेश बनते ही यह थ्योरी फेल हुई
- जनरल मुनीर ने कश्मीर को पाक के गले की नस व टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि पीओ.के भारत का अभिन्न अंग है। इस पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके हर हाल में खाली करना पड़ेगा। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ के कश्मीर और टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उनके टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर जायसवाल ने कहा कि यह थ्योरी 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद ही खारिज हो चुकी थी। पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर ने बुधवार को कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओव.रसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंद.ओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। जनरल मुनीर ने कश्मीर को गले की नस बताया था। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है। जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान में बढ़ते अलगाववादी आंदोलनों और आतंकी गतिविधियों पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बीएलए को चेतावनी देते हुए कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का गौरव है। क्या आप इसे आसानी से छीन लेंगे? दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। इंशाअल्लाह, हम इन आतंकियों को जल्द ही कुचल देंगे। उन्होंने बलूचिस्तान में हाल के हमलों, जैसे मार्च 2025 में जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण का जिक्र किया और कहा कि 1500 आतंकी देश का भविष्य नहीं बदल सकते। अगर 13 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना पाकिस्तान को डरा नहीं सकी, तो आतंकी कैसे डरा सकते हैं। जनरल मुनीर ने आतंकवाद के कारण निवेश न आने की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि आतंकी देश का भाग्य छीन सकते हैं? जब तक पाक जनता सेना के साथ है, कोई भी चुनौती हमें नहीं रोक सकती। सवाल यह नहीं कि पाक कब तरक्की करेगा, सवाल यह है कि कितनी तेजी से करेगा।

## भारत-चीन से व्यापार बढ़ाना चाहता है ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने भारत, चीन और रूस जैसे देशों के व्यापार बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि ईरान को एशिया के आर्थिक केंद्र वाले देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने चाहिए और पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनिया के सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, जबकि चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों के लिए 90 दिन तक रोक दिया गया। ऐसे में दुनिया के ज्यादातर देश अमे.रिका पर निर्भरता कम करने के लिए रीजनल व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेहुल चोकसी को वापस लाने की कोशिश जारी



**भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है, पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है।**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि भारत सरकार भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की औपचारिक अपील पर शनिवार को चोकसी को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुता.बिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

## फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने हरमंदिर साहिब में टेका मत्था

**अमृतसर।** फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने गुरुवार को हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। दरबार साहिब के दर्शन करते समय राजदूत माथु ने गुरबाणी कीर्तन का श्रवण किया तथा गुरु रामदास जी के लंगर में भी गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर आकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिह राजदूत माथु को दरबार साहिब का स्वर्णिम मॉडल, लोई और धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

# ट्रम्प-मेलोनी की मुलाकात में टैरिफ समाधान की उम्मीद

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार वार्ताकारों को उम्मीद है कि इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेला.नी की वाशिंगटन यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनकी बैठक अमेरिकी टैरिफ मांगों पर मंजूरी मिल सकती है। द फाइनेंशियल टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा है कि ब्लॉक के वार्ताकारों ने कथित तौर पर शिकायत की है कि उन्हें अमे.रिकी मांगों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है और अब उन्हें उम्मीद है कि सु. मेलोनी की यात्रा से स्थित स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही नाटो में इटली के पूर्व राजदूत स्टेफानो स्टेफनिनी का मानना है कि इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को यूरोपीय संघ के मध्यस्थों पर इसका लाभ मिल सकता है क्योंकि वह निर्णायकों से बात कर रही हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनके मधुर संबंध हैं। चार यूरोपीय संघ देशों के अनाम राजनयिकों ने बताया कि पारस्परिक टैरिफ पर इटली के नरम रुख की कुछ सदस्य देशों द्वारा आला.चना की जाती है, लेकिन उन्होंने बताया कि ट्रम्प के साथ सु. मेलोनी के मधुर संबंध फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इतालवी प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से ब्रुसेल्स के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि वाशिंगटन भी ऐसा ही करता है तो वह औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटा लेगा, हालांकि वार्ता के बारे में जानकारी रखने वाले राजनयिकों ने कथित तौर पर कहा कि अमेरिका टैरिफ कम करने में रुचि नही रखता है और उसके घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ दर के बने रहने की संभावना है।

## अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि उनके देश से आयातित कुछ उत्पादों पर अमे.रिका द्वारा लगाया गया 245 प्रतिशत टैरिफ अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नही रह गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल बन चुकी है, जिससे आर्थिक रूप से अब कोई वास्तविक अंतर नही पड़ता, सिवाय इसके कि यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि कैसे अमेरिका दूसरों को मजबूर करने एवं धमकाने के लिए टैरिफ का उपयोग करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन इन युद्धों में शामिल नही होना चाहता।

## वार्ताकार गाजा के बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखें: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली वार्ताकारों को गाजा में अभी भी बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखने को आदेश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक संघर्ष विराम बहाल करने के प्रयास ठप लग रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि नेतन्याहू ने गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए कदम जारी रखने का आदेश दिया है। यह फैसला सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों के साथ बैठक के बाद लिया गया, जहां 59 बंधकों की स्थिति पर चर्चा हुई। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि इस बीच, मिस्र और कतर ने हमास को 10 बंधकों की रिहाई तथा अस्थाई युद्धविराम का नया प्रस्ताव दिया है, जिस पर हमास विचार कर रहा है।

# तकनीकी बारीकियों को परखने ब्राजील के खेतों में उतरे शिवराज



**वर्षा में उसमें जल इकट्ठा होता है और उस पानी को यहां स्प्रिंकलर जैसी जो रचना बनी है, उसमें देते हैं ताकि कम पानी में ज्यादा सिंचाई हो सके और पूरा कंट्रोल्ड सिस्टम है। जितना पौधे को न्यूट्रिएंट चाहिए और जितना पानी चाहिए, उतना ही पानी जाता है। शिवराज ने ब्राजील में मक्का के खेतों में पहुंचकर नरवाई निपटान तकनीक को समझा।**

**ब्रासीलिया/ नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिव.राज सिह चौहान गुरुवार को ब्राजील के खेतों में उतरे और टमाटर मक्का एवं सोयाबीन सहित कई फसलों को जांचा परखा तथा तकनीक के प्रयोग और प्रक्रिया के तरीकों को समझा।

चौहान ने ब्राजील के ब्रासीलिया में कृषि कार्यों को देखने के लिए खेतों में गए और खेती में प्रयोग की जा रही मशीनों तथा प्रक्रियाओं को देखा। चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए ब्राजील प्रवास पर हैं। केंद्रीय मंत्री ने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन संयंत्र और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य स्थानों का दौरा किया। उन्होंने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मशीनों और सिंचाई की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलो.कन किया। चौहान ने कहा कि भारतीय कृषि के और तेजी से विकास के लिए ब्राजील से प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर और मक्का के खेत पर भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां आकर मैं खेती देख रहा हूं और यहां से सीख भी रहा हूं और भारत में हम कैसे हम मिलकर इस दिशा में खेती को आगे ले जा सकते हैं, उत्पादन बढ़ाने के लिए भी, उस दिशा में भी प्रयत्न करेंगे। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए, चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास पर कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन बघने और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी ब्राजील के साथ मिलकर काम किया जा सकता है। ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत में सोया संयंत्र लगाने पर विचार किया जा सकता है। कपास के क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

# ताइवान ने चीन के 34 विमान, छह जहाज़ ढूंढे

**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 34 विमान और छह जहाजों का पता लगाया है। जिसमें से 22 विमानों ने ताइवान की सीमा में प्रवेश किया था। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह छह बजे (बुधवार को 22:00 जीएमटी) तक ताइवान के आसपास 34 पीएलए विमान, छह पीएलएएन जहाज और 2 आधिकारिक जहाजों का पता लगाया गया।ह मंत्रालय ने उल्लेख किया कि इनमें से 22 विमानों ने ताइवान जलडम मध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने स्थिति पर नज़र रखने के लिए विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं।

यह घटना चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हुई है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसे बलपूर्वक अपने अधीन करने की बात करता है। ताइवान स्वयं को स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र मानता है।

# गाजा पर बमबारी, 19 फलस्तीनी मरे

## गाजा के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाया

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इजरायली हमलों में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने सिन्हुआ से बुधवार को कहा कि गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित 10 लोग मारे गए। गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया क्षेत्र में इजरायली सेना ने तीन लोगों की हत्या कर दी और अन्य को घायल कर दिया। गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में इजरायली ड्रोन हमलों में कम से कम दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। बसल ने कहा कि एक इजरायली विमान ने नुसेरात के केंद्रीय शहर में विस्थापितों को भोजन वितरित करने वाले एक तंबू को निशाना बनाया, जिसमें एक फलस्तीनी मारा गया। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि बुधवार की सुबह से ही इजरायली तोपखाने की गोलाबारी गाजा शहर के पूर्वी इलाक.ों, बेत हनून और उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाकों पर जारी है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-वफा अस्पताल के पास तीन इजरायली मर्कवा 4 टैंकों को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने अभी तक हमलों पर कोई टिप्पणी नही की है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 18 मार्च से गाजा पट्टी में नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत हमास के राजनीतिक ब्यूरो के कुल 11 वरिष्ठ अधिकारी मारे गए हैं। इसने कहा कि अब तक नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत इजरायली वायुसेना के 350 लड़ाकू विमानों और विमानों द्वारा लगभग 1,200 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। 100 से अधिक लक्षित ठिकानों को नष्ट किया गया है और गाजा पट्टी में आतंकी संगठनों के सैकड़ों आतंकवादियों और सैन्य कमांडरों को मार गिराया गया है। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा किया कि पिछले 24 घंटों में गाजा में कम से कम 25 लोग मारे गए तथा 89 अन्य घायल हुए।

## आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद के लिए चीन का धन्यवाद: शहबाज

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन को अपना सबसे सच्चा मित्र बताते हुए कहा कि आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने में चीन की कूटनीतिक और वित्तीय सहायता बहुत महत्वपूर्ण थी। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को, आईएमएफ के कर्मचारियों ने पाकिस्तान के साथ 1.3 अरब डॉलर के नए समझौते पर पहुंचने के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे 37 महीने की बेलआउट कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर भी सहमति व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब हो चुकी है, उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट रहा है, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की कमी के कारण वह अक्सर आईएमएफ की ऋण मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाता है। चीन से समय पर मिले ऋण ने पाकिस्तान को आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेने में मदद की है। डॉन के अनुसार, पिछले महीने, चीन ने इस्लामाबाद को 2 अरब डॉलर के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि एक वर्ष बढ़ा दी, जिससे बहुत आवश्यक वित्तीय राहत मिली और पाकिस्तान के संकटग्रस्त कम विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने में मदद मिली। सरकार सितम्बर 2024 में सात अरब डॉलर के आईएमएफ बेलआउट को सुरक्षित करने के बाद अपने वित्त को मजबूत करने पर काम कर रही है।

# ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को नहीं माना जाएगा महिला




**ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण देने से इन्कार किया, कहा- महिला वही जो जन्म से फीमेल**

**लंदन।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलाजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हाज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है। 2018 में स्काटलैंड की सरकार ने एक कानून बनाया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी जरूरी थी। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं (जिनके पास जेंडर रिकग्निशन सर्टिफिकेट या जीआरसी है) को भी महिला माना गया। फार वुमन स्काटलैंड नाम के समूह ने इसका विरोध किया और कहा कि यह कानून महिला की परिभाषा को गलत तरीके से बदल रहा है। पांच जजों ने एकमत से कहा कि इक्विलिटी एक्ट में महिला और सेक्स का मतलब जन्म से महिला और प्राकृतिक सेक्स है। ट्रांसजेंडर महिलाएं, भले ही उनके पास जीआरसी हो, लेकिन कानूनी रूप से वे महिला की कैटगरी में नहीं आएंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया, तो कानून अव्यवहारिक हो जाएगा। ट्रांसजेंडर महिलाओं को अब महिलाओं के लिए बने टायलेट, चें.जंग रूम, अस्पताल वार्ड, जेल, या रेप काउंसलिंग सेंटर जैसी जगहों से बाहर रखा जा सकता है। पहले महिलाओं के टायलेट या चेंजिंग रूम का ट्रांसजेडर इस्तेमाल कर सकती थीं। अब उन्हें इसका इस्तेमाल करने के लिए जायज वजह देना होगा। ट्रांसजेंडर को महिलाओं के खेलों से बाहर किया जा सकता है। यह फैसला अमेरिका जैसे देशों में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर बहस को प्रभावित कर सकता है, जहां इसे उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108